९.	१४२०	९५०४९२	कु० पूनम मिश्रा	श्री पुष्कर मिश्रा	एम०एस-सी० गणित	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१०.	१४२१	९५०६७९	कु० वीनू चौहान	श्री ऋषिपाल सिंह	एम०एस-सी० गणित	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
११.	१४२२	९५०५८२	कु० विशाखा मेहता	श्री अशोक कुमार मेहता	एम०एस-सी० गणित	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१२.	१४२३	९५०३८४	कु० अन्शु गुप्ता	श्री ब्रजपाल गुप्ता	एम०एस-सी० गणित	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१३.	१४२४	९५०३८१	कु० नीतू वर्मा	श्री प्रेमचन्द वर्मा	एम०एस-सी० गणित	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१४.	१४२५	९५०३८३	कु० रीता त्यागी	श्री ईश्वर दयाल त्यागी	एम०एस-सी० गणित	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१५.	१४२६	९५०३८२	कु० शालिनी शर्मा	श्री ओमप्रकाश शर्मा	एम०एस-सी० गणित	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१६.	१४२७	९५०६६०	कु० गीता काम्बोज	श्री बलवीर सिंह काम्बोज	एम०एस-सी० गणित	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१७.	१४२८	९५०३८८	कु० नीतू काकरान	श्री राजपाल सिंह	एम०एस-सी० गणित	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१८.	१४२९	९५०३८७	कु० हरिन्दर कौर चावला	श्री एम०एम० सिंह चावला	एम०एस-सी० गणित	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार

क्रम	अनु०	पंजी० सं०	नाम छात्र/छात्रा	पिता का नाम	विषय	श्रेणी	संस्था का नाम
				व्यक्तिगत छात्र			
१९.	१४३०	९०००३१	संजय शर्मा	श्री निरंजन प्रसाद शर्मा	एम०एस-सी० गणित	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
				व्यक्तिगत छात्रायें			
२०.	१४३२	९५०४४५	श्रीमती नीरू सेठ	श्री फकीरचन्द गुलाटी	एम०एस-सी० गणित	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२१.	१४३३	९४०७०७	कु० रीनाक्षी	श्री एम०एल० बडोला	एम०एस-सी० गणित	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
				एम०एस-सी० रसायन शास्त्र			
१.	१४९१	९२०१८२	दुष्यन्त कुमार	श्री रुद्रमणि	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२.	१४९२	९२०१८६	गोविन्द सिंह रावत	श्री हीरा सिंह रावत	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
३.	१४९३	९५०३१०	हेमन्त बतरा	श्री दर्शन लाल बतरा	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
४.	१४९४	९२००४५	कमल किशोर	श्री जनेश्वर प्रसाद सिंघल	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
५.	१४९५	९५०३१२	पुषम कुमार	श्री मेहर सिंह	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
६.	१४९६	९५०३१३	राकेश कुमार	श्री सूरज सिंह	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
७.	१४९७	९५०३०८	संदीप कुमार गुप्ता	श्री एम०एल० गुप्ता	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
८.	१४९८	९२०२८२	सुनील नेगी	श्री विजय सिंह	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
९.	१४९९	९५०३०९	विपुल भारद्वाज	श्री आर०डी० भारद्वाज	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१०.	१५००	९५०३१५	योगेन्द्र सिंह	श्री जगपाल सिंह	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
११.	१५०१	९५०५१०	राघवेन्द्र प्रताप सिंह	श्री कमलेश कुमार चौहान	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१२.	१५०२	९५०५०९	पंकज कुमार	श्री राजेन्द्र सिंह	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार

क्रम	अनु०	पंजी० सं०	नाम छात्र/छात्रा	पिता का नाम	विषय	श्रेणी	संस्था का नाम
१३.	१५०३	९२००६१	शशांक पालीवाल	श्री शिव कुमार पालीवाल	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१४.	१५०४	९१०१५३	संजीव कुमार शाही	श्री श्याम विजय शाही	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१५.	१५०५	९२००७०	सन्दीप कुमार	श्री चन्द्र गोपाल वर्मा	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१६.	१५०६	९२०२८१	सुधीर कुमार	श्री भूपाल सिंह	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१७.	१५०७	९२०२०८	मनोज शर्मा	श्री के०सी० शर्मा	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१८.	१५०८	९५०३११	निशान्त मल्होत्रा	श्री अशोक मल्होत्रा	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१९.	१५०९	९५०५१५	इला शर्मा	श्री विवेकानन्द	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२०.	१५१०	९५०३३७	मनमीत कौर	श्री हरजीत सिंह	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२१.	१५११	९५०३३९	नीनू शर्मा	श्री आर.पी. शर्मा	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२२.	१५१२	९५०३४२	शालिनी कुलश्रेष्ठ	श्री चन्द्र प्रताप सिंह	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२३.	१५१३	९५०३४५	निहारिका त्यागी	श्री एस० सी० त्यागी	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२४.	१५१४	९५०३४४	एकता आहूजा	श्री रामप्रकाश आहूजा	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२५.	१५१५	९५०३५६	नीतू पंवार	श्री राजपाल सिंह पंवार	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२६.	१५१६	९५०३४३	पूजा लाटा	श्री जी०डी० लाटा	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२७.	१५१७	९५०३४०	वन्दना रोहेला	श्री राजेन्द्र कुमार	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२८.	१५१८	९५०५१४	शिवानी पुरी	श्री आर०सी० पुरी	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२९.	१५२०	९५०३४७	अंकिता त्यागी	श्री सुखचन्द त्यागी	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
३०.	१५२१	९५०३४१	डिम्पल	श्री रामानन्द	एम०एस-सी० रसायन	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार

एम०एस०सी० भौतिकी

क्रम	अनु०	पंजी० सं०	नाम छात्र/छात्रा	पिता का नाम	विषय	श्रेणी	संस्था का नाम
१.	१४५०	९२०३४७	अमित माथुर	श्री विपिन बिहारी माथुर	एम०एस-सी० भौतिकी	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२.	१४५१	९२०१५७	अनिल अवस्थी	बी०पी० अवस्थी	एम०एस-सी० भौतिकी	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार

क्रम	अनु0	पंजी0 सं0	नाम छात्र/छात्रा	पिता का नाम	विषय	श्रेणी	संस्था का नाम
३.	१४५२	९५०५११	राजेश कुमार	श्री जयराम	एम०एस-सी० भौतिकी	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
४.	१४५३	९२०२६५	संजीव कुमार	श्री ब्रिजेश कुमार शर्मा	एम०एस-सी० भौतिकी	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
५.	१४५४	९२०२६७	सतीश कुमार कश्यप	श्री श्याम सिंह	एम०एस-सी० भौतिकी	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
६.	१४५५	९२०६३४	सुभाष चन्द्र	श्री रामस्वरूप शर्मा	एम०एस-सी० भौतिकी	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
७.	१४५६	९२०३९६	सुबोध कुमार	श्री रमेश चन्द्र	एम०एस-सी० भौतिकी	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
८.	१४५७	९२०३९७	सुरेन्द्र सिंह चौहान	श्री के०एस० चौहान	एम०एस-सी० भौतिकी	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
९.	१४५८	९५०४८०	विनोद कुमार	श्री शम्भू सिह	एम०एस-सी० भौतिकी	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१०.	१४५९	९२०४१७	योगेश कुमार खण्डूजा	श्री राम गोपाल	एम०एस-सी० भौतिकी	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
११.	१४६०	९६०६६९	धर्मदेव शर्मा	श्री कमलदत्त शर्मा	एम०एस-सी० भौतिकी	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१२.	१४६१	९००१३९	हरेन्द्रनाथ यादव	श्री पी०डी० यादव	एम०एस-सी० भौतिकी	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार

एम0एस-सी0 द्वितीय खण्ड माईक्रो बायोलोजी

क्रम	अनु0	पंजी0 सं0	नाम छात्र/छात्रा	पिता का नाम	विषय	श्रेणी	संस्था का नाम
१.	१५९५	९२००२६	अश्वनी चौहान	श्री सत्यपाल सिंह चौहान	एम०एस-सी० माईक्रो-बायोलोजी	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२.	१५९७	९१०१८९	अमित कुमार सैनी	श्री सतीश चन्द	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
३.	१५९८	९२००३५	दर्पण शर्मा	श्री शिवनारायण शर्मा	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
४.	१५९९	९२००३७	धर्मदेव भारद्वाज	श्री राजाराम भारद्वाज	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
५.	१६००	९२००४०	गगन दीप क्वात्रा	श्री हरीश कुमार क्वात्रा	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
६.	१६०२	९२००२०	नितिन	श्री मूलचन्द गुप्ता	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
७.	१६०३	९२००६७	पुष्पेन्द्र कुमार	श्री राजेन्द्र कुमार	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
८.	१६०४	९५०३४९	रविन्द्र कान्त	श्री धूम सिंह	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार

क्रम	अनु०	पंजी० सं०	नाम छात्र/छात्रा	पिता का नाम	विषय	श्रेणी	संस्था का नाम
९.	१६०५	९५०३१९	रजनीश कुमार त्यागी	श्री आर०सी० त्यागी	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१०.	१६०६	९२००६९	संजीव कुमार	श्री रमेश लाल चुग	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
११.	१६०७	९२००७५	सुभाष चन्द	श्री हरमल सिंह	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१२.	१६०८	९२००५४	सुनील चतुर्वेदी	श्री हीरालाल चतुर्वेदी	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१३.	१६०९	९५०५०१	श्रेणिक कुमार जैन	श्री अमोलक चन्द जैन	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१४.	१६१०	९५०३१८	सुबोध त्यागी	श्री विजय सिंह त्यागी	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१५.	१६११	९५०४०५	उनेन्द्र कुमार	श्री राज कुमार	,,	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१६.	१६१२	९५०३३३	कु० रेनू गुप्ता	श्री ज्ञानचन्द गुप्ता	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१७.	१६१३	९५०३३४	कु० संगीता सैनी	श्री तेजपाल सिंह सैनी	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१८.	१६१४	९५०५१९	कु० पूनम गुप्ता	श्री दयाचन्द गुप्ता	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१९.	१६१५	९५०५१८	कु० अनामिका शर्मा	श्री राम शर्मा	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२०.	१६१६	९५०५८३	कु० नीलम	श्री वी०सी० वैश्य	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२१.	१६१७	९५०३३१	कु० शालिनी शर्मा	श्री वी०के० शर्मा	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२२.	१६१८	९५०५८४	कु० दीपिका यादव	श्री के०पी० सिंह यादव	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२३.	१६१९	९५०३३६	कु० सोनल गुप्ता	श्री जय प्रकाश गुप्ता	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२४.	१६२०	९५०५१६	कु० पारूल तोमर	श्री राजेन्द्रपाल सिंह	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२५.	१६२१	९५०३३२	पंकज पाठक	श्री मुनेश चन्द्र पाठक	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२६.	१६२२	९५०५१७	कु० अनिता विश्नोई	श्री पी०के० विश्नोई	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२७.	१६२३	९५०५२०	सीमा चौधरी	श्री बृजपाल सिंह	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२८.	१६२४	९५०३३०	राजेन्द्र जीत	श्री सुरेन्द्र सिंह	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२९.	१६२५	९५०३३५	शालिनी भाटिया	श्री गीता प्रकाश भाटिया	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
३०.	१५९६	९५०३४८	आकाश कुमार गोयल	श्री अशोक कुमार गोयल	,,	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार

क्रम	अनु०	पंजी० सं०	नाम छात्र छात्रा	पिता का नाम	विषय	श्रेणी	संस्था का नाम
३१.	१६०१	९२००४१	हिमांशु वशिष्ठ	श्री कृष्ण	..	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
३२.	१८८४	९.१०१८१	अजय कुमार	श्री ब्रह्मदत्त	..	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार

एम०एस-सी० द्वितीय खण्ड पर्यावरण

क्रम	अनु०	पंजी० सं०	नाम छात्र छात्रा	पिता का नाम	विषय	श्रेणी	संस्था का नाम
१.	१५४३	९२००२३	अजय कुमार चौहान	श्री हरपाल सिंह चौहान	एम०एस-सी० पर्यावरण विज्ञान	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२.	१५४४	९१०१९४	अजीत सिंह	श्री श्याम सिंह	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
३.	१५४५	९२००३६	धीरज कुमार शर्मा	श्री रमाकान्त शर्मा	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
४.	१५४६	९२००३४	धीरज सिंह राणा	श्री गुलाब सिंह राणा	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
५.	१५४७	९१०२३१	देवेन्द्र कुमार शर्मा	श्री भोजराज शर्मा	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
६.	१५४८	९५०३०६	प्रियांक	श्री वेदप्रकाश	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
७.	१५४९	९२०१२२	रोमेश कुमार शर्मा	श्री राम प्रताप शर्मा	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
८.	१५५०	९५०३०७	राजेन्द्र शर्मा	श्री चमन लाल शर्मा	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
९.	१५५१	९२००५६	संजीव कुमार शर्मा	श्री पवन कुमार शर्मा	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१०.	१५५२	९५०६५१	सुन्दर सिंह	श्री जालम सिंह तोमर	,,	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
११.	१५५३	९२००५३	सुधीर कुमार	श्री रतीराम	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१२.	१५५४	९२००७४	सुधीर कुमार	श्री हरपाल सिंह	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१३.	१५५५	९१०२४६	सुनील कुमार शर्मा	श्री निरंजन शर्मा	,,	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१४.	१५५६	९५०३२९	कु० धर्मलता	श्री उदयराज सिंह	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१५.	१५५७	९५०३२५	कु० निधि सक्सेना	श्री शरद कुमार	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१६.	१५५८	९५०३२३	कु० पल्लवी रानी भारती	श्री जगदेव सिंह रावत	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार

क्रम	अनु०	पंजी० सं०	नाम छात्र/छात्रा	पिता का नाम	विषय	श्रेणी	संस्था का नाम
१७.	१५५९	९५०३२२	कु० अंकिता रस्तौगी	श्री अनिल कुमार रस्तौगी	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१८.	१५६०	९५०३२४	कु० नीलम शर्मा	श्री शरद चन्द्र शर्मा	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१९.	१५६१	९५०३२८	कु० अलका शर्मा	श्री भूदत्त शर्मा	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२०.	१५६२	९५०३२७	कु० बरखा	श्री योगेन्द्र अग्रवाल	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२१.	१५६३	९५०५३६	कु० पूनम अरोरा	श्री एम० सी० अरोरा	,,	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२२.	१५६४	९५०३२६	कु० संगीता अरोरा	श्री उदयभान अरोरा	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२३.	१५६५	९५०५२१	कु० लरिशा त्यागी	श्री के०वी०एस० त्यागी	,,	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१.	२३६१	९४०६८१	कु० तरूणा वोहरा	श्री रणवीर चन्द्र वोहरा	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२.	२३६२	९४०५१६	कु० प्रीति श्रीवास्तव	श्री प्रतापभान श्रीवास्तव	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
३.	२३६३	९४०७६०	कु० पारूल गुप्ता	श्री सन्तोष कुमार गुप्ता	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
४.	२३६४	९४०४१२	कु० श्रद्धा गुप्ता	श्री सर्वेश गुप्ता	एम०सी-ए०	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
५.	२३९६	९४०५११	कु० अंजली गुप्ता	श्री रमेशचन्द गुप्ता	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
६.	२३९७	९४०४१६	कु० अनुपम भूटानी	श्री एम०एल० भूटानी	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
७.	२३९८	९४०६५८	कु० अनामिका गौतम	श्री राम कुमार शर्मा	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
८.	२३९९	९४०४११	कु० जया अरोरा	श्री राधेश्याम अरोरा	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
९.	२४००	९४०४१४	कु० निष्मा जैन	श्री सतीश चन्द जैन	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१०.	२४०१	९४०५४६	कु० निष्ठा	श्री पी०सी० अग्रवाल	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
११.	२४०२	९४०४१३	कु० रूचि शर्मा	श्री शिव कुमार शर्मा	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार

क्रम	अनु०	पंजी० सं०	नाम छात्र/छात्रा	पिता का नाम	विषय	श्रेणी	संस्था का नाम
१२.	२४०३	९४०५४७	कु० राधिका गोयल	श्री शिव कुमार गोयल	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१३.	२४०४	९४०६५९	कु० सोनिया खुराना	श्री जी०डी० खुराना	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१४.	२४०५	९४०५४५	कु० शिल्पा गर्ग	श्री सुरेश चन्द गर्ग	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१५.	२४०६	९४०४१०	कु० श्रद्धा आर्य	श्री राम प्रसाद	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१६.	२४०९	९४०५१५	कु० शालिमा आहुजा	श्री किशोरी लाल आहुजा	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१७.	२४१०	९४०४१५	कु० श्वेता जैन	श्री चन्द जैन	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१८.	२६५०	९३०५९२	मनीषा विश्नोई	श्री महेन्द्र सिंह विश्नोई	एम०सी-ए०	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
१९.	२३६५	९१०१३२	अंकुश कुमार गुप्ता	श्री इन्द्र सेन गुप्ता	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२०.	२३६६	९४०४५३	अनुज कुमार	श्री सूरज प्रकाश वैश्य	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२१.	२३६७	९४०४५१	अनुज निझावन	श्री सुशील कुमार निझावन	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२२.	२३६८	९४०४५०	आशीष कुमार माथुर	श्री शिवचन्द्र माथुर	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२३.	२३६९	९४०४५४	अतुल जैन	श्री रमेश चन्द जैन	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२४.	२३७०	९४०४४८	भूपेन्द्र सिंह चौहान	श्री बृजपाल सिंह	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२५.	२३७१	९४०४४७	चन्दन सिंह	श्री अरूण कुमार सिंह	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२६.	२३७२	९४०४४५	दीपक कुमार	श्री महेश चन्द्र गुप्ता	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२७.	२३७३	९४०४४६	ज्ञान प्रकाश गुप्ता	श्री गुलाब चन्द गुप्ता	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२८.	२३७४	९४०४४४	कपिल गर्ग	श्री नरेश गर्ग	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
२९.	२३७५	९४०४७५	मगन पाल सिंह	श्री ओमप्रकाश	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
३०.	२३७६	९४०४५६	मन्दीप मेहता	श्री भूपेन्द्र कुमार मेहता	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
३१.	२३७७	९४०४५५	मंदीप सिंह सांगा	श्री जसमिन्दर सिंह	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
३२.	२३७८	९४०४७८	मुनीष शर्मा	श्री के०एन० शर्मा	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
३३.	२३७९	९४०४५७	पंकज गोयल	श्री राजकुमार गोयल	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार

क्रम	अनु0	पंजी0 सं0	नाम छात्र/ छात्रा	पिता का नाम	विषय	श्रेणी	संस्था का नाम
३४.	२३८०	९४०४५८	पंकज सेठी	श्री गोपीचन्द सेठी	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
३५.	२३८१	९४०४९२	पियूष मित्तल	श्री प्रमोद कुमार मित्तल	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
३६.	२३८२	९४०४५९	प्रवीण कुमार अरोड़ा	श्री जगन्नाथ अरोरा	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
३७.	२३८४	९४०४४४	सन्दीप कुमार	श्री जुगमिन्दर दास	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
३८.	२३८५	९१०२०४	शैलेन्द्र जोशी	श्री रमेशचन्द्र शर्मा	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
३९.	२३८६	९४०४६४	शरद गुप्ता	श्री वी०के० गुप्ता	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
४०.	२३८७	९४०४६५	सुधांशु गोयल	श्री सतीश चन्द्र गोयल	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
४१.	२३८८	९४०४७७	सुरेश जग्गी	श्री ओमप्रकाश जग्गी	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
४२.	२३८९	९४०४२३	वीरसेन दीक्षित	श्री त्रिभुवन दीक्षित	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
४३.	२६८७	९१०२१३	विमलेश कुमार देव पाण्डेय	श्री भगवान देव पाण्डेय	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
४४.	२३९१	९४०४६०	विपिन कुमार	श्री जयभगवान गुप्ता	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
४५.	२३९२	९४०४६३	विपुल जैन	श्री सत्येन्द्र कुमार जैन	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
४६.	२३९३	९१०२६४	विशाल गुप्ता	श्री युद्धवीर आर्य	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
४७.	२३९४	९४०४६२	विनित गुलाटी	श्री आर०सी० गुलाटी	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
४८.	२८०९	९३०४४४	सन्दीप बधानी	श्री गिरिराज बधानी	एम०सी-ए०	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
४९.	२४०७	९४०४५२	अनूप कुमार रावत	श्री दरवान सिंह रावत	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
५०.	२४०८	९४०४४९	अरशी कमाल फारूकी	श्री मुबीन-उल-हक फारूकी	एम०सी-ए०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार
५१.	२७४१	९३०५७४	नवीन कुमार सिंह	श्री विशम्भर सिंह	एम०सी-ए०	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०, हरिद्वार

पी0एम0आई0आर0 के छात्रों की सूची

क्रम	अनु0	पंजी0 सं0	नाम छात्र/छात्रा	पिता का नाम	विषय	श्रेणी	संस्था का नाम
१.	१६५८	९१०२१९	अनुज कुमार गुप्ता	श्री ओम प्रकाश गुप्ता	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
२	१६५९	९५०४६८	अजय सिंह चौहान	श्री हरिराज सिंह चौहान	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
३.	१६६०	९५०४७२	अजय सिंह	श्री डालचन्द सिंह	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
४.	१६६१	९२०१५८	अनिल चन्द्र शर्मा	श्री गोविन्द प्रसाद	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
५.	१६६२	९५०४७८	अजय कुमार सिंह	श्री लक्ष्मण सिंह	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
६.	१६६३	९२०१५६	अनन्त कुमार	श्री राधेश्याम	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
७.	१६६४	९५०४७७	अजय कुमार	श्री इकबाल सिंह	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
८.	१६६५	९५०४७४	अमित कुमार	श्री बिमलेश कुमार	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
९.	१६६६	९२०३४४	आलोक अग्रवाल	श्री कृष्णअवतार अग्रवाल	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
१०.	१६६८	९५०५०२	धीरज कुमार त्यागी	श्री रामेश्वर दयाल त्यागी	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
११.	१६६९	९५०६९३	धीरेन्द्र कुमार	श्री अमर सिंह	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
१२.	१६७१	९५०४५७	हरिस्वरूप श्रीवास्तव	श्री एन०पी० श्रीवास्तव	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
१३.	१६७२	९५०४६७	हरीश छतवानी	श्री पारसराम छतवानी	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
१४.	१६७३	९५०४५८	मनोज कुमार कौशिक	श्री श्याम सुन्दर कौशिक	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
१५.	१६७४	९५०५८८	नरेन्द्र सिंह	श्री कनक सिंह	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
१६.	१६७५	९५०४७१	नीरज कुमार अग्निहोत्री	श्री उमाशंकर अग्निहोत्री	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
१७.	१६७६	९२०२३९	पुनीत अग्रवाल	श्री हरिराम अग्रवाल	पी०एम०आई०आर	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
१८.	१६७७	९५०५०४	संजय यादव	श्री इन्द्रपाल यादव	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
१९.	१६७८	९५०४७५	श्यामल कुमार दत्ता	श्री असीम कुमार दत्ता	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०

क्रम	अनु०	पंजी० सं०	नाम छात्र/छात्रा	पिता का नाम	विषय	श्रेणी	संस्था का नाम
२०.	१६८०	९५०४५९	योगेश पुण्डीर	श्री एम०एस० पुण्डीर	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
२१.	१६८१	९५०४६४	विकास वैद	श्री कृष्ण कुमार वैद	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
२२.	१६८२	८९००७३	विनीत सचदेवा	श्री तीर्थदास सचदेवा	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
२३.	१६८३	९२०४२४	बिजेन्द्र कुमार यादव	श्री ओ०पी० यादव	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
२४.	१६८४	९५०४६६	संजीव कुमार	श्री राम अवतार यादव	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
२५.	१६८५	९५०५०३	संजीव कुमार चौहान	श्री नरेन्द्र सिंह चौहान	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
२६.	१६८६	९२०१२१	शैलेन्द्र भारती	श्री जी०डी० भारती	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
२७.	१६८७	९५०४७०	पुनीत शर्मा	श्री सुरेन्द्र नाथ शर्मा	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
२८.	१६८८	९२०२६८	सौरभ त्यागी	श्री रामगोपाल त्यागी	पी०एम०आई०आर०	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०
२९.	१६८९	९५०७४२	विपिन कुमार	श्री राजेन्द्र सिंह	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
३०.	१६९०	९१००११	श्रवण सिंह रावत	श्री के०एस० रावत	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
३१.	१६९१	९४०६९३	रजत गर्ग	श्री जगमोहन दास	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
३२.	१६९२	९४०६७६	मांगेराम	श्री रामदिया	पी०एम०आई०आर०	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०
३३.	१६९४	९४०६९५	मुकेश कुमार गर्ग	श्री जय प्रकाश गर्ग	पी०एम०आई०आर०	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०
३४.	१६९५	८९००६६	आशीष कुमार जैन	श्री ए०के० जैन	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
३५.	१६९६	९१०१५४	विनय कुमार चतुर्वेदी	श्री विष्णुदत्त चतुर्वेदी	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
३६.	१६९७	९०००८०	धीरेन्द्र चौहान	श्री महेन्द्र सिंह चौहान	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
३७.	१६९८	९४०७२६	शत्रुघन झा	श्री उपेन्द्र कुमार	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
३८.	२२२५	९४०६८४	अनमोल गैरोला	श्री उमाकान्त गैरोला	पी०एम०आई०आर०	प्रथम	गु०कां०वि०वि०
३९.	२२२६	९१०१०४	अर्जुन सिंह	श्री देवेन्द्र सिंह	पी०एम०आई०आर०	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०
४०.	२२२७	९४०६८७	आलोक कुमार	श्री यशवन्त सिंह	पी०एम०आई०आर०	द्वितीय	गु०कां०वि०वि०

ओ३म्

वार्षिक विवरण

1998 – 99

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

विश्वविद्यालय के वर्तमान अधिकारी

कुलाधिपति	श्री सूर्यदेव
कुलपति	डॉ0 धर्मपाल
आचार्य (उपकुलपति)	प्रो. वेद प्रकाश शास्त्री
कोषाध्यक्ष	श्री हरवंश लाल शर्मा
कुलसचिव	प्रो. श्याम नारायण सिंह
वित्ताधिकारी	श्री जय सिंह गुप्ता
पुस्तकालयाध्यक्ष	डॉ0 जगदीश प्रसाद विद्यालंकार
प्रिंसिपल/आचार्य, वेद एवं कला महाविद्यालय	प्रो. वेद प्रकाश शास्त्री
अध्यक्ष, प्राच्य विद्या संकाय	प्रो. जयदेव वेदालंकार
अध्यक्ष, मानविकी संकाय	प्रो. वेद प्रकाश शास्त्री
अध्यक्ष, प्रबंधन संकाय	श्री सतीश चन्द्र धमीजा
प्रिंसिपल, विज्ञान महाविद्यालय	प्रो. एस.एल. सिंह
अध्यक्ष, विज्ञान संकाय	प्रो. एस.एल. सिंह
अध्यक्ष, जीव विज्ञान संकाय	प्रो. डी.के. माहेश्वरी
अध्यक्ष, प्रौद्योगिकी संकाय	प्रो. विनोद शर्मा
प्राचार्या, कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, देहरादून	डा0 सूनृता विद्यालंकार
प्रभारी, कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, हरिद्वार	डा0 सूनृता विद्यालंकार

सम्पादक मण्डल

- डॉ0 श्यामनारायण सिंह, कुलसचिव
- श्री जयसिंह गुप्ता, वित्ताधिकारी
- डॉ0 विष्णु दत्त राकेश, प्रोफेसर हिन्दी विभाग
- डॉ0 प्रदीप कुमार जोशी, प्रभारी, जनसम्पर्क अधिकारी

विषय–सूची

आमुख

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के ९९ वर्ष पूरे कर रहा है। भारत में पुनर्जागरण और निर्माण की मशाल जलाने वाले स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज ने पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली के समानान्तर भारतीय जीवन मूल्यों और आदर्शों पर आधारित भारतीय शिक्षा प्रणाली का प्रवर्त्तन गुरुकुल शिक्षा पद्धति के रूप में किया। प्राचीन भारतीय विद्याओं और आधुनिक ज्ञान-विज्ञान का हिन्दी माध्यम से उच्चतर अध्ययन और अध्यापन अनुसन्धान कराने वाली यह प्रथम राष्ट्रीय शिक्षा संस्था है, जिसकी प्रशंसा महात्मा गाँधी, दीनबन्धु सी.एफ. एन्ड्रूज, पण्डित मदनमोहन मालवीय, मान्य गोखले, महाकवि रवीन्द्रनाथ टैगोर, आचार्य नरेन्द्र देव, पं० जवाहरलाल नेहरू, डॉ० राजेन्द्रप्रसाद तथा श्रीमती इन्दिरा गाँधी जैसे लोकनायक मनीषियों ने की है। विश्वविद्यालय का स्तर प्राप्त करने के बाद विज्ञान, वैदिक ज्ञान, प्राच्य विद्या और मानविकी के क्षेत्र में इस विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहण किया है।

विश्वविद्यालय में कुलपति जी के आमन्त्रण पर इस वर्ष संस्कृत विभाग में काशी विद्यापीठ के प्रोफेसर डा० अमरनाथ पाण्डेय विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में आए तथा अपना विशिष्ट व्याख्यान दिया।

इस वर्ष के दीक्षान्तोत्सव पर विश्वविद्यालय में माननीय श्री सोमपाल शास्त्री, चमोली (उ०प्र०) में हुई भुकम्प दुर्घटना के कारण नहीं आ पाए। उनका दीक्षान्त संदेश पढ़कर सुनाया गया।

विश्वविद्यालय के प्रौढ़ शिक्षा विभाग ने अपने प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत समीपस्थ ग्रामों में शिक्षा, घरेलू उपकरणों के प्रयोग, जनसंख्या पर रोक तथा स्वरोजगारों की सूचना आदि कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया।

विश्वविद्यालय के अनेक विद्वान प्राध्यापक विदेशों में विशिष्ट व्याख्यानों के लिये आमन्त्रित किये गये।

विश्वविद्यालय के आचार्यो ने लेखन-प्रकाशन तथा विभिन्न विश्वविद्यालयों में आयोजित संगोष्ठियों, सम्मेलनों, पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों तथा शोध समितियों में भाग लेकर अपने पद की गौरववृद्धि की। कुछ शिक्षकों को प्रोन्नति मिली। मैं सभी को बधाई देता हूँ। विभागों के प्रगति विवरण में अलग-अलग इन विद्वानों के निजी क्रिया-कलापों का विस्तृत ब्यौरा उपलब्ध है।

इस वर्ष श्री गिरीश सुन्दरियाल, नि०स० कुलपति २३ नवम्बर से २७ नवम्बर

१९९८ तक कोडाई कानाल (तमिलनाडू) में थर्ड वर्ल्ड डेवलपमेन्ट सेन्टर द्वारा नि० सहायक / निजी सचिव तथा सचिवों के लिए आयोजित "शैडो मैनेजर्स" नामक वर्कशाप में सम्मिलित हुए।

इस वर्कशाप में विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा कम्पनियों के कई प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। इस वर्कशाप का मुख्य विषय था २१वीं शताब्दी में भारत की कार्यालयीय पद्धति को उस स्तर पर कैसे पहुँचाया जाए जहाँ पर हम विश्व के अन्य देशों के समकक्ष खड़े हो सकें।

अन्त में, मैं केन्द्रीय सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, दिल्ली, हरियाणा एवं पंजाब आर्य प्रतिनिधि सभाओं के अधिकारियों, शिक्षा पटल, कार्य परिषद् तथा शिष्ट परिषद् के माननीय सदस्यों एवं स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों का अत्यन्त कृतज्ञ हूँ जिनके सहयोग से विश्वविद्यालय का कार्य सुचारू रूप से चलता रहा है और हम निरन्तर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं।

प्रो० श्यामनारायण सिंह
कुलसचिव

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय का संक्षिप्त इतिहास

बीसवीं सदी के प्रारम्भ में स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज ने पुण्यसलिला गंगा के पावन तट पर कांगड़ी नामक ग्राम में ४ मार्च १९०२ को राष्ट्र निर्माण की एक ऐसी सुदृढ़ आधारशिला रखी थी, जो गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति के भव्य प्रासाद का प्रथम सोपान बनी। कौन जानता था कि देश के स्वर्णिम भविष्य का स्वप्न लिए हुए एक कर्मयोगी द्वारा जो नन्हा-सा पौधा गुरुकुल के रूप में लगाया जा रहा है वह वटवृक्ष का रूप धारण कर सम्पूर्ण समाज को छाया प्रदान करेगा और जिसके मीठे, रसीले फलों का आस्वादन कर देशवासी कृतकृत्य होंगे।

पराधीनता के कालखण्डों में लार्ड मैकाले द्वारा भारत में चलाई गई शिक्षा पद्धति राष्ट्र के स्वाभिमान और गौरव को नष्ट कर रही थी। देशभक्त, चरित्रवान, विद्वान युवकों के स्थान पर केवल बाबू बनाने का अंग्रेजों का षडयन्त्र अपना प्रभाव दिखाने लगा था, ऐसे समय में महान शिक्षा शास्त्री स्वामी श्रद्धानन्द ने प्राचीन और अर्वाचीन विषयों की शिक्षा के साथ-साथ ब्रह्मचारियों में चरित्रबल और राष्ट्र प्रेम की भावना प्रसारित करने के लिए इस पवित्र संस्था का शुभारम्भ किया था। स्वामी जी के मन में इस प्रकार के उत्कृष्ट भाव को उत्पन्न करने में महर्षि दयानन्द सरस्वती के शिक्षा विषयक वैदिक विचार मूल मंत्र के रूप में कार्य कर रहे थे। स्वामी श्रद्धानन्द पुन: इस देश में ब्रह्मचर्य पर आधारित गुरु शिष्य परम्परा को पुनर्जीवित करना चाहते थे।

गुरुकुल की स्थापना के कुछ वर्ष बाद महाविद्यालय विभाग प्रारम्भ हुआ जिसमें सभी विषय मातृभाषा हिन्दी के माध्यम से पढ़ाये जाते थे। यहां तक कि विज्ञान के विषय भी हिन्दी में पढ़ाये जाने लगे। इस संस्था में कार्यरत् सुयोग्य उपाध्यायों ने रसायन, भौतिकी, वनस्पति शास्त्र, अर्थशास्त्र आदि विषयों पर हिन्दी भाषा में उत्तमोत्तम पाठ्य पुस्तकों की रचना की।

प्रथम दीक्षान्त समारोह में ब्रह्मचारी हरिशचन्द्र एवं इन्द्र (दोनों स्वामी श्रद्धानन्द जी के सुपुत्र) शिक्षा पूर्ण कर स्नातक हुए थे। यह गुरुकुल अपने शैशवकाल से ही देश का आकर्षण केन्द्र बना रहा। इसकी लोकप्रियता निरन्तर बढ़ती रही। देश विदेश के शीर्षस्थ शिक्षा शास्त्री, राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी, स्वातन्त्र्य योद्धा देशभक्त यहां बड़ी श्रद्धा भावना से आते रहे। विदेशी आगन्तुकों में सी.एफ. एण्ड्रूज ब्रिटिश ट्रेड यूनियन के नेता श्रीयुत् सिडनी वेव और ब्रिटेन के भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री रेज्मे मेक्डानेल्ड आदि उल्लेखनीय हैं।

ब्रिटिश सरकार पहले गुरुकुल को राजद्रोही संस्था मानती थी। जब संयुक्त प्रान्त के गवर्नर सर जेम्स मेस्टन ने गुरुकुल को अपनी आंखों से देखा, तब उनका यह भ्रम दूर हुआ। वे गुरुकुल में चार बार पधारे। भारत के वायसराय लार्ड चैम्सफोर्ड भी गुरुकुल पधारे। यह गुरुकुल कभी राजद्रोही न था, किन्तु जब कभी धर्म जाति व देश के लिए सेवा की, त्याग

की एवं समर्पण की आवश्यकता हुई, तब गुरुकुल सब से आगे रहा। १९०० के व्यापक दुर्भिक्ष, १९०८ के दक्षिण हैदराबाद जल-विप्लव, १९११ के गुजरात के दुर्भिक्ष और दक्षिण अफ्रीका में महात्मा गांधी द्वारा प्रारम्भ किए गये सत्याग्रह संग्राम में गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने मजदूरी करके और अपने भोजन में कमी करके दान दिया। इस भावना को देखकर महात्मा गाँधी तीन बार गुरुकुल पधारे। गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने हैदराबाद सत्याग्रह और हिन्दी आन्दोलन में भी सक्रिय भाग लिया और जेल भी गये।

इस गुरुकुल से प्रेरणा पाकर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान आदि राज्यों में अनेक गुरुकुलों की स्थापना हुई।

सन् १९२४ में गंगा में भीषण बाढ़ आई और गुरुकुल के बहुत से भवन नष्ट हो गये। अत: निश्चय किया गया कि गुरुकुल ऐसे स्थान पर स्थापित किया जाये जहां इस प्रकार का पुन: भय न हो। इसके लिए हरिद्वार से ५ किलोमीटर की दूरी पर ज्वालापुर के समीप, गंगनहर के किनारे हरिद्वार बाईपास मार्ग पर वर्तमान स्थान का चयन किया गया।

सन् १९२६ में रजत जयन्ती समारोह में भारत के विभिन्न राज्यों से लगभग पचास हजार अतिथि पधारे। इनमें महात्मा गांधी, पंडित मदनमोहन मालवीय, बाबू राजेन्द्र प्रसाद, सेठ जमनालाल बजाज, डॉ० मुंजे, साधु वासवानी आदि उल्लेखनीय हैं।

१९३०-३२ में आचार्य रामदेव जी, जो उस समय गुरुकुल के मुख्याधिष्ठाता थे, ने अपने प्रयासों से नैरोबी से १० लाख रुपये लाकर गुरुकुल की वर्तमान स्वरूप में पुन: स्थापना की।

अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द जी के बाद पं० विश्वम्भर नाथ जी, आचार्य रामदेव जी, पं० चमूपति जी, पं० सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार, पं० इन्द्र विद्यावाचस्पति आदि मुख्याधिष्ठाता के रूप में गुरुकुल का संचालन करते रहे।

मार्च १९५० में गुरुकुल का स्वर्ण जयन्ती महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। दीक्षान्त भाषण भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ने दिया। भारत सरकार की ओर से राष्ट्रपति जी ने एक लाख रुपये का दान दिया। यह प्रथम अवसर था जब गुरुकुल ने सरकार से अनुदान लिया।

१ अगस्त १९५८ को पं० जवाहर लाल नेहरू गुरुकुल में पधारे। उन्होंने विज्ञान महाविद्यालय का उद्‌घाटन किया। १९६० में विश्वविद्यालय की हीरक जयन्ती मनाई गई। २० वर्ष से भी अधिक समय तक कुलपति एवं मुख्याधिष्ठाता रहने के पश्चात् पं० इन्द्र जी को गुरुकुल से विदा हुए। उनके पश्चात् पं० सत्यव्रत जी सिद्धांतालंकार गुरुकुल के कुलपति एवं मुख्याधिष्ठाता बनें। इन्हीं के समय १९६२ में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय को भारत सरकार से विश्वविद्यालय के समकक्ष होने की मान्यता मिली। गुरुकुल ने एक नये जीवन में पदार्पण किया। आचार्य प्रियव्रत जी, श्री रघुवीर सिंह शास्त्री, डॉ० सत्यकेतु विद्यालंकार, श्री बलभद्र कुमार हूजा, श्री आर०सी० शर्मा, श्री सुभाष विद्यालंकार आदि शिक्षा शास्त्री क्रमश: कुलपति पद पर शोभायमान होकर इस विश्वविद्यालय का विकास करते रहे।

प्रो० शेर सिंह — परिद्रष्टा

गुरुकुल को स्थापित हुए ९८ वर्ष हो गए हैं। १ जुलाई १९९३ से डॉ० धर्मपाल जी कुलपति एवं मुख्याधिष्ठाता के रूप में विश्वविद्यालय के बहुआयामी विकास में अहर्निश संलग्न हैं। इन छः वर्षों में भवनों के निर्माण को देखकर आश्चर्य होता है। हरिद्वार-रुड़की बाईपास मार्ग पर कन्या गुरुकुल महाविद्यालय का भव्य भवन माननीय कुलपति जी की भावनाओं का ज्वलन्त प्रतीक हैं छः वर्ष की अवधि में एक ओर भवन निर्माण का कीर्तिमान बना तो दूसरी ओर नए-नए आधुनिक पाठ्यक्रमों के साथ नारी शिक्षा के क्षेत्र में उच्चतम शिक्षा के द्वार भी खुले। वैदिक साहित्य, दर्शन, संस्कृत साहित्य, योग, प्राचीन भारतीय इतिहास, हिन्दी, अंग्रेजी, मनोविज्ञान के साथ-साथ गणित, रसायनशास्त्र, भौतिकी, वनस्पति शास्त्र, जन्तु विज्ञान पर्यावरण एवं कम्प्यूटर तथा प्रबन्धन की उच्च शिक्षा की उत्तम व्यवस्था इस विश्वविद्यालय की विकास यात्रा के साक्षी रहे।

डॉ० धर्मपाल जी, कुलपति के निर्देशन में इस समय विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों की संरचना इस प्रकार है-

विद्यालय विभाग- प्रथम कक्षा से १२वीं कक्षा तक यहां छात्र आवासीय व्यवस्था के अन्तर्गत शिक्षा के साथ-साथ उत्तम संस्कार ग्रहण करते हैं। १०वीं कक्षा उत्तीर्ण करने पर विद्याधिकारी तथा १२वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विद्याविनोद का प्रमाण-पत्र दिया जाता है।

वेद एवं कला महाविद्यालय- वेद एवं कला महाविद्यालय के आचार्य प्रो० वेद प्रकाश शास्त्री हैं। इस महाविद्यालय में निम्न तीन संकायों के माध्यम से कार्य किया जा रहा है।

प्राच्य विद्या संकाय- इस संकाय में सुयोग्य उपाध्यायों के मार्ग दर्शन में वेद, संस्कृत, दर्शन, योग, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विषयों में एम०ए० और पी.एच. डी. हेतु अध्यापन एवं शोध कार्य की व्यवस्था है। त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पूर्ण करने पर वेदालंकार की उपाधि दी जाती है।

मानविकी संकाय- इस संकाय में हिन्दी, अंग्रेजी, मनोविज्ञान विषयों में सुयोग्य उपाध्यायों के मार्गदर्शन में एम०ए० तथा पी.एच.डी. हेतु छात्र अध्ययन एवं अनुसंधान कार्य करते हैं। त्रिवर्षीय स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विद्यालंकार की उपाधि दी जाती है। इसके साथ ही सामान्य अलंकार का पाठ्यक्रम भी चल रहा है जिसमें संस्कृत एवं अंग्रेजी अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाए जा रहे हैं।

प्रबन्धन संकाय- मान्य कुलपति जी के प्रयास से उत्तम स्वरूप प्राप्त एम.बी.ए. पाठ्यक्रम में आधुनिक प्रबन्धन व्यवस्था के साथ-साथ वैदिक प्रबन्धन का पाठ्यक्रम भी समाविष्ट है।

विज्ञान महाविद्यालय- विज्ञान महाविद्यालय के प्रिंसिपल प्रो० एस.एल. सिंह हैं। इस महाविद्यालय में निम्न तीन संकायों के माध्यम से कार्य किया जा रहा है।

विज्ञान - इसमें त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पूर्ण करने पर बी.एस.सी. की उपाधि प्रदान की जाती है। गणित, रसायनशास्त्र, भौतिकी, में एम.ए., एम.एस.सी., एवं पी.एच.डी. हेतु अध्ययन अध्यापन की तथा शोधकार्य की उत्तम व्यवस्था कुशल उपाध्यायों के मार्ग दर्शन में चलती है। आधुनिक विज्ञान के क्षेत्र में वैदिक विज्ञान का समन्वय इस संकाय की विशेषता है।

जीव विज्ञान संकाय- इसमें त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम पूर्ण करने पर बी.एस.सी. की उपाधि प्रदान की जाती है। सूक्ष्म जीव विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान में एम.एस.सी. एवं वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान तथा सूक्ष्म जीव विज्ञान विषयों में पी. एच-डी. हेतु अध्ययन अध्यापन तथा शोधकार्य की उत्तम व्यवस्था है।

प्रौद्योगिकी संकाय- इसके अन्तर्गत एम.सी.ए. तथा पी-एच.डी. के लिए अध्ययन अध्यापन एवं शोधकार्य की उत्तम व्यवस्था है। प्रौद्योगिकी संकाय के अन्तर्गत कम्प्यूटर विभाग है। इस ओर प्रयास है कि इस संकाय के अंतर्गत इंजीनियरिंग कम्प्यूटर, इलैक्ट्रोनिक्स आदि विषय की व्यवस्था कर दी जाए।

कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, देहरादून- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, देहरादून को विश्वविद्यालय का एक अंगभूत महाविद्यालय स्वीकृत कर लेने के बाद इसका पर्याप्त विस्तार हुआ है। अलंकार (बी.ए.) के साथ-साथ संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी विषयों में एम.ए. तथा एम.सी.ए., एम.बी.ए. पाठ्यक्रम सुचारू रूप से चल रहे हैं। छात्रावास का निर्माण हो चुका है। भवन निर्माण निरन्तर चल रहा है।

कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, हरिद्वार- विश्वविद्यालय के मान्य अधिकारियों की प्रेरणा से बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु स्थापित कन्या गुरुकुल महाविद्यालय में प्रायः सभी विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के साथ पी.एच.डी. हेतु शोध कार्य की उत्तम व्यवस्था है।

विशाल पुस्तकालय- किसी भी शिक्षण संस्था के प्राण पुस्तकालय में रहते हैं। इस दृष्टि से गुरुकुल कांगड़ी का बृहत पुस्तकालय उत्तर भारत के अध्येताओं का आकर्षण केन्द्र बना हुआ है। इसमें विविध विषयों की एक लाख पच्चीस हजार से अधिक पुस्तकें हैं। इनमें अनेक दुर्लभ ग्रन्थ हैं। भारत के कोने-कोने से शोधार्थी इस पुस्तकालय में आकर अपनी जिज्ञासा शान्त करते हैं।

गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी- यह आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माण का बहुत बड़ा केन्द्र है। देश-विदेश में इस फार्मेसी की औषधियों की गुणवत्ता प्रसिद्ध है। फार्मेसी से प्राप्त आय को ब्रह्मचारियों और जल कल्याण पर खर्च किया जाता है।

यह विश्वविद्यालय सम्पूर्ण देश में अपनी अलग पहचान रखता है। विश्वविद्यालय परिद्रष्टा प्रो० शेर सिंह, कुलाधिपति माननीय श्री सूर्यदेव जी, कुलपति श्रीमान डॉ० धर्मपाल जी, कोषाध्यक्ष पं० हरवंशलाल जी शर्मा तथा शिष्ट परिषद्, कार्यपरिषद् एवं शिक्षा पटल के सदस्यों के सुयोग्य मार्गदर्शन में उत्तरोत्तर प्रगतिपथ पर अग्रसर है।

हमें पूर्ण विश्वास है कि तपः पूत स्वामी श्रद्धानन्द जी का यह संस्थान आगे भी निरन्तर प्रगति करता रहेगा।

प्रो० वेद प्रकाश शास्त्री
आचार्य (उप-कुलपति)

'कुलपति प्रतिवेदन'

अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द जी द्वारा प्रतिष्ठापित इस गुरुकुल की कीर्ति पताका यहीं के स्नातक वेद विद्वानों ने पूरे विश्व में फहराई। अनेक लब्ध प्रतिष्ठित यहाँ के वन्दनीय स्नातकगण सब प्रकार के ऐश्वर्य युक्त अपने-अपने स्थानों पर यश पूर्वक प्रतिष्ठापित हैं।

ऐसे इस विश्व विद्यालय में सम्प्रति वेद एवं कला महाविद्यालय, विज्ञान महाविद्यालय, कन्या गुरुकुल महाविद्यालय देहरादून/हरिद्वार स्थापित हैं। वेद एवं कला महाविद्यालय के अन्तर्गत प्राच्य विद्या, मानविकी तथा प्रबन्धन संकाय है। इसी प्रकार विज्ञान महाविद्यालय के अन्तर्गत विज्ञान, जीव विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संकाय है। कन्या गुरुकुल महाविद्यालय में प्रायः सभी विषयों के अध्ययन एवं शोध की व्यवस्था है। कन्याओं के लिए हरिद्वार तथा देहरादून में अलग महाविद्यालय हैं।

प्राच्य विद्या संकाय

प्राच्य विद्या संकाय के अन्तर्गत वेद, दर्शन, संस्कृत योग तथा इतिहास जैसे विषय देश के गौरव को पुनर्प्रतिष्ठापित करने में लगे हुए हैं।

वेद विभाग में, जहाँ कि वैदिक ज्ञान-विज्ञान का अन्वेषण निरन्तर प्रगति पर है, सभी प्राध्यापक शोध कार्यों में संलग्न हैं। इस विभाग द्वारा समय-समय पर विज्ञान स्नातकों के प्रशिक्षण के लिए बृहद् यज्ञों का आयोजन होता रहता है।

संस्कृत साहित्य के प्रचार-प्रसार में संलग्न संस्कृत विभाग के सभी प्राध्यापक विभिन्न संस्थाओं के विषय विशेषज्ञ हैं तथा आयोजित विभिन्न सम्मेलनों में शोध पत्रों का वाचन लेखन करते रहते हैं।

श्रद्धानन्द वैदिक शोध संस्थान में निरन्तर वैदिक साहित्य के अनुसन्धान का कार्य चलता रहता है। विभिन्न पुस्तकों के प्रकाशन के अतिरिक्त यहाँ से शोध परक "गुरुकुल पत्रिका" का नियमित प्रकाशन होता है।

दर्शन विभाग में वर्ष ६८ में अखिल भारतीय दर्शन परिषद् का वार्षिक अधिवेशन हुआ तथा मार्च ६६ में एक अन्य राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन भी हुआ।

योग विभाग में त्रिमासीय एक वर्षीय योग डिप्लोमा तथा एम०ए० योग का अध्यापन होता है। इस वर्ष इस विभाग में विभिन्न विद्वानों के व्याख्यान हुए।

इतिहास विभाग के प्राध्यापकों एवं छात्रों के द्वारा अनेक ऐतिहासिक स्थलों का पुरातात्विक सर्वेक्षण इस वर्ष हुआ तथा खुदाई में अनेक महत्वपूर्ण वस्तुएं प्राप्त की गईं।

पुरातत्व संग्रहालय में प्रसिद्ध फोटोग्राफर रोमेश बेदी द्वारा वन्य जीवों के खींचे गये अनेक दुर्लभ चित्र दिए गए। देश भर से आए लगभग ५० हजार व्यक्तियों ने संग्रहालय देखा।

मानविकी संकाय

मानविकी संकाय के अन्तर्गत मनोविज्ञान में यू०जी०सी० द्वारा प्रदत्त शोध योजना पर कार्य चल रहा है।

हिन्दी विभाग में विभिन्न विद्वान् आमंत्रित किए गए।

अंग्रेजी विभाग के अन्तर्गत "महात्मा गाँधी एवं स्वामी श्रद्धानन्द" तथा "समकालीन साहित्य" पर शोध गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जीव विज्ञान संकाय

जीव विज्ञान संकाय के अन्तर्गत आनेवाले जन्तु एवं पर्यावरण विज्ञान में अध्ययन अध्यापन के अतिरिक्त दो सेमिनारों का आयोजन हुआ तथा इसके प्राध्यापक विदेश में भी आमंत्रित किए गए।

इसी संकाय के वनस्पति एवं सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग में भी अध्ययन के अतिरिक्त सेमिनारों का आयोजन हुआ तथा अध्यापकों को विदेश आमंत्रित किया गया।

प्रौद्योगिकी संकाय

इस संकाय के अन्तर्गत सम्प्रति कम्प्यूटर विभाग आता है। इस विभाग में इण्टरनेट एवं ई०मेल की सुविधा भी उपलब्ध हो गई है।

विज्ञान संकाय

विज्ञान संकाय के अन्तर्गत आने वाले गणित विभाग में इस वर्ष एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन हुआ। इस विभाग में वैदिक गणित भी एक पेपर के रूप में पढ़ाया जाता है।

इसी संकाय के भौतिकी विभाग द्वारा बाल विज्ञान सभा का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

रसायन विज्ञान विभाग में रेडियोधर्मिता पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान हुआ।

श्री सूर्यदेव – कुलाधिपति

प्रबन्धन संकाय

विश्व में विशेष लोकप्रिय एम.बी.ए. पाठ्यक्रम इस विश्वविद्यालय में प्रबंधन संकाय के अन्तर्गत पढ़ाया जा रहा है। इस संकाय के तत्वावधान में गत वर्ष 'वेद सम्मेलन' एवं 'मैनेजमेन्ट इन न्यू मिलेनियम' विषयक सेमिनार हुए।

शारीरिक शिक्षा विभाग

इस विभाग के तत्वावधान में इस वर्ष बैडमिन्टन, टेबिल टेनिस और बास्केट बाल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रौढ़ शिक्षा विभाग

इस विभाग में पंच दिवसीय दो कार्यशालाओं का, अध्यापकों को प्रशिक्षण देने हेतु आयोजन किया गया। सौन्दर्य प्रसाधन विषयक छमाही प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया।

कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, देहरादून

कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, देहरादून में अलंकार (बी.ए.), एम०बी०ए०, एम०एस०सी० तथा एम०ए० की कक्षाएं चल रही हैं।

कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, हरिद्वार

नवनिर्मित कन्या गुरुकुल महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर कला एवं विज्ञान विषयों का अध्यापन एवं शोध होता है।

यह विश्वविद्यालय नारी-शिक्षा के अतिरिक्त छात्रों के लिए भी उच्चतम स्तर की प्राच्य कला एवं विज्ञान विषयों की शिक्षा के प्रसार में लगा हुआ है।

विश्वविद्यालय की संक्षिप्त व्याख्या कुलपति डा० धर्मपाल द्वारा ९९वें वार्षिकोत्सव में पढ़े गए "कुलपति प्रतिवेदनम्" के आधार पर है। डा० धर्मपाल ने स्नातकों को संबोधित करते हुए यह बताया कि स्वामी श्रद्धानन्द जी ने शाश्वत जीवन मूल्यों की स्थापना के लिए राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की रक्षार्थ तथा चरित्र के विकास के लिए यह गुरुकुल शिक्षा पद्धति पुनः प्रचलित की, अतः ये ही जीवन मूल्य और आदर्श आपके जीवन में पग-पग पर उन्नति और सफलता प्रदान करेंगे।

डा० धर्मपाल ने कहा- "मैं मानता हूँ कि कुलाधिपति श्री सूर्यदेव जी, परिद्रष्टा प्रो० शेर सिंह जी, शिक्षकों कर्मचारियों और ब्रह्मचारियों के सहयोग से यह विश्वविद्यालय निरन्तर प्रगति की ओर बढ़ता रहेगा।"

● ● ●

दीक्षान्त भाषण

माननीय कुलाधिपति जी, परिद्रष्टा जी, कुलपति जी, आचार्यगण, भाइयों, बहनों एवं नवस्नातकों !

आज गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह के अवसर पर अमरहुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज की तपस्थली में आकर मैं स्वयं को धन्य मानता हूँ। गुरुकुल कांगड़ी के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली का आज से लगभग १०० वर्ष पूर्व प्रवर्तन करके स्वामी जी ने भारतीय संस्कृति के संरक्षण के कार्य को सशक्त किया था। गुरुकुल के आचार्यों, ब्रह्मचारियों तथा कर्मचारियों ने स्वाधीनता, चरित्र निर्माण तथा संस्कृति की रक्षा के लिए अनवरत कार्य किया। इस ऐतिहासिक संस्था में पधारने वाले युगपुरुषों की एक लम्बी श्रृंखला है। महात्मा गांधी, पं० मदन मोहन मालवीय, साधु टी०एल० वासवानी, आचार्य नरेन्द्र देव, पं० जवाहरलाल नेहरु, पं० गोविन्द बल्लभपन्त, डॉ० सम्पूर्णानन्द, गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर, डॉ० श्यामाप्रसाद मुखर्जी, डॉ० राजेन्द्र प्रसाद, महात्मा आनन्द स्वामी, श्री चन्द्रभानु गुप्त, डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन्, श्री अनन्त शयनम् आयंगर, श्री मोरार जी देसाई, बाबू जगजीवन राम, श्रीमती इन्दिरा गांधी, डॉ० बलराम जाखड़, श्री ज्ञानी जैल सिंह, श्री वीर बहादुर सिंह, श्री चीमनभाई मेहता, श्री चन्द्र शेखर, डॉ० शिवराज पाटिल सदृश विभूतियाँ यहाँ पधार चुकी हैं।

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के साथ मेरा सम्बन्ध बहुत पुराना है। मैंने यहाँ के आचार्यों का अनुकरण करके अपने जीवन को संवारा है। मेरे पूज्य पिता जी डॉ० रघुवीर सिंह शास्त्री यहाँ के कुलपति तथा कुलाधिपति रहे हैं। मैं स्वयं भी यहाँ की विभिन्न शासी-समितियों का सदस्य रहा हूँ। मेरा तो परिवेश ही गुरुकुलमय है। स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज, युग प्रवर्तक, आर्य समाज के संस्थापक, वेदोद्धारक महर्षि दयानन्द सरस्वती के अनन्य शिष्य थे। उन्होंने महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा प्रतिपादित निम्न सिद्धान्तों के आधार पर गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के प्रवर्तन का अदम्य साहस एवं उत्साह दिखलाया था-

१. यह राजनियम और जाति नियम होना चाहिए कि आठवें वर्ष से आगे, कोई अपने लड़के-लड़कियों को घर में न रखे। पाठशाला में अवश्य भेज देवें, जो नहीं भेजे, वह दण्डनीय हो।

२. लड़कों और लड़कियों के गुरुकुल पृथक्-पृथक् हों।

३. विद्यार्थी लोग गुरुकुलों में ब्रह्मचर्य का पालन करें।

४. गुरुकुल में सबको तुल्य वस्त्र, खान-पान, आसन दिये जायें, चाहे वह राजकुमार व राजकुमारी हों, चाहे दरिद्र के सन्तान हों। सबके साथ एक जैसा व्यवहार किया जावे।

५. गुरुकुलों में गुरु और शिष्य पिता और पुत्र के समान रहें।

६. विद्या पढ़ने के स्थान, गुरुकुल शहर व ग्रामों से दूर एकान्त में हों।

७. शिक्षा में वेदांग तथा सत्य शास्त्रों को प्रमुख स्थान दिया जाए। साथ ही राज विद्या, संगीत नृत्य, शिल्प विद्या, गणित, ज्योतिष, भूगोल-खगोल, भूगर्भ विद्या, यन्त्र कला, हस्त क्रिया, चिकित्सा शास्त्र आदि का भी यथोचित रूप से अभ्यास कराया जावे।

निस्सन्देह ऋषिवर के ये विचार शिक्षा के क्षेत्र में भविष्य की शिक्षानीति को प्रभावित करने वाले, अत्यन्त क्रान्तिकारी विचार थे। आर्यसमाज के नेताओं में अग्रणी स्वामी श्रद्धानन्द ने इन आदर्शों, सिद्धान्तों एवं मान्यताओं को कार्यरूप में परिणत करने का शुभ संकल्प लिया और उसी का जीता जागता स्वरूप गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय है।

स्वामी श्रद्धानन्द का वैदिक संस्कृति को संरक्षण तथा राष्ट्रीय विचारधारा के प्रचार-प्रसार का स्वप्न साकार हुआ। उनके निर्देशन में जो आचार्यगण अपने अन्तेवासियों को राष्ट्रभक्ति का पाठ पढ़ाया करते थे, वे स्वयं भी उन्हीं विचारधाराओं से ओत-प्रोत होते थे। वे उस उत्तरीय को धारण करते थे, जिसका ताना और बाना देशभक्ति, स्वाधीनता, स्वावलम्बन, सच्चरित्रता निश्छलता तथा निर्भीकता के धागों से बुना जाता था। आचरण की भाषा मौन होती है। आचार्यों का आचरण ही ब्रह्मचारियों को सही दिशा में चलने का मार्ग प्रशस्त करता है-

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तादेवेतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते।।

महाजन, श्रेष्ठ जन, सुधीजन, नेता और संन्यासी जिस प्रकार का आचरण करते हैं, अनुवर्ती लोग उसी प्रकार का आचरण करते हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम मनसा वाचा कर्मणा एक सा व्यवहार करें। गुरुकुल शिक्षा प्रणाली वेदों पर आधारित है। वैदिक शिक्षा में संकीर्णता का लेश भी नहीं है। यहाँ पर संकीर्णता, साम्प्रदायिकता, स्वार्थपरता, निरंकुशता, वादपरता नहीं है। यहाँ पर है- सच्ची मानवता, परमार्थ की भावना, विश्वबन्धुत्व का उद्घोष और समूचे विश्व को मित्र की दृष्टि से देखने का आदर्श। वेदों में मानव की उन्नति के, भौतिक एवं आत्मिक, दोनों ही सम्पत्तियों को प्राप्त करने का मार्ग बताया गया है। शिक्षा का उद्देश्य मानव की आन्तरिक तथा

बाह्य शक्तियों का विकास करना है। मुझे प्रसन्नता है कि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में प्राचीन एवं नवीन विषयों के अध्ययन, अध्यापन एवं अनुसन्धान की समुचित व्यवस्था है। भारतीय संस्कृति के परिचायक एवं पोषक विषयों- वेद, संस्कृत, दर्शन, प्राचीन इतिहास पुरातत्त्व एवं संस्कृति तथा योग आदि विषयों के साथ-साथ हिन्दी, अंग्रेजी, मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र आदि नवीन विषयों के अध्यापन की भी व्यवस्था है। छात्राओं के लिए संगीत, चित्रकला, गृहविज्ञान आदि की व्यवस्था है। मुझे स्मरण है, भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं० जवाहर लाल नेहरू ने गुरुकुल कांगड़ी के विज्ञान महाविद्यालय का उद्‌घाटन करते हुए कहा था- "मैंने गुरुकुल को देखा तथा यहाँ की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। मुझे ऐसा प्रतीत हुआ कि यह संस्था अच्छा कार्य कर रही है। इस अवसर पर मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूँ कि देश के सांस्कृतिक आदर्शों की रक्षा के साथ-साथ आधुनिक ज्ञान विज्ञान को भी तरजीह देनी चाहिए, क्योंकि आज की दुनियाँ को इनकी बड़ी जरूरत है। इन्हीं दोनों के समन्वय से हमारा भाग्य सुरक्षित रह सकता है।" गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ने विज्ञान के क्षेत्र में भी अध्ययन, अध्यापन एवं शोध की व्यवस्था की है, यह हर्ष का विषय है। यहाँ पर गणित, रसायन, भौतिकी, सांख्यिकी, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान तथा सूक्ष्मजीव विज्ञान आदि विषय पढ़ाये जा रहे हैं। स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज का स्वप्न था कि ऐसे विषयों में अध्यापन कराया जाय जो ब्रह्मचारियों को आत्मनिर्भर बनाएं तथा उनके सामने आजीविका की समस्या न रहे। कम्प्यूटर और प्रबन्धन ऐसे ही विषय हैं, जिनमें यहाँ पर उच्च शिक्षा की व्यवस्था है।

नवस्नातकों, मैं यह कहना चाहता हूँ कि आने वाली शताब्दी सूचना प्रौद्योगिकी के विकास की शताब्दी होगी। भारत वर्ष ने इस दिशा में अभूतपूर्व उन्नति की है। कम्प्यूटर के सोफ्टवेयर के विकास में भारत किसी भी पाश्चात्य देश से कम नहीं है। कम्प्यूटर जगत में प्रतिदिन नए आविष्कार और विकास हो रहे हैं। विश्वभर में कम्प्यूटर की दुनियाँ की मौजूद टैक्नोलोजी अब बीते दिनों की बात हो जाएगी। कम्प्यूटर का सिलिकोन आधारित माइक्रो प्रोसेसर अपना समय पूरा कर चुका है। अब इसमें बदलाव किए जाने की जरूरत है। भारतीय विज्ञान संस्थान में इन दिनों एक ऐसी बायो चिप तैयार करने की दिशा में काम चल रहा है, जो जीवन के बुनियादी अंग कोशिका पर आधारित है। इसका अर्थ है कि एक जीवित माइक्रो प्रोसेसर तैयार किया जा रहा है। संस्थान के वैज्ञानिकों के सामने यह बात आयी है कि सोलरियम बैक्टीरिया और हालो बैक्टीरियम में पाये जाने वाले प्रोटीन लेजर के प्रभाव से कुछ खास गुणों को प्रकट करते हैं। इनके आधार पर एक त्रि आयामी चिप तैयार की जा सकती है, जिसमें काफी ज्यादा आंकड़ों को सुरक्षित रखा जा सकता है। अब तक कम्प्यूटर सिलिकोन चिप पर चलते थे पर अब कम्प्यूटर बायोचिप पर चलने लगेंगे। बायो चिप की स्मृति सिलिकोन चिप की अपेक्षा एक हजार गुणा अधिक

डा० धर्मपाल — कुलपति

होगी। मुझे विश्वास है कि यहाँ पर कम्प्यूटर विज्ञान विभाग भी इस दिशा में प्रवृत्त होगा। आज देश का पर्यावरण प्रदुषित हो चुका है। इसको सुधारने का उत्तरदायित्व भी आपका है। वायु, जल, ध्वनि सभी में प्रदूषण है। पर्यावरण विज्ञान विषय आपके विश्वविद्यालय में पढ़ाया जा रहा है। वैदिक ऋचा है- "उपह्वरे गिरीणां संगमे च नदीनाम्, धिया विप्रो अजायत।" पर्वतों की उपत्यकाओं में तथा नदियों के संगम पर ब्राह्मणों की मेघा उर्द्बुद्ध होती है। गुरुकुल की स्थापना ऐसे ही प्रदूषण रहित स्थान पर हुई थी। आप इसे संभाल कर रखिये। हमारी पारम्परिक मर्यादा में धरती, जल, आकाश ब्रह्माण्ड सभी कुछ शुद्ध रखने के आदेश हैं। वृक्षों, वनस्पतियों और पशु पक्षियों को रक्षणीय बनाया गया है। नदियों को शुद्ध रखने की बात कही गई है। आप सब मिलकर वनों की रक्षा कीजिए। नदियों को प्रदूषण मुक्त रखिए। वैदिक ऋचाओं में वर्णित आश्रम व्यवस्था के अनुकूल ही हमारे ब्रह्मचारियों एवं राष्ट्र के भावी कर्णधारों की शिक्षा, स्वास्थ्य-सौष्ठव एवं चरित्र निर्माण की शालाएं, विद्यालय एवं विश्वविद्यालय इसी प्रकार के सुशान्त, सुरम्य प्रदूषण रहित वातावरण में होनी चाहिए।

इस विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर के अनेक स्नातकों ने देश-विदेश में जाकर जो कार्य किया है, वह सराहनीय है। अपने हृदय में विश्व बन्धुत्व का भाव लेकर स्नातकों ने विदेशों में भी शिक्षा, धर्म, राजनीति तथा व्यवसाय के क्षेत्र में विशिष्ट मानदण्ड स्थापित किए हैं। पं० अमीचन्द विद्यालंकार ने फिजी में जाकर अनेक शिक्षण संस्थाएं प्रारंभ की। वे वहाँ के संसद सदस्य भी बने। आचार्य रामदेव, पं० सत्यव्रत सिद्धान्तालंकार, पं० बुद्धदेव विद्यालंकार, पं० मदन मोहन, श्री विद्यासागर विद्यालंकार, पं० सत्यपाल सिद्धान्तालंकार, पं० ईश्वरदत्त विद्यालंकार, श्री सत्यदेव भारद्वाज वेदालंकार, श्री धर्मेन्द्र नाथ वेदालंकार, श्री देवनाथ वेदालंकार, श्री रणधीर वेदालंकार, श्री अमृतपाल वेदालंकार, पं० श्याम सुन्दर स्नातक ने बर्मा, अफ्रीका, केन्या, युगाण्डा, टांगानीका, सिंगापुर, मलाया, यूरोप में जाकर वैदिक सिद्धान्तों एवं हिन्दी भाषा का प्रचार प्रसार किया। मोजाम्बीक में पं० रविशंकर सिद्धान्तालंकार, पं० सुमन्त राय विद्यालंकार, पं० मतिमान विद्यालंकार तथा रोडेशिया में पं० हरिदेव वेदालंकार और दक्षिण अफ्रीका में पं० सुधीर कुमार विद्यालंकार, श्री अरूण कुमार विद्यालंकार, श्री हरिशंकर आयुर्वेदालंकार, पं० नरदेव वेदालंकार ने सराहनीय कार्य किया। इस समय भी देश विदेश में अनेक स्नातक गुरुकुल का नाम उज्जवल कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय की रिपोर्ट में पढ़ा गया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर की १२ गोष्ठियाँ तथा क्षेत्रीय स्तर की चार खेलकूद की प्रतियोगितायें तथा अन्य अनेक शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। भारत वर्ष ने जिनकी तपस्या, विद्वत्ता, सहृदयता, अनुरागिता, विश्वजनीनता तथा सद्भावना के बल पर विश्वगुरु का स्थान प्राप्त किया, वे इस देश के ऋषि और आचार्य ही थे।

एत्तद्देश प्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः।।

पृथ्वी के सभी मनुष्य, इस देश में उत्पन्न अग्रणी लोगों के जीवन व्यवहार के अनुरूप अपने आचरण एवं चरित्र को ढालते थे। अतः इन विशिष्ट कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मैं आचार्यों का साधुवाद करता हूँ। देश के अभ्युत्थान में आचार्य की भूमिका महत्वपूर्ण होती है क्योंकि वह केवल प्रस्तरीय ज्ञान प्रदान नहीं करता, बल्कि आचार एवं सदाचार की शिक्षा देकर छात्र का निर्माण करता है।

गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी के अधिकारियों से मैं यह कहना चाहता हूँ कि देश से लुप्त होती जा रही, जड़ी बूटियों का संरक्षण आवश्यक है। देश के आयुर्वेदिक और कास्मेटिक उद्योग में जिस तेजी से दुर्लभ जड़ी बूटियों की माँग बढ़ती जा रही है, उससे उनके लुप्त होने का खतरा पैदा हो गया है। हिमालय के "टैक्टस" नामक पौधे का इस्तेमाल कैंसर की दवा बनाने में होता है। यह पौधा बहुत धीरे विकसित होता है। इस सम्पदा की रक्षा हमें करनी चाहिए। भारत कृषि प्रधान देश है। अन्न और जल के यहाँ भरपूर भण्डार हैं। इसको और विकसित करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय स्तर पर कृषि प्रौद्योगिकी की अनेक ऐसी योजनाएं बनायी जा रही हैं, जिनसे इस क्षेत्र में और अधिक उन्नति होगी तथा कृषि क्षेत्र में संलग्न कृषकों तथा मजदूरों का जीवन सुरक्षित हो सकेगा। गुरुकुल कांगड़ी के कृषि फार्म को भी नवीन तकनीकों के आधार पर विकसित किया जाना चाहिए। युवा शक्ति के सम्मुख सामाजिक दायित्व की कुछ चुनौतियाँ हैं। देश में, समाज में साक्षरता अभियान को चलाने में अपूर्व योगदान दे सकते हैं। हमारे देश की लगभग आधी जनता साक्षर नहीं है। आप लोगों को विश्वविद्यालय स्तर तक अध्ययन करने का सौभाग्य मिला है। आप साक्षरता के राष्ट्रीय कार्यक्रम से जुड़कर अपने कर्तव्य को पूरा कीजिए। शिक्षा का प्रसार केवल राजकीय प्रयत्नों से पूरा नहीं किया जा सकता। स्वैच्छिक रूप से कार्य करने वाले महानुभावों तथा संस्थाओं के सहयोग से साक्षरता के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है। साक्षरता के अतिरिक्त कृषि के क्षेत्र में बंजर भूमि का विकास, भूमि रक्षा और जल संसाधनों का प्रबन्ध, खेलकूद और संस्कृति का विकास, पर्यावरण और वनों की रक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जनसंख्या नियंत्रण की शिक्षा, नशीली वस्तुओं के उपयोग पर नियन्त्रण, एड्स सम्बन्धी शिक्षा और महिलाओं का विकास जैसे कार्यों को भी आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

मुझे यह कहने में गौरव की अनुभूति हो रही है कि भारत ने आज परमाणु शक्ति के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान प्राप्त कर लिया है। पोखरन में किए गए परमाणु विस्फोट ने हमें आत्म बल और गौरव प्रदान किया है। सर्वत्र जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान का नाद गूंज रहा है। भारत को उन्नत करने में आज नई

पीढ़ी को आगे आने की आवश्यकता है। युवा शक्ति को राष्ट्र को संवारने में अपने नए विचारों के साथ, नई ऊर्जा के साथ, सत्यासत्य पर आधारित चिन्तन के साथ, अदम्य साहस के साथ आगे आना चाहिए। उपनिषद्कार ने कहा है-

सहनाववतु, सहनौ भुनक्तु
सहवीर्यं करवावहै, तेजस्विनावधीतमस्तु, मा विद्विषा वहे।

हम दोनों आचार्य और शिष्य स्वयं मिलकर अपनी परस्पर रक्षा करें, अपने परिश्रम के फलों का साथ साथ उपभोग करें, अपनी ऊर्जा का सदुपयोग करें, हमारी शिक्षा हमें मेधा तथा तेजस्विता प्रदान करे और हम परस्पर ईर्ष्या-द्वेष से रहित हों।

प्रिय नवस्नातकों,

मैं अन्त में तैत्तिरीय उपनिषद् के उसी उपदेश को दुहराता हूँ, जो आचार्य द्वारा ब्रह्मचारी को समावर्तन संस्कार के अवसर पर दिया जाता है।

सत्यं वद, धर्मं चर, स्वाध्यान्माप्रमदः।
स्वाध्याय प्रवचनाभ्याम् न प्रमदितव्यम्।।
अस्माकं सुचरितानि त्वया सेवितव्यानि नो इतराणि।

आज आप लोग गुरुकुल के पवित्र प्रांगण में विद्यानिष्णात होकर दीक्षित हो रहे हैं। सारा देश आपसे अपेक्षा करता है कि आप इस देश के सुयोग्य नागरिक बनकर, इसके निर्माण में तथा उत्थान में योगदान करेंगे। अपनी बुद्धि और विद्या से इस संसार को सुगन्धि से भर देंगे। दया, ममता, करुणा, न्यायप्रियता, समता सद्भावना का अजस्र स्रोत आपके हृदय से झर झर बह उठेगा। आर्य संस्कृति के उच्चतम आदर्श की छाया में, इस विश्वविद्यालय में आपने शिक्षा प्राप्त की है। आप अपने जीवन से उन सभी कलुषों को दूर करना जो मानव की आत्मा को दूषित और अपवित्र करते हैं। आपने ऋषियों की उस पवित्र होमाग्नि को प्राप्त किया है, जो समस्त मलिनता को भस्म करके इस विश्व में आपको समृद्धि प्रदान करेगी तथा आपके भविष्य को कंटकाकीर्ण होने से बचायेगी। हमारा आशीर्वाद आपके साथ है। आपका कल्याण हो।

लोकाः समस्ता सुखिनो भवन्तु।
सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःखभागभवेत्।।

ओ३म् शान्ति। शान्ति। शान्ति।

वेद एवं कला महाविद्यालय

विश्वविद्यालय की व्यवस्थानुसार वेद/कला महाविद्यालय के अन्तर्गत प्राच्य विद्यासंकाय मानविकी संकाय एवं प्रबन्धन आते हैं।

प्राच्य विद्या संकाय में वेद विभाग, संस्कृत विभाग, दर्शन विभाग, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, पुरातत्व संग्रहालय, योग विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग, श्रद्धानन्द वैदिक शोध संस्थान का समायोजन किया गया है।

मानविकी संकाय में हिन्दी विभाग, अंग्रेजी विभाग, मनोविज्ञान विभाग, प्रौढ़ सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग का समायोजन किया गया है।

प्राच्य विद्या संकाय

प्राच्य विद्या संकाय में वेद, दर्शन, संस्कृत, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व और योग और शारीरिक शिक्षा विभाग हैं। इतिहास विभाग के अन्तर्गत संग्रहालय विज्ञान का प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता है। इस संकाय के अध्यक्ष डा० जयदेव वेदालंकार है।

इस वर्ष इस संकाय में विभिन्न विषयों एवं विभागों में राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियो का आयोजन किया गया उनमें अनेक विश्वविद्यालयों के प्रतिष्ठित विद्वान संकाय में आये और उनके विशिष्ट व्याख्यानों का आयोजन हुआ। उनमें से कुछ प्रतिष्ठित विद्वानों के नाम इस प्रकार हैं।

1- डॉ० अमरनाथ पाण्डेय-काशी विद्यापीठ, वाराणसी (विजिटिंग प्रोफेसर)
2- प्रो० एस०आर० भट्ट-दर्शन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय
3- प्रो० डी० प्रहलादाचार्य-न्याय विभाग, बैंगलौर विश्वविद्यालय (कर्नाटक)
4- प्रो० वेद प्रकाश उपाध्याय- संस्कृत विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़
5- प्रो० बी०बी० चौबे- विश्वेरानन्द वैदिक शोध संस्थान, होशियारपुर, पंजाब।
6- प्रो० आर०के० द्विवेदी- इतिहास विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय
7- प्रो० एस०एन० मिश्र- इतिहास विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय
8- प्रो० एस०जी० नैथानी- गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जामनगर (गुजरात)
9- डॉ० पीताम्बर झा- केवल्य धाम, लोगावला पूना, (महाराष्ट्र)
10- डॉ० नरेश कुमार- निदेशक केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसन्धान परिषद दिल्ली

संकाय के कतिपय छात्र अनुसन्धान कार्य के लिये यू०सी०जी० नई दिल्ली द्वारा आयोजित (आई०आर० एफ०) भी प्राप्त कर रहे हैं। इस संकाय के कई स्नातक नैट परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं।

प्रो० वेद प्रकाश शास्त्री — आचार्य एवं उपकुलपति

वेद विभाग

विभागाध्यक्ष डॉ० मनुदेव बन्धु द्वारा लिखित पुस्तक "छन्दोग्योपनिषद्-एक अध्ययन" का प्रकाशन हुआ। डॉ० रूपकिशोर और डॉ० दिनेशचन्द्र शास्त्री वेद विषय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्रोजेक्ट लेकर कार्य कर रहे हैं।

विभागीय प्राध्यापको के निर्देशन में वैदिक साहित्य के विभिन्न विषयों पर शोधकार्य चल रहा है।

डॉ0 भारतभूषण विद्यालंकार, प्रोफेसर

1. शोधनिर्देशन :- शोधार्थी विभिन्न वैदिक विषयों पर शोध कार्य कर रहे हैं।
2. सम्पादन कार्य :- गुरुकुल पत्रिका का सम्पादन कार्य कई वर्षों से कर रहे हैं। इस पत्रिका के कई विशिष्ट अंक इनके सम्पादकत्व में प्रकाशित हो चुके हैं।
3. कान्फ्रेन्स/सेमिनार :- पाँच कान्फ्रेन्स/सेमिनार में सक्रिय भाग लेकर शोधपत्र वाचन किया।

विश्वविद्यालय से बाहर अनेक स्थानों पर जाकर वेद एवं भारतीय संस्कृत से सम्बधित व्याख्यान दिये।

डॉ0 रूपकिशोर शास्त्री :

डा० शास्त्री ने इस वर्ष अपनी एक शोध योजना पूर्ण की तथा नई शोध योजना पर कार्य कर रहे हैं।

डॉ0 दिनेशचन्द्र शास्त्री, वरिष्ठ प्रवक्ता

1- शोधनिर्देशन :- शोधार्थी इनके निर्देशन में पी.एच.डी. कर रहे हैं।

2- बृहद्शोध परियोजना :- यू.जी.सी. द्वारा स्वीकृत Major Research Project का कार्य प्रगति की ओर है।

3- सम्पादन कार्य :- गुरुकुल विश्वविद्यालय से प्रकाशित होने वाली 'गुरुकुल पत्रिका' नामक मासिक शोध पत्रिका का उपसम्पादक कार्य किया।

4- प्रकाशन कार्य :- इस सत्र में दस शोधपत्र/लेख विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए।

५- कान्फ्रेन्स/सेमिनार आदि- 17-18 नवम्बर 98 में गुरूकुल विश्वविद्यालय में आयोजित **'Contribution of Mahatma Gandhi and Swami Shraddhanand to Indian Freedom Struggle & Cultural Heritage** नामक विषय पर सेमिनार में "रामचरितमानस का स्वामी श्रद्धानन्द पर प्रभाव" शीर्षक शोधपत्र वाचन किया।

श्रद्धानन्द वैदिक शोध संस्थान

वैदिक वाङ्मय एवं प्राच्य विद्याओं के उच्चस्तरीय शोध-कार्य हेतु संस्थापित इस संस्थान में 31 दिसम्बर 1998 तक डा० भारतभूषण विद्यालंकार संस्थान के निदेशक पद का दायित्व वहन करते रहे। जनवरी 1999 से डा० महावीर, डी.लिट् ने प्रोफेसर का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

♦ विश्वविद्यालय की मासिक शोध-पत्रिका का सम्पादन कार्य भी प्रो० महावीर कर रहे हैं।

♦ 13 से 15 अक्टूबर 1998 में आपने अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन बड़ौदा में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया और वेदों में "प्रतीकात्मकता" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

♦ देहली में आयोजित विश्व वेद सम्मेलन में "वैदिक जीवन दर्शन" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

♦ गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार के प्रबन्धन संकाय द्वारा 18.२0 फरवरी 1999 तक आयोजित शोध-संगोष्ठी में "वैदिक प्रबन्धक" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

♦ अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में 24-26 मार्च 99 में आयोजित त्रिदिवसीय शोध-संगोष्ठी में "ऋग्वेद में उपसर्ग" विषय पर शोध-पत्र वाचन किया।

♦ देहली विश्वविद्यालय के प्रबन्धन संकाय द्वारा "Emerging Issues in Marketing and H.R.M." विषय पर आयोजित रिफ्रेशर कोर्स में 'Managerial Issues in Vedic Literature' तथा 'Motivation Approach in Geeta' विषय पर दो व्याख्यान दिये।

♦ गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव पर वेद-सम्मेलन में "वेदों में प्रबन्ध" विषय पर व्याख्यान दिया।

♦ गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर में वेद-सम्मेलन में "वर्तमान युग में वेदों की प्रासङ्गिकता" विषय पर व्याख्यान दिया।

♦ अब तक आपके निर्देशन में 15 शोधार्थी पी-एच.डी. की शोधोपाधि प्राप्त कर चुके हैं और 10 छात्र शोध कार्य कर रहे हैं।

♦ इस वर्ष आपकी दो वार्ताएं आकाशवाणी नजीबाबाद से प्रसारित हो चुकी हैं।

संस्कृत विभाग

विभाग के छात्र लगभग सभी स्थानों पर प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवाओं में भी यहाँ के छात्र स्थान प्राप्त कर चुके है। मान्य कुलपति डॉ० धर्मपाल जी की अध्यक्षता में संस्कृत दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ० रामनाथ जी वेदालंकार रहे ।

इस वर्ष विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में आमंत्रित डॉ० अमरनाथ पाण्डेय (पूर्व प्रोफेसर एवं अध्यक्ष काशी विद्यापीठ, वाराणसी) ने विभाग को स्मरणीय निर्देशन दिया।

इस वर्ष समय-समय पर विद्वानों के विशिष्ट व्याख्यान छात्रों के ज्ञानवर्धन के लिए कराए गए।

विभागीय प्राध्यापकों के कार्यों का विवरण

प्रो० वेदप्रकाश शास्त्री

(आचार्य एवं उपकुलपति)

अनेक विश्वविद्यालयों की शोध समिति तथा शिक्षा समिति साक्षात्कार समिति में विषय विशेषज्ञ के रूप में कार्य किया। रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति में सम्मानित सदस्य के रूप में रेल विभाग ने नामित किया। प्रो० शास्त्री के निर्देशन में इस वर्ष चार शोध छात्रों ने कार्य करना प्रारम्भ किया। विभिन्न विषयों पर शिक्षण संस्थानों में विशिष्ट व्याख्यान संस्कृत में दिए।

डॉ० सोमदेव शतांशु,

रीडर संस्कृत विभाग

1998-99 शिक्षा सत्र में स्वामी समर्पणानन्द वैदिक शोध संस्थान बदायूँ में आयोजित दो शोध गोष्ठियों में शोध पत्र प्रस्तुत किए। वेदव्यास संस्कृत महाविद्यालय, राउरकेला, सुन्दरगढ़, उड़ीसा में आयोजित पश्चिम उड़ीसा संस्कृत सम्मेलन में भाग लिया तथा वेद सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में व्याख्यान दिया।

इस समय इनके निर्देशन में पाँच छात्र शोधकार्य कर रहे हैं।

डॉ0 राम प्रकाश शर्मा विभागाध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहें हैं। इनके निर्देशन में छात्र शोधकार्य कर रहे है कई छात्र शोध पूरा कर चुके है।

डॉ0 ब्रह्मदेव– प्राध्यापक

दिनांक 4/1/98 को कालिदास समारोह के तत्वावधान में (विक्रमविश्वविद्यालय, उज्जैन) आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत वादविवाद प्रतियोगिता में डॉ० ब्रह्मदेव ने "कालिदास साहित्य में पर्यावरण चेतना" विषय पर अपना शोध पत्र वाचन किया।

दर्शन विभाग

डॉ0 जयदेव वेदालंकार –प्रोफेसर

आई. बी. आई. में निदेशक मण्डल में नाम चयनित हुआ यू०एस०ए० अमेरिका।

राष्ट्रीय पुरस्कार–

श्री मेघ जी भाई आर्य साहित्य पुरस्कार 1998, 5 जौलाई 1998 में मुम्बई, आर्य समाज सान्ताक्रुज के तत्वाधान में मोरिशिश के पूर्व उपराष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त/राशि-रू० 15000/- (पन्द्रह हजार) एवं रजत ट्राफी प्रदान की गई।

शोध ग्रन्थ–

भारतीय दर्शन की समस्यायें, वैदिक दर्शन उपनिषदों का तत्वज्ञान, वैदिक साहित्य का इतिहास, भारतीय दर्शन में प्रमाण, महर्षि दयानन्द की विश्व दर्शन को देन।

आई०सी०पी०आर० नई दिल्ली के सौजन्य से प्राप्त एक लाख रुपये की राशि से २८ मार्च से ३० मार्च ६६ तक इनके निर्देशन में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन हुआ। इस राष्ट्रीय सेमिनार के निदेशक के रूप में कार्य किया।

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षा समिति के विषय विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया।

डॉ0 विजय पाल शास्त्री –रीडर

1. शोध ग्रन्थ- 1- पातंजलयोग विमर्श
   2- त्रिकदर्शन का समीक्षात्मक तत्वमीमांसीय अध्ययन

प्रो० श्यामनारायण सिंह — कुलसचिव

2. राष्ट्रीय सेमिनार - 25 एवं 26 मार्च 99 मे कानपुर विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में "धर्म निरपेक्षता" और "राष्ट्रवाद" का अन्तर्विरोध विषय पर शोध पत्र वाचन किया।

3. Who's Who में नाम अंकित ।

4. पांच शोध छात्र निर्देशन में शोधरत है।

डॉ0 त्रिलोक चन्द–रीडर

1. शोधग्रन्थ - 1- पातंजल योग एवं श्री अरविन्दो
   2- ब्रह्मचर्य ही जीवन है। 3- योग ही जीवन है।

2. शोध निर्देशन- सात शोध छात्र कार्य कर रहे है।

डॉ0 यू0एस0 बिष्ट–रीडर

सितम्बर 98 में अखिल भारतीय दर्शन का वार्षिक अधिवेशन, दर्शन विभाग के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में लगभग 150 प्रतिनिधि उपस्थित हुये। इस अवसर पर ज्ञान मीमांसा, तत्व मीमांसा और धर्म दर्शन तथा नीतिशास्त्र आदि विषयों पर गोष्ठियाँ सम्पन्न हुई। डा० यू०एस०बिष्ट सेमीनार में स्थानीय सचिव थे। सम्प्रति डा० बिष्ट आई०सी०वी०आर० दिल्ली में निदेशक पद पर प्रतिनियुक्ति में गए हुए हैं।

डॉ0 सोहनपाल सिंह आर्य–प्राध्यापक

शोध पत्र वाचन–

दर्शन विभाग, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार में स्वराज्य पर पुनर्विचार विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। दर्शन विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय दर्शन परिषद के अधिवेशन के अवसर पर आदर्श विकास नीति के दार्शनिक आधार पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। 28 मार्च से 30 मार्च 99 को आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार में "छल का सम्प्रत्यय अर्थ एवं भेद" विषय पर शोध पत्र वाचन किया। गुरुकुल पत्रिका के विशेषांक "न्यायाधीश महावीर सिंह स्मृति अंक" जून- उनके जीवन पर लेख प्रकाशित। स्टाफ कालेज कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित चार सप्ताह का ओरियन्टेशन कोर्स उत्तीर्ण किया।

प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग

वर्तमान सत्र में प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के सदस्यों की गतिविधियों का वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है-

1. **प्रो० श्यामनारायण सिंह**–

   डॉ० सिंह के निर्देशन में इस सत्र में एक छात्र को पी.एच.डी. उपाधि प्रदान की गई तथा दो छात्र शोध हेतू पंजीकृत किये गये। इस प्रकार इस सत्र में कुल 6 शोध छात्र इनके निर्देशन में शोध रत है।

2. **डॉ० काशमीर सिंह भिण्डर**–**रीडर**

   डॉ० भिण्डर के निर्देशन में इस वर्ष जहाँ दो छात्रों को पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई वहीं दो शोध छात्रों का शोध कार्य प्रगति पर है।

3. **डॉ० राकेश शर्मा**– **रीडर एवं विभागाध्यक्ष**

   इस सत्र में डा० शर्मा विभिन्न विश्वविद्यालयों में परीक्षक भी नियुक्त हुये अध्यापन के अतिरिक्त आपके निर्देशन में एक छात्र पी.एच.डी. उपाधि से सम्मानित हुआ और 2 छात्रों का शोध कार्य प्रगति पथ पर अग्रसर है।

4. **डॉ० प्रभात कुमार**–**प्रवक्ता**

   स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्यापन के साथ-साथ डॉ० प्रभात कुमार ने अपने निर्देशन में हरिद्वार के आसपास के पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों का सर्वेक्षण कर इस क्षेत्र में नई जानकारी प्रदान की साथ ही सर्वेक्षण द्वारा विभाग को महत्वपूर्ण पुरावशेष प्रदान किये। जिनमें कुषाण काल से लेकर प्रतिहार काल के अवशेष महत्वपूर्ण हैं साथ ही डॉ० प्रभात कुमार ने छात्रों को मथुरा संग्रहालय और कलसी जैसे एतिहासिक स्थल का भ्रमण भी कराया।

5. **डॉ० देवेन्द्र कुमार गुप्ता**– **प्रवक्ता**

   डा० गुप्ता इस सत्र में एतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण दो लेखों को लिखा।

पुरातत्व संग्रहालय
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार

इस वर्ष पुरातत्व संग्रहालय को वन्य जीवन के विश्व प्रसिद्ध छायाकार रामेश बेदी द्वारा वन्य जीवन से संबंधित ६८ छायाचित्र एवं अन्य जैविक तथा वानस्पतिक सामग्री प्रदान की गई। इस वर्ष लगभग ५००० पर्यटकों और विद्यार्थियों ने संग्रहालय का भ्रमण किया। इसमें बड़ी संख्या अनेक देशी एवं विदेशी शिक्षा शास्त्रियों, प्रशासनिक अधिकारियों और लोक सेवकों की रहीं जिसमें कुछ प्रमुख नाम इस प्रकार है- **श्री विद्या सागर**, पोर्ट मोरेस्बी, में भारतीय उच्चायुक्त, ले० जनरल **ओ०पी० कौशिक**- कुलपति महर्षि दयानन्द वि०वि० रोहतक, **श्री जगमोहन सिंह राजपूत**-अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, **डा० इन्दूप्रकाश पाण्डे**-निदेशक भारतीय संस्कृति संस्थान फैंकफुर्ट, जर्मनी एवं **श्री करतार सिंह**-सहायक आयुक्त केन्द्रीय विद्यालय संगठन, देहरादून। इन सबके अतिरिक्त इसी वर्ष पुरातत्व संग्रहालय की लगभग ४५ पृष्ठों की एक विस्तृत विवरण पुस्तिका का भी प्रकाशन हुआ।

पुरातत्व संग्रहालय के सदस्यों की इस सत्र की गतिविधियों का वर्णन विवरण निम्न रूप से दिया जा सकता है।

डा० राकेश शर्मा–निदेशक

पुरातत्व संग्रहालय में डा० रामेश बेदी से संग्रहालय हेतु वन्य जीवन के छाया चित्र प्राप्त करने और संग्रहालय में उनकी एक नवीन वीथिका नियोजित करने में सक्रिय योगदान दिया। साथ ही संग्रहालय की विस्तृत विवरण पुस्तिका प्रकाशित करने में योगदान दिया।

आपने अपने पदानुरूप कार्यों का सफलता पूर्वक निर्वाह करने के साथ-साथ अष्ट धातु प्रतिमा कक्ष को पुनर्नियोजित करने का कार्य किया।

डा० सूर्यकान्त श्रीवास्तव– संग्रहपाल

आपने अपने पदानुरूप कार्यों का सफलतापूर्वक निर्वाह करते हुए अष्टधातु प्रतिमा कक्ष को पुनर्नियोजित करने का कार्य किया।

डा० सुखबीर सिंह – सहायक संग्रहपाल

डा० सिंह ने वन्य जीव छाया चित्र वीथिका को नियोजित किया, विशिष्ट अतिथियों को संग्रहालय का भ्रमण कराने के साथ-साथ पुरातत्व संग्रहालय विज्ञान के छात्रों का अध्यापन भी किया।

श्री अनिल कुमार सिंह – संग्रहालय सहायक

श्री सिंह ने नवीन गैलरी के निर्माण में डा० सुखबीर सिंह को सहयोग देने के साथ-साथ संग्रहालय की विवरण पुस्तिका के लेखन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अतिरिक्त पुरातत्व एवं संग्रहालय विज्ञान की स्नातक कक्षाओं एवं अभिलेख शास्त्र की स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्यापन भी किया। इसी वर्ष श्री अनिल कुमार सिंह ने संग्रहालय की तकनीकि से संबद्ध आधुनिकतम जानकारी प्राप्त करने हेतु इण्टेक एवं राज्य संग्रहालय लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित २१ दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक पूरा किया।

श्री अरविन्द कुमार ने कार्यशाला से संबद्ध कार्यों को करने के अतिरिक्त संग्रहालय की व्यवस्थाओं और इतिहास विभाग की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय योगदान दिया।

योग विभाग

इस वर्ष विभाग में डा० नरेश कुमार, निदेशक, केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली, डा० पीताम्बर झा, कैवल्यधाम लोणावला (पूना) महाराष्ट्र, डा० एच.जी. नोतानी, गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय जामनगर तथा डा० जे०पी० दौनेरिया कैवल्यधाम दिल्ली द्वारा उपयोगी व्याख्यान दिए गए।

शिक्षकों की गतिविधियाँ –

(क) डा० ईश्वर भारद्वाज, विभागाध्यक्ष

मोरारजी देसाई, राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली में आयोजित योग के रि-ओरियंटेशन पाठ्यक्रम में अतिथि व्याख्यान दिए। केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली के द्वारा विभिन्न केन्द्रों के निरीक्षण के लिए विशेषज्ञ नामित। केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद्

कुलपताका गीत के समय विश्वविद्यालय के पदाधिकारी

द्वारा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के विभिन्न पाठ्यक्रमों के नियमोपनियमों तथा पाठ्यक्रमों को अन्तिम रूप दिए जाने के लिए आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया। पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय जौनपुर द्वारा कालिज एफिलिएशन समिति में विशेषज्ञ के रूप में नामित। डा० हरिसिंह गौर वि०वि० सागर में 'योग द्वारा स्वास्थ्य' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार में मुख्य वक्ता के रूप में पत्रवाचन।

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के प्रबन्धन संकाय में **'Management in New Millenium'** विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'मानसिक तनाव एवं योगाभ्यास' विषय पर पत्रवाचन। प्रौढ़ एवं सतत् शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो ओरियंटेशन पाठ्यक्रमों में अतिथि व्याख्यान दिए।

'माता एवं शिशु स्वास्थ्य संरक्षण' के विषय पर राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय गुरुकुल कांगड़ी में आयोजित कार्यक्रम में 'योग द्वारा माता व शिशु के स्वास्थ्य का संरक्षण' विषय पर व्याख्यान दिया। विभिन्न विश्वविद्यालयों की शिक्षा समिति (योग) में विषय विशेषज्ञ के रूप में नामित।

(ख) डा० सुरेन्द्र कुमार (प्रशिक्षक)-
विभागीय अध्यापन/प्रशिक्षण कार्य में विभागाध्यक्ष के निर्देशानुसार कार्य किया। शोध प्रबन्ध का प्रकाशन हुआ।

(ग) डा० सुरक्षित गोस्वामी (प्रशिक्षक)
पी-एच.डी. उपाधि प्राप्त की। स्थानीय रोगियों को योग चिकित्सा उपलब्ध कराई। अध्यापन कार्य में सहयोग किया। सागर वि०वि० में योग सेमीनार में भाग लिया।

(घ) श्री योगेश्वर दत्त (प्रशिक्षक)
अध्यापन कार्य में सहयोग किया।

शारीरिक शिक्षा विभाग

वर्ष ६८-६६ में विभाग के अन्तर्गत बैडमिन्टन तथा टेबल टैनिस अन्तर संकाय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में चुने हुए खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय की ओर से उत्तर क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भेजा गया। इस वर्ष वॉलीवाल, कबड्डी, क्रिकेट तथा हॉकी की टीमों ने भी उत्तर क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लिया। एथेलेटिक्स तथा कुश्ती की टीमों ने अखिल भारतीय अन्तर वि०वि० प्रतियोगिताओं में भाग लिया। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में गु०कां०वि०वि० के एम०ए० संस्कृत प्रथम वर्ष के छात्र श्री रमेश कुमार ने सात विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों को पराजित कर अंकों के आधार पर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

इस वर्ष विभाग के अन्तर्गत डा० आर०के०एस० डागर के निर्देशन में उत्तर क्षेत्र अन्तर वि०वि० टेबल टेनिस प्रतियोगिता (महिला एवं पुरुष) का आयोजन किया गया जिसमें पुरुष वर्ग में २६ टीमों ने तथा महिला वर्ग में १८ टीमों ने भाग लिया। इस वर्ष वि०वि० के प्रांगण में रिकार्ड समय में राष्ट्रीय स्तर के दो बॉस्केटबाल कोर्टो का निर्माण कराया गया। दिनांक ४-१२-६८ को ही कुलाधिपति जी द्वारा उत्तर क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विश्वविद्यालयों की २० टीमों ने भाग लिया। दिनांक १३-२-६६ को कुलपति इलेवन तथा जिलाधिकारी इलेवन के बीच एक सदभावना मैच खेला गया। इस वर्ष वार्षिक खेलों के अन्तर्गत एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें वि०वि० के छः संकायों के १५० से अधिक खिलाड़ियों ने आठ स्पर्धाओं में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में एम०ए० संस्कृत प्रथम वर्ष के छात्र श्री रमेश कुमार को अंकों के आधार पर वर्ष १६६८-६६ को सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया। वि०वि० की तरफ से जिला स्तरीय तथा मण्डल स्तरीय प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स, कबड्डी तथा कुश्ती की टीमों ने भाग लिया। इस वर्ष वि०वि० की बैडमिन्टन टीम ने उत्तर क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के क्वार्टर फाईनल में चण्डीगढ़ वि०वि० की टीम से खेला। डा० आर०के०एस० डागर ने दिल्ली वि०वि० द्वारा आयोजित दो दिवसीय वर्कशाप में भाग लिया जिसमें अमेरिका से आये वैज्ञानिकों ने "एक्ससाइज फिजोलोजी" पर विस्तार से प्रकाश डाला। डा० आर०के०एस० डागर, निदेशक शारीरिक शिक्षा ने हरिद्वार में आयोजित राष्ट्रीय क्रॉस कन्ट्री दौड़ में सह सचिव के रूप में प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। डा० आर०के०एस० डागर ने प्रौढ़ शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी में "वूमैन एमपावरमेन्ट" पर पेपर पढ़ा।

मानविकी संकाय

मानविकी संकाय के अन्तर्गत हिन्दी, अंग्रेजी, मनोविज्ञान विषय में एम०ए० तथा विद्यालंकार (बी.ए.) व सामान्य अलंकार (बी.ए.) स्तर पर हिन्दी, अंग्रेजी, मनोविज्ञान, संस्कृत, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व, योग, व्यावहारिक हिन्दी, व्यावहारिक अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, गणित तथा कम्प्यूटर विज्ञान आदि विषयों का अध्यापन किया जाता है। हिन्दी विभाग के अन्तर्गत पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा का अध्ययन किया जा रहा है।

हिन्दी विभाग

विभागीय पाठ्यक्रम समिति की बैठक में हिन्दी-विभाग के अन्तर्गत पत्रकारिता में एम.ए. का पाठ्यक्रम लागू करने की संस्तुति की गई जिसे शिक्षा-समिति की बैठक में भी स्वीकृति मिल गई है। हिन्दी पत्रकारिता पी.जी. डिप्लोमा में विगत दो वर्षों में छात्र संख्या में कई गुणा बृद्धि हुई।

प्रयोजनमूलक हिन्दी का पाठ्यक्रम भी लागू कर दिया गया है। इस वर्ष विभाग के विविध कार्यक्रमों में डा० श्यामसुन्दर शुक्ल, डा० शुकदेव सिंह, डा० श्रीनिवास पांडेय (सभी काशी), डा० महेन्द्रनाथ दुबे (आगरा), डा० नरेश मिश्र (रोहतक), डा० हरिमोहन (गढ़वाल), डा० तारकनाथ वाली (दिल्ली), आदि विद्वानों ने समय समय पर आकर विभाग को लाभान्वित किया।

प्रो० विष्णुदत्त राकेश

आचार्य डा० विष्णुदत्त राकेश को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए भारत माता मन्दिर समन्वय सेवा न्यास हरिद्वार का राष्ट्रीय समन्वय पुरस्कार, संघड़सभा जयपुर का आचार्य गोवर्धन शास्त्री पुरस्कार तथा उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ बिजनौर अधिवेशन का प्रथम समदिकाचार्य रूद्रदत्त शर्मा एवार्ड प्राप्त हुआ। उनके गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली पर प्रकाशित खण्डकाव्य 'नभग' का विमोचन सुप्रसिद्ध हिन्दी आलोचक डा०नामवर सिंह ने किया। पद्मभूषण डा० शिवमंगल सिंह सुमन ने कथ्य तथा शिल्प की दृष्टि से इसे कामायनी के बाद हिन्दी का दूसरा श्रेष्ठ काव्य बताया है। उनकी दो महत्वपूर्ण सम्पादित पुस्तकों 'कुलपुत्र सुनें' तथा 'स्वामी

श्रद्धानन्द की सम्पादकीय टिप्पणियाँ, का विमोचन विश्वविद्यालय के परिद्रष्टा प्रो० शेर सिंह ने किया। डा० राकेश चारों वेदों के हिन्दी काव्यान्तरण का कार्य कर रहे हैं। डा० राकेश के निर्देशन में संजय वर्मा को 'हिन्दी में आर्य समाज की विज्ञान पत्रकारिता' शीर्षक शोध प्रबन्ध पर पी-एच०डी० की उपाधि प्राप्त हुई।

डा० सन्तराम वैश्य

डा० वैश्य के निर्देशन में कु० शिवानी को आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के उपन्यासों में नारी पात्रों की भूमिका शीर्षक शोध प्रबंध पर पी-एच०डी० की उपाधि प्राप्त हुई। 'हिन्दी अनुशीलन' पत्रिका में 'नव जागरण' आर्य समाज और हिन्दी साहित्य, गुरुकुल पत्रिका में 'स्वामी श्रद्धानन्द : हिन्दी साहित्यकार के रूप में, तथा आधुनिक साहित्यिक निबन्ध (सम्पा०- डा० त्रिभुवन सिंह) में पाश्चात्य अलंकार, मानवीकरण, विशेषण विपर्यय और ध्वन्यर्थ व्यंजना शीर्षक लेख प्रकाशित हुए। कबीर की प्रासंगिकता शीर्षक लेख प्रकाशन के लिए स्वीकृत हुआ।

डा० ज्ञानचन्द्र रावल

सत्र 1998-99 में 6 शोध छात्रों को निर्देशन दिया गया जिनमें से कु० मोनिका को 'विष्णु प्रभाकर के नाटकों में युगबोध' पर पी-एच०डी० की उपाधि प्राप्त हुई। दो शोधार्थी जिनके विषय- 'हिन्दी साहित्य में गंगा' तथा हरियाणा के लोक गीतों पर आर्यसमाज का प्रभाव पंजीकृत हुए हैं। विगत दिनों शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में पी-एच०डी० की मौखिकी परीक्षा हेतु परीक्षक कार्य किया। वर्ष 1998 में दूसरी पुस्तक 'हरिऔध के महाकाव्यः वस्तु और शिल्प' प्रकाशित हुई है।

डा० भगवानदेव पांडेय

डा० भगवान देव पांडेय वर्तमान समय में हिन्दी के विभागाध्यक्ष पद पर कार्य कर रहे हैं। इन्होंने बालकृष्ण शर्मा नवीन पर आयोजित संगोष्ठी काशी विद्यापीठ तथा नागरीलिपि परिषद की संगोष्ठी-दिल्ली में भाग लिया और अपना लेख वाचन किया। साथ ही पुनश्चर्या पाठयक्रम रोहतक में व्याख्यान दिया। इस वर्ष इनकी दो पुस्तकें-संस्मरण एवं रेखाचित्र तथा रामचरित मानस के व्युत्पत्तिमूलक तत्समेतर शब्द प्रकाशित हुई।

घोष के साथ विद्यालय के छात्र

श्री कमलकान्त बुधकर

श्री कमलकान्त बुधकर वर्ष भर अध्यापन के अतिरिक्त पत्रकारिता के छात्रों को प्रायोगिक परीक्षार्थ भोपाल (म०प्र०) लेकर गए, जहाँ अनेक वरिष्ठ पत्रकारों के व्याख्यान कराए।

अंग्रेजी विभाग

विभागाध्यक्ष श्री सदाशिव भगत के निर्देशन में तीन शोध छात्र/छात्राएं कार्यरत हैं। श्री भगत ने इस वर्ष विभिन्न विश्वविद्यालयों की शोधोपाधि हेतु आई थीसिस का मूल्यांकन किया।

डा० श्रवण कुमार शर्मा के निर्देशन में सात छात्र/छात्राएं पी.एच.-डी. हेतु कार्यरत हैं। अनेक विश्वविद्यालयों में रिफ्रेशर कोर्स के रिसोर्स परसन का कार्य किया। कुछ शोध लेख भी प्रकाशित हुए।

डा० अम्बुज शर्मा ने शोध निर्देशक के अलावा इस वर्ष "महात्मा गांधी एवं स्वामी श्रद्धानन्द" पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

डा० कृष्ण अवतार अग्रवाल के सम्पादकत्व में "वैदिक पथ" अंग्रेजी पत्रिका का प्रकाशन निरन्तर चल रहा है। स्वामी श्रद्धानन्द अनुसंधान प्रकाशन केन्द्र द्वारा प्रकाशित "स्वामी श्रद्धानन्द की सम्पादकीय टिप्पणियां" के लिए सह सम्पादक का कार्य किया। डा० अग्रवाल के संयोजकत्व में अंग्रेजी के समकालीन साहित्य के राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। इनके निर्देशन में शोध छात्राएं कार्यरत हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पी.एच-डी. के परीक्षक रहे एवं अनेक गोष्ठियों में शोध पत्र पढ़े। इनकी पुस्तक "Duches of Malfi & Julious Ceaser" प्रकाशित हुई।

इस वर्ष विभाग में प्रोफेसर पद पर डा० मुकेश रंजन वर्मा की नियुक्ति हुई।

मनोविज्ञान विभाग

इस सत्र में हुई शोध समिति की बैठक में तीन विषय शोध कार्य के लिए स्वीकार किए गए। इस सत्र में चार छात्रों ने अपना शोध कार्य पूरा करके शोध प्रबन्ध भी जमा किया।

विभाग के शिक्षकों की शैक्षणिक गतिविधियां इस प्रकार है :

प्रो० ओ०पी० मिश्र :

प्रो० ओ० पी० मिश्र के निर्देशन में तीन शोध छात्राओं ने अपना शोध कार्य पूरा किया। प्रो० मिश्र ने गढ़वाल विश्वविद्यालय के

बोर्ड ऑफ स्टडीज तथा शोध समिति में विषय विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया। इसके अतिरिक्त गोरखपुर विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के चयन हेतु प्रो० मिश्र को विषय विशेषज्ञ के रूप में राज्यपाल, उत्तर प्रदेश द्वारा नामित भी किया गया। प्रो० मिश्र ने आई०ए०पी० कान्फ्रेंस में भी भाग लिया है।

डा० एस०के० श्रीवास्तव :

डा० एस०के० श्रीवास्तव ने इण्डियन काउंसिल ऑफ सोशल साईंस रिसर्च द्वारा स्वीकृत प्रोजेक्ट कार्य पूरा करके सितम्बर 1998 में प्रोजेक्ट रिपोर्ट जमा की। दो शोध पत्र प्रकाशित होने के लिए भेजे गये हैं। दो मनोवैज्ञानिक परीक्षणों की संरचना तथा मानकीकरण का कार्य चल रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृत प्रोजेक्ट पर कार्य चल रहा है। वर्तमान में डा० श्रीवास्तव के निर्देशन में चार शोध छात्र अपना शोध कार्य कर रहे हैं।

डा० सी०पी० खोखर :

डा० सी०पी० खोखर के दो शोध पत्र प्रकाशित किए गए तथा चार शोध पत्र प्रकाशन हेतु भेजे गए। डा० खोखर ने तीन राष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया। डा० खोखर के निर्देशन में एक शोध छात्र ने अपना शोध प्रबन्ध जमा कर दिया है। इसके अतिरिक्त डा० खोखर के निर्देशन में चार छात्र शोध का कार्य कर रहे हैं।

श्री लालनरसिंह नारायण :

श्री लाल नरसिंह नारायण विभाग में तदर्थ रूप से प्रवक्ता पद पर कार्य कर रहे हैं।

• • •

प्रौढ़ सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग

प्रौढ़ सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग गत वर्षों की आख्याओं के आकलन के आधार पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्रांक 8 सितम्बर 1997 के अनुसार फेज-2 में रखा गया। तदनुसार नवीं प्लान हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया।

सत्र 1998-99 में विभाग में निम्नलिखित कार्यक्रम संचालित किये गये।

1. पी०जी०टी० एवं टी०जी०टी० हेतु 5 दिवसीय ओरियेंटेशन कार्यशाला कार्यक्रम नवम्बर 3-7, 1999 तक आयोजित किया गया।
2. प्राथमिक शिक्षकों का 5 दिवसीय ओरियेंटेशन कार्यक्रम फरवरी 24-28, 1999 तक आयोजित किया गया।
3. सौंदर्य प्रसाधन संबंधी 6 माह का प्रशिक्षण जनवरी 1999 से आयोजित किया जा रहा है।
4. जनसंख्या एवं शिक्षा नामक पुस्तक का प्रकाशन किया गया।
5. भारतीय स्वतन्त्रता के पचास वर्ष में शैक्षिक विकास नामक पुस्तक का प्रकाशन किया गया।
6. डा० जसबीर सिंह मलिक की पुस्तक "प्राचीन भारत में पौरोहित्य" प्रकाशित हुई।

पुस्तकालय

पुस्तकालय का विराट संग्रह अपनी विशिष्टताओं के लिये निम्न रूप से विभाजित हुआ है।

संदर्भ संग्रह, पत्रिका संग्रह, आर्य साहित्य संग्रह, आयुर्वेद संग्रह, विभिन्न विषयों का हिन्दी संग्रह, विज्ञान संग्रह, अंग्रेजी साहित्य संग्रह, पं० इन्द्रजी संग्रह दुर्लभ पुस्तक संग्रह, पांडुलिपि संग्रह, गुरुकुल प्रकाशन संग्रह, प्रतियोगितात्मक संग्रह शोध प्रबन्ध संग्रह, रूसी साहित्य संग्रह, आरक्षित पाठ्य पुस्तक संग्रह, उर्दू संग्रह मराठी संग्रह, गुजराती संग्रह, गुरुकुल प्राध्यापक एवं स्नातक संग्रह, मानचित्र संग्रह वेदमंत्र कैसेट संग्रह।

पुस्तकालय की विशिष्टताएँ : यह पुस्तकालय देश का एकमात्र ऐसा पुस्तकालय है जहाँ आर्यसमाज की पुस्तकों का संग्रह एक पृथक वीथिका के रूप में किया हुआ है।

पत्रिका विभाग : विश्वविद्यालय पुस्तकालय द्वारा आलोच्य वर्ष 1998-99 में 261 पत्रिकायें मंगवाई गई जिनमें से 29 पत्रिकायें विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं के विनिमय में प्राप्त हुई है। राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न विषयों की पत्रिकायें मंगाने में लगभग एक लाख रूपये आलोच्य वर्ष में व्यय किये गये तथा 59 पत्रिकाओं की जिल्दबंदी की गई।

अधिग्रहण विभाग : आलोच्य वर्ष में 3,22,080.00 रु० की 1453 पुस्तकें क्रय की गई। भारत सरकार तथा उ०प्र० सरकार द्वारा लगभग 109345.50 रु० की 491 पुस्तकें भेंटस्वरूप प्राप्त हुई हैं।

तकनीकी विभाग : तकनीकी विभाग द्वारा आलोच्य वर्ष में 2550 पुस्तकों को विषयानुसार वर्गीकृत तथा 2468 पुस्तकों को सूचीकृत किया गया। 4600 पुस्तकों पर टैग आदि का कार्य किया गया।

पुस्तक आवर्तन विभाग : पुस्तक आवर्तन विभाग द्वारा कुल 12303 पुस्तकें इश्यू की गई तथा 7323 पुस्तकें वापस की गई। जिसके अन्तर्गत विभागीय खातों में इश्यू 473 पुस्तकें शामिल हैं।

प्रलेखन विभाग : विश्वविद्यालय पुस्तकालय में उपलब्ध पाठ्य सामग्री को पाठकों की सुविधा हेतु पुस्तकालय द्वारा समय-समय पर सूचीबद्ध कर प्रकाशित किया जा रहा है।

दीक्षान्त स्थल की ओर जाते पदाधिकारी एवं अन्य

इसके अब तक निम्न प्रकाशन प्रकाशित किये जा चुके हैं।

1. क्लासिकल राइटिंग ऑन वैदिक एण्ड संस्कृत लिट्रेचर।
2. शोध एवं प्रकाशन संदर्भ।
3. शोध सारावली।
4. कैटलॉग ऑफ बुक्स इन इंगलिश लैंग्वेज ऑन लिट्रेचर इन लाइब्रेरी।
5. थिसिस इन गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार।
6. करन्ट लिस्ट ऑफ पेरियोडिकल्स।
7. पुस्तकालय में उपलब्ध 17वीं तथा 19वीं शताब्दी की पुस्तकों का कैटलॉग निर्माण।

श्रद्धानन्द अनुसंधान प्रकाशन केन्द्र

निदेशक डा० विष्णुदत्त राकेश एवं पुस्तकालयाध्यक्ष के निर्देशन में प्रकाशित पुस्तकों से आलोच्य वर्ष में 46,407.50 रु० की आमदनी हुई तथा 6350.00 रु० की 35 पुस्तकें विनिमय में प्राप्त हुई। अब तक कुल 2,67,652.50 रु० की बिक्री विश्वविद्यालय को इन प्रकाशनों से हुई है। अनुसंधान प्रकाशन निम्न है-

1. वैदिक साहित्य संस्कृति एवं समाज दर्शन
2. वेद का राष्ट्रीय गीत
3. वेद और उसकी वैज्ञानिकता
4. श्रुतिपर्णा
5. स्वामी श्रद्धानन्द
6. दीक्षालोक
7. भारत वर्ष का इतिहास भाग-प्रथम एवं द्वितीय
8. कुलपुत्र सुनें।
9. स्वामी श्रद्धानन्द के सम्पादकीय लेख
10. स्वामी श्रद्धानन्द की सम्पादकीय टिप्पणियां
11. स्वामी श्रद्धानन्द : एक विलक्षण व्यक्तित्व
12. स्वामी श्रद्धानन्द : समग्र मूल्यांकन
13. पं० इन्द्र विद्यावायस्पति : कृतित्व के आयाम

● ● ●

पुस्तकालय, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

पुस्तकालय के स्टाक में उपलब्ध पुस्तकों का विवरण वर्ष 1998-99

क्र.सं०	विभाग का नाम	गत वर्ष तक की पुस्तकों की संख्या	पुस्तकों का मूल्य	वर्ष में क्रय की गई पुस्तकें	वर्ष में किया गया व्यय	वर्ष के अंत में कुल पुस्तकों की संख्या	पुस्तकों का कुल मूल्य
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	संस्कृत	9691	2,71,492.55	43	4,731.00	9734	2,76,223.55
2.	हिन्दी	12140	4,62,734.24	83	8,492.00	12223	4,71,226.24
3.	वेद	7953	3,41,795.25	38	7,249.00	7991	3,49,044.25
4.	मनोविज्ञान	3749	2,71,872.15	70	7,396.50	3819	2,79,268.65
5.	इतिहास	3919	2,30,811.00	46	7,977.00	3965	2,38,788.00
6.	दर्शन	2954	2,22,220.25	36	9,124.00	2990	2,31,344.25
7.	योग	150	13,242.60	78	6,182.50	228	19,425.10
8.	अंग्रेजी	5336	2,41,016.30	29	11,805.00	5365	2,52,821.30
9.	गणित	4099	3,19,235.33	235	41,887.00	4334	3,61,122.33
10.	रसायन	4437	3,80,962.38	196	33,971.00	4633	4,14,933.38
11.	भौतिकी	4123	2,34,421.35	96	29,075.00	4219	2,63,496.35
12.	जन्तु विज्ञान	3968	3,04,931.33	15	25,213.00	3983	3,30,144.33
13.	वनस्पति विज्ञान	2860	2,25,028.20	75	15,818.00	2935	2,40,846.20
14.	सामान्य विषय	49217	5,01,920.87	230	65,911.00	49447	5,67,831.87
15.	पत्रिकायें	1084	7,24,761.24	261	86,012.50	1345	8,10,773.74
16.	कम्प्यूटर	2329	5,42,541.24	69	9,877.00	2398	5,52,418.24
17.	कन्या गुरुकुल देहरादून	401	2,10,571.53	-	-	401	2,10,571.53
18.	हिमालय रिसर्च	5	1,137.00	-	-	5	1,137.00
19.	डीसीए कम्प्यूटर	139	52,973.39	-	-	139	52,973.39
20.	अर्थशास्त्र	79	3,830.33	11	1029.00	90	4,859.33
21.	दान स्वरूप पुस्तकें	4836	17,700.00	491	1,3738.70	5327	31,438.70
22.	कन्या महाविद्यालय, हरिद्वार	1351	1,40,192.00	-	-	1351	1,40,192.00
23.	राजनीति शास्त्र	53	4,393.10	-	-	53	4,393.10
24.	पी.एम.आई.आर.	771	75,760.35	-	-	771	75,760.35
25.	पर्यावरण विज्ञान	230	91,186.00	46	3,3,629.00	276	1,24,815.00
26.	इण्डस्ट्रियल वोकेशनल	223	45,585.00	36	2,713.00	259	48,298.00
27	एम.बी.ए.	1343	6,78,393.00	-	-	1343	6,78,393.00
	कुल	1,27,440	66,10,707.98	2184	4,21,831.20	1,29,624	70,32,539.18

राष्ट्रीय छात्र सेना (एन.सी.सी.)

उपक्रम - १/३१ यू.पी.एन.सी.सी. कम्पनी
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

वर्तमान में १/३१ यू.पी.एन.सी.सी. कम्पनी गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय को एन.सी.सी. मुख्यालय लखनऊ से दो प्लाटून की स्वीकृति है जिसके अन्तर्गत विश्वविद्यालय के १०२ छात्र कैडट के रूप में पंजीकृत हैं।

इस सत्र में भी एन.सी.सी. के प्रथम वर्ष के प्रशिक्षण हेतु विश्वविद्यालय के ५२ छात्रों का चयन एन.सी.सी. कैडट के रूप में विश्वविद्यालय प्रांगण में एन. सी.सी. आफिसर कैप्टन डा. राकेश शर्मा एवं ३१ यू.पी.एन.सी.सी. बटालियन के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विश्वविद्यालय के कैडेटस का सत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बी.एच.ई.एल. के परेड ग्राउण्ड व विश्वविद्यालय परिसर में चला। इसके अतिरिक्त इस सत्र में रक्षा मंत्रालय भारत सरकार से सम्बद्ध एन.सी.सी. मुख्यालय द्वारा एन.सी.सी. का बटालियन सार का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर रायपुर, देहरादून में ले० कर्नल एम.बी. थपलियाल के निर्देशन में आयोजित किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के ३० छात्र कैडेट्स के पूर्ण उत्साह के साथ गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस सत्र में विश्वविद्यालय के पूर्व सीनियर अनउर आफिसर शुभम अग्रवाल को लार्ड एडिनब्रा एवार्ड के लिये बटालियन स्तर पर चुना गया और उनका संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा में चयन हो गया। संम्प्रति शुभम अग्रवाल भारतीय सैना अकादमी, देहरादून में सेकेन्ड लैफ्टिनेन्ट पद का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें हैं।

गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी एन.सी.सी. की 'बी' तथा 'सी' प्रमाण पत्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत क्रमश ७५ एवं ६० रहीं। यह प्रमाण पत्र २६ जनवरी गणतन्त्र दिवस के अवसर पर माननीय कुलपति डा. धर्मपाल द्वारा कैडट्स को वितरित किये गये।

राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) वार्षिक विवरण

इस वर्ष ३०६ छात्र योजना के अन्तर्गत पंजीकृत रहे।

१. नियमित कार्यक्रमों के अन्तर्गत छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर तथा कांगड़ी गाँव एवं जगजीतपुर गाँव में अनेक प्रकार के कार्य किये।

२. कार्यक्रम अधिकारी डा० प्रकाश जोशी के नेतृत्व में यू०टी०ए० प्रोग्राम के अन्तर्गत निबन्ध, चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगितायें आयोजित की तथा ३० छात्रों को पुरस्कृत किया गया एवं १०० से अधिक छात्रों को कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किए गये।

३. पल्स पोलियो प्रोग्राम के अन्तर्गत छात्रों ने जिला स्तर पर अत्यन्त सराहनीय कार्य किया, तथा डा० प्रकाश जोशी एवं डा० देवेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में विभिन्न अस्पतालों एवं अनेक चिकित्सकों को सहयोग देते हुये लगभग ५००० बालकों को छात्रों के माध्यम से दवा प्रदान की गई।

४. विशेष शिविर योजना के अन्तर्गत समन्वयक प्रो० वी०डी० जोशी के निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारी डा० देवेन्द्र गुप्ता की भागीदारी में इस वर्ष का १० दिवसीय शिविर चंडी पुल लेप्रोशी कालोनी तथा कांगड़ी गाँव में आयोजित किए गए, छात्रों ने कुष्ठ आश्रम में मार्ग निर्माण, वृक्षारोपण, साक्षरता अभियान तथा रोगियों की सेवा के कार्य किये। कांगड़ी गाँव में छात्रों ने लगभग १ कि०मी० खड़न्जों (मार्ग) की मरम्मत तथा १ कि०मी० बांध निर्माण में श्रमदान किया एवं ग्रामीणों को स्वास्थ्य परिवार नियोजन एवं एड्स सम्बन्धी जानकारी दी।

५. छात्रों ने हरिद्वार की गरीब तबकों की आबादी वाले क्षेत्रों में रहने वाले २००० परिवारों का तपेदिक की बिमारी हेतु सर्वेक्षण किया तथा डा० के०एन० गम्भीर द्वारा निःशुल्क चिकित्सा दी गई।

६. योजना के समन्वयक प्रो० वी०डी० जोशी के निर्देशन में U.N.I.C.E.F. द्वारा प्रायोजित एक त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। मातृत्व एवं बाल विकास से सम्बन्धित समस्यायें वाली इस कार्यशाला में गढ़वाल, कुमाऊँ, मेरठ एवं गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के ३० कार्यक्रम अधिकारियों १० स्थानीय छात्र-छात्राओं तथा लखनऊ एवं बनारस से आये विशेषज्ञों ने भाग लिया।

मंचस्थ पदाधिकारी एवं सीनेट के सदस्य

प्रबन्धन संकाय

राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन :

फरवरी 18-20, 1999 प्रबन्धन संकाय ने "नई सहस्त्राब्दि में प्रबन्ध : भारतीय सन्दर्भ" विषय पर त्रिदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न प्रान्तों से आये ख्यातिलब्ध विद्वानों तथा प्रबन्धकों ने भाग लिया।

संकाय में दिनांक 11 अप्रैल, 1999 को संकाय में "वैदिक प्रबन्ध व्यवस्था" विषय पर एक दिवसीय वैदिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

शोध–पत्र एवं व्याख्यान :

संकाय के अध्यापकों श्री एस.सी. धमीजा ने तीन, श्री एस.पी. सिंह ने २, डा० विवेक साहनी ने दो, डा० वी.के. सिंह ने तीन, श्री पंकज मदान ने एक शोध पत्र पढ़ा एवं प्रकाशित हुआ। विभाग के डा० अनिल धीमान ने भी एक शोध पत्र सेमिनार में पढ़ा।

ओरियंटेशन कोर्स :

डा० वी०के० सिंह, प्रवक्ता, प्रबन्धन संकाय द्वारा गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर से इस सत्र में ओरियंटेसन कोर्स किया।

आमन्त्रित व्याख्यान :

विभाग में विभिन्न विद्वानों के आमंत्रित व्याख्यान हुए।

भवन निर्माण :

प्रबन्धन संकाय के भवन के विस्तारीकरण के अन्तर्गत संकाय में 148 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता का आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कान्फ्रेन्स हॉल निर्मित है।

विज्ञान महाविद्यालय

पं० जवाहर लाल नेहरू, प्रथम प्रधान मंत्री भारत सरकार द्वारा उद्घाटित विज्ञान महाविद्यालय में तीन संकाय सन्निहित हैं। विज्ञान संकाय, जीव विज्ञान संकाय तथा प्रौद्यौगिकी संकाय। सम्प्रति विज्ञान महाविद्यालय के प्रिंसिपल प्रो० एस०एल० सिंह है।

विज्ञान संकाय के अन्तर्गत (१) गणित एवं सांख्यिकी विभाग (२) रसायन विज्ञान तथा (३) भौतिकी विज्ञान है।

जीव विज्ञान संकाय के अन्तर्गत जन्तु एवं पर्यावरण विज्ञान तथा वनस्पति एवं सूक्ष्म जीविज्ञान है। बी.एस.सी. स्तर तक 'औद्योगिक सूक्ष्म जीव विज्ञान' व्यावसायिक पाठ्यक्रम चलाया जा रहा है।

प्रौद्योगिकी संकाय के अन्तर्गत सम्प्रति कम्प्यूटर विभाग है।

विज्ञान छात्रावास

मनोविज्ञान विभाग के डा० एस० के० श्रीवास्तव को छात्रावास अध्यक्ष का दायित्व दिया हुआ है। विश्वविद्यालय के अन्दर आधुनिक पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विषय छात्रों को पढ़ाये जा रहे है, जिससे बाहर से आने वाले छात्रों की संख्या बढ़ी है। बाहर से आने वाले छात्रों की संख्या को देखते हुए छात्रावास का निरन्तर विकास किया जा रहा है। वर्तमान में छात्रावास के अन्दर १०० छात्रों के रहने की व्यवस्था है तथा छात्रों के लिए मैस की भी सुविधा छात्रावास में है। छात्रावास में सभी संकायों के छात्रों की आवास सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।

गणित एवम् सांख्यिकी विभाग

सत्र 1998-99 में एम.एस-सी. कक्षाएं सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत प्रारम्भ हुई। विभाग में (दिसम्बर 19-22, 1998) इन्डियन मैथेमेटिकल सोसायटी की कान्फ्रेन्स आयोजित की गयी। इसमें विभाग के सभी सदस्यों ने अपना योगदान दिया। विभाग में कम्प्यूटर प्रयोगशाला भी स्थापित हुई।

व्यक्तिगत विवरण

प्रो० श्यामलाल सिंह

लोकल सेक्रेट्री के रूप में I.M.S. कान्फ्रेन्स आयोजित करायी। कुछ छात्र इनके निर्देशन में शोधरत है। आजकल व्याख्यान माला के सम्बन्ध में विदेश यात्रा पर गये हुए हैं।

डा0 वीरेन्द्र अरोड़ा

वैदिक गणित पर सिम्पोजियम के कोआर्डिनेटर के रूप में कार्य किया। कुछ छात्र इनके निर्देशन में शोधरत हैं। कुछ शोध पत्र भी प्रकाशित किये।

डा0 विजयेन्द्र कुमार शर्मा (अध्यक्ष)

कान्फ्रेन्स के शैक्षिक कार्यक्रम में तीन शोध पत्रों का योगदान किया। वैदिक गणित पर एक शोध-पत्र प्रकाशन हेतु प्रेषित है। **"UGC Zonal Workshop for Northern Region on Industrial Mathematics"** में भाग लिया। कुछ छात्र निर्देशन में शोधरत हैं।

डा0 महिपाल सिंह

शोध छात्र को निर्देशन में शोध उपाधि प्राप्त हुई है। एक अन्य शोध छात्र ने शोध उपाधि हेतु शोध ग्रन्थ प्रस्तुत किया हुआ है। एक छात्र का निर्देशन में नवीन पंजीकरण हुआ है। दो शोध पत्र प्रस्तुत किये हैं तथा दो शोध पत्र प्रेषित किये हुए हैं।

डॉ प्रभाकर प्रधान

कान्फ्रेन्स में एक शोध पत्र का योगदान किया। आर्यभट्ट शोध पत्रिका के एडिशनल सेक्रेट्री के रूप में कार्य किया। एक रिफ्रेशर कोर्स तथा एक वर्कशाप डा० भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, खंडारी के गणित विभाग में अटेन्ड किया।

भौतिकी विभाग

वर्ष 1998-99 में भौतिकी विभाग में छात्र संख्या बी०एस-सी० में 354 तथा एम०एस-सी० में 16 रही। पंजीकृत शोध छात्र संख्या 08 थी। जिसमें अक्टूबर 1998 में शोध उपाधि समिति की बैठक में पंजीकरण हेतु स्वीकृत दो शोध छात्र भी शामिल हैं।

डा० पाठक के निर्देशन में श्री प्रदोष कुमार शर्मा ने शोध ग्रन्थ प्रस्तुत किया तथा उस पर पी-एच.डी. की उपाधि प्रदान की गयी। डा० पाठक का एक शोध पत्र **"Optical signal correlation and joint fourier transfrom" J.Natural & Physical Sciences** में प्रकाशन हेतु स्वीकृत हुआ।

इस वर्ष विभाग में लगभग 2 लाख रुपये की लागत से इन्स्ट्रूमेण्टेशन प्रयोगशाला की स्थापना की गयी तथा एम०एस-सी० चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को इण्डस्ट्रियल ट्रेनिंग हेतु दिल्ली व चण्डीगढ़ की कई सरकारी अथवा अर्द्ध सरकारी कम्पनियों में भेजा गया जहाँ उन्होंने व्यवसायोन्मुख ट्रेनिंग प्राप्त की।

विभाग में इण्डियाना विश्वविद्यालय पेंसिलवानियां से भौतिक विज्ञान के प्रोफेसर

देवकी एन० तलवार का एक व्याख्यान हुआ जिसका शीर्षक था "Novel type II superlattices for long wavelength IR detectors".

डा० राजेन्द्र कुमार ने 1998 की परीक्षा में संयुक्त मूल्यांकन अध्यक्ष के रूप में तथा 1999 की परीक्षा में सहायक परीक्षाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। डा० पी०पी० पाठक ने विभाग में Indian Association of Physics Teachers द्वारा संचालित **National Graduate Physics Examination** करवाया जिसमें एक छात्र धानेन्द्र भटनागर का स्थान उ०प्र० राज्य के प्रथम 1 प्रतिशत छात्रों में रहा। डा० पाठक ने बच्चों में विज्ञान के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की जनपदीप स्तर की प्रतियोगिता 10 नवम्बर 1998 को करवायी। इस वर्ष उन्होंने **Regional Coordinator** के रूप में उत्तराञ्चल क्षेत्र की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 21-22 नवम्बर 1998 को किया जिसमें उत्तर प्रदेश के उत्तराञ्चल क्षेत्र से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु बाल वैज्ञानिकों का चयन किया गया।

रसायन विज्ञान विभाग

इस वर्ष रसायन विभाग में प्रो० एस.एन. टण्डन द्वारा "रेडियो धर्मिता" पर व्याख्यान दिये गये।

विभागीय शिक्षकों का प्रगति विवरण

डॉ० आर०डी० सिंह, रीडर एवं विभागाध्यक्ष :

डा० सिंह के निर्देशन में पाँच शोध छात्र पी०एच०डी० उपाधि हेतु कार्यरत हैं। तीन पेपर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। **Indian Science Congress** रिसर्च पेपर भेजा गया। दो छात्रों का **Ph.D Thesis** कार्य लगभग पूर्ण हुआ । डॉ० सिंह द्वारा मेक्रोसाइक्लिक रसायन के आधुनिक क्षेत्र में शोध कार्य कराया जा रहा है। **Cyclic Voltameter** एवं **XY/T Recorder** जो कि आधुनिक तकनीक एवं **Science** के प्रसार एवं विस्तार में बहुत ही सहायक है **Electro Che-mistry** की शाखा में बहुत ही सहायक है की शाखा में यह सर्वोत्तम तकनीक है।

डॉ० ऐ.के. इन्द्रायण, प्रोफेसर, रसायन विभाग :

इस वर्ष जनवरी 1999 से प्रोफेसर पद पर चयन हुआ। एक शोध परियोजना, वानस्पतिक औषधियों (Plant Medicines) से सम्बन्धित को पूर्ण किया। छः शोध-पत्र प्रकाशन के लिए देश के प्रख्यात अन्तर्राष्ट्रीय शोध-पत्रिकाओं में

हवन करते हुए– प्रो० शेरसिंह, डा० धर्मपाल

स्वीकार किये गये। सभी शोध पत्र **Plant Medicines** से सम्बन्धित है। तीन शोध-पत्र भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस व **Indian Council of Chemistry Conrention** में प्रस्तुति हेतु स्वीकार किये गए। ये सभी शोध-पत्र वानस्पतिक औषधियों **Plant Medicines** से सम्बन्धित हैं। इस समय पांच शोध छात्रों का कार्य निर्देशन **Ph.D** हेतु प्रगति पर है। विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त **Journals** में इस सत्र में नौ शोध पत्र प्रकाशित एवं स्वीकृत हुए।

डॉ0 रामकुमार पालीवाल, रीडर, रसायन विभाग

1. डॉ० पालीवाल द्वारा एक शोध पत्र रुड़की विश्वविद्यालय में हुई संगोष्ठी में प्रस्तुत किया गया। **"Polarographic reduction of Pyridine"**
2. डॉ० पालीवाल को मालवीय जयन्ती के अवसर पर गंगा सभा हरिद्वार द्वारा शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया।

डॉ0 कौशल कुमार, रीडर, रसायन विभाग

डा० कौशल कुमार के निर्देशन में तीन एम०एस०सी० छात्रों ने प्रोजेक्ट कार्य पूर्ण किया तथा इनके निर्देशन में एक शोध छात्र पी०एच०डी० उपाधि हेतु कार्यरत है।

डॉ0 आर0डी0 कौशिक, रीडर, रसायन विभाग

डा० कौशिक के निर्देशन में एक छात्र को **Ph.D.** उपाधि प्राप्त हुई। अभी तक उनके निर्देशन में कुल तीन छात्र **Ph.D.** उपाधि प्राप्त कर चुके हैं। तीन शोध छात्रों को वर्ष (1998-99) में डा० कौशिक के साथ पंजीकृत किया गया है। डा० कौशिक को यू०जी०सी० अनुदान से एक माइनर शोध परियोजना स्वीकृत हुई जिस पर कार्य चल रहा है। सात शोध पत्र राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए तथा एक प्रकाशनार्थ भेजा गया।

डा0 श्री कृष्ण, प्रवक्ता, रसायन विभाग

डॉ० कृष्ण के निर्देशन में तीन एम०एस०सी० छात्रों ने प्रोजेक्ट कार्य पूर्ण किया। इनके द्वारा निम्नांकित शोध पत्र भारतीय विज्ञान कांग्रेस हैदराबाद में प्रस्तुत किया गया।

"Physio-Chemical Analysis of Agnihotra (Yagya) ash P-69, 115.

जन्तु एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग

इस वर्ष भारत के लब्धप्रतिष्ठित विद्वानों ने जन्तु एंव पर्यावरण विज्ञान विभाग में अपने सारगर्भित व्याख्यान दिए। विभाग के प्राध्यापकों द्वारा, अपने ही प्रयास से एक शोध पत्रिका **"Himalayan Journal of Enviromental and Zoology"** का नियमित प्रकाशन हो रहा है। इस सत्र में विभाग के प्राध्यापकों, डॉ० डी.आर. खन्ना ने एक राष्ट्रीय संगोष्ठी **"SUBSTAINABLE ECOLOGY & ENVIRON-MENT"** का आयोजन किया एवं डॉ० देवेन्द्र मलिक ने एक संगोष्ठी **"PRESENT ECO-STATUS OF GANGA WATER "** का आयोजन सफलतापूर्वक किया। जन्तु विज्ञान एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग के अर्न्तगत नवनिर्मित "पर्यावरण विज्ञान भवन" का लोकार्पण किया गया। विभागीय प्राध्यापकों द्वारा इस सत्र में किये गये विशिष्ट क्रिया-कलाप इस प्रकार है।

प्रो. बी.डी.जोशी ने इस सत्र में निम्नलिखित, उल्लेखनीय कार्य किये :-

पूर्ववत रा.से.यो के समन्यवक पद पर कार्य करते हुए विभिन्न कार्य सम्पन्न कराए। प्रो. बी.डी. जोशी के इस वर्ष 3 शोध पत्र प्रकाशित हुये। प्रो. जोशी ने इस वर्ष राष्ट्रीय संगोष्ठियों में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा व्याख्यान दिये। प्रो. जोशी ने इस वर्ष, मगध, सागर, विक्रम, अवध वि.वि. में विशेष आमंत्रित व्याख्यान दिये। प्रो. जोशी ने इस वर्ष 2 छात्रों को **M.Sc. Disseration** का कार्य कराया। प्रो. जोशी के निर्देशन में एक छात्र डा. राजेन्द्र सिंह कठैत को **Ph.D.** की उपाधि प्रदान की गई। प्रो. जोशी के निर्देशन में दो छात्रों का **Ph.D.** हेतु **Registration** हुआ। अनेक वि.वि. की **R.D.C./B.O.S.** में विषय विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया। **Zoological Society of India** द्वारा प्रो. जोशी को इस वर्ष उन के शोध कार्यो हेतु तथा जन्तु विज्ञान में योगदान के लिए **Gold Medal** प्रदान किया गया।

डा. टी.आर.सेठ (रीडर) :

डा. सेठ द्वारा विभागीय एवं विश्वविद्यालय के क्रिया-कलापों में सक्रिय योगदान दिया गया। इस सत्र में, विभाग द्वारा आयोजित दोनों संगोष्ठियों में डा. सेठ ने सक्रिय भाग लिया।

डा. ए. के. चोपड़ा (रीडर एवं विभागाध्यक्ष) :

डा० चोपड़ा के अन्य सह लेखकों के साथ लिखे गए ग्यारह शोध पत्र प्रकाशित हुए। डा० चोपड़ा ने चार सिम्पोजिया/सेमिनार में भाग लिया। इनके निर्देशन में एक शोध छात्र शोध कार्य कर रहा है। डा० चोपड़ा विभिन्न संस्थाओं एवं पत्रिकाओं से जुड़े हुए हैं।

डॉ० दिनेश भट्ट (रीडर) :

इस सत्र में डॉ० भटट् की मुख्य शैक्षणिक गतिविधियाँ इस प्रकार है :

इन्होने पक्षी वैज्ञानिकों के अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में, जिसका आयोजन South Africa के डरवन नगर में किया था, अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। भारत में 'पक्षी संगीत एवं संवाद' नामक विषय पर अग्रणी शोध कार्य की महत्ता को देखते हुये इन्हें International ornithological committee का executive member चुना। The Acoustical Society of India द्वारा कलकत्ता में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में इन्होंने Bird songs & calls विषय के ऊपर guest lecture प्रदान दिया। उक्त सोसाइटी द्वारा Bioacoustics के क्षेत्र में डॉ० भटट् के उल्लेखनीय योगदान को देखते हुये इन्हें विशेष स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। DST एवं UGC द्वारा प्रदान दो शोध परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। इनके निर्देशन में शोध छात्र (अनिल कुमार) को पी.एच. डी. की उपाधि प्रदान की गई। ऋषिकेश एवं हरिद्वार में आयोजित तीन विभिन्न संगोष्ठियों में भाग लिया। डा. भटट् के तीन शोध पत्र प्रकाशित हुये तथा दो स्वीकृत हुए। Prof. Robert Payne, Univ. of Michigan, Ann Arbor, Michigan, USA के साथ पक्षी गीत के क्षेत्र में शोध जारी है। डॉ० भटट् के निर्देशन में दो एम.एस.सी. लघुशोध प्रबन्ध प्रस्तुत किये गए।

डॉ० डी.आर. खन्ना (प्रवक्ता) :

इस सत्र में डॉ० खन्ना के आठ शोध पत्र प्रकाशित हुए। दो छात्रों ने लघु शोध प्रबन्ध इनके निर्देशन में प्रस्तुत किए।

डा० खन्ना ने चार कान्फ्रेन्स एवं सिम्पोजियम में भाग लिया।

Others :

Awarded as the honrary fellow of ASEA on 18.10.1998

डा0 पी.सी. जोशी (प्रवक्ता)

डा० पी.सी. जोशी को भारत सरकार के Deptt. of Science and Technology, की BOYSCOST योजना के अंतर्गत Young Scientist Research Scholarships Award हुयी। जिसके अंतर्गत वह फरवरी 1999 से जुलाई 1999 तक Unit of Wyoming Laramie, U.S.A. में शोध कार्य हेतु गए हुए हैं। इस सत्र में D.O. En. ने Dr. P.C. Joshi को Rs. 10.5 लाख रुपए की एक बृहद् शोध योजना N.D.B.R. क्षेत्र हेतु स्वीकृत की जिसमें 3 शोधार्थी कार्यरत हैं। डा० पी.सी. जोशी के निदेशन में इस सत्र में 4 JRF का Ph.D. हेतु Registration हुआ। डा० पी.सी. जोशी ने इस सत्र में 4 शोध पत्र प्रकाशित कराये। डा० पी.सी. जोशी ने इस सत्र में 2 राष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया। डा० पी.सी. जोशी ने रा.से.यो. के कार्यक्रम अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए अनेक कार्यक्रम आयोजित करायें।

डा0 देवेन्द्र सिंह मलिक (प्रवक्ता)

आज यह विश्वविद्यालय अपने आप में एक मिसाल है। जिंस विश्वविद्यालय के छात्र अपनी पढ़ाई की शुरुआत गायत्री मंत्र से करते हो और पूरा परिसर वेद ऋचाओं से गूंज उठता हो, जहां धर्म व संस्कृति की जय जयकार होती हो, वह गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय अतुलनीय है। इसका आदर्श देशभर में लिया जा सकता है।

आज भारत में हर प्रकार का प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। हम अपने स्वत्व को

भूल रहे हैं। विदेशी संस्कृति का आक्रमण दिन प्रतिदिन गतिमान हो रहा है। युवा पीढ़ी खोखली होती दिखाई दे रही है।

नौजवान भारत का दिवाना हो गया।
पश्चिमी तहजीब का निशाना बन गया।।

नौजवान हमारे देश की सम्पत्ति है। लेकिन हमें ध्यान रहे कि वे युवा हैं। कहा जाता है कि "युवावस्था - यह सद्‌गुणों और दुर्गुणों दोनों की जननी है। यह उपजाऊ भूमि जैसी है। इसमें जैसा बीज पड़ेगा वैसी फसल उत्पन्न होगी"। हमने गत ५० वर्षों में इस उपजाऊ भूमि में कौन से बीज बोये और कौन सी फसल पैदा की। दुर्भाग्य है इस देश का, कि नौजवानों की जितनी बरबादी इस देश में हुई है उतनी अन्य किसी देश में नहीं।

आज संस्कार व सद्‌गुण दूर-बीन से देखने पड़ रहे हैं। व्यक्ति-व्यक्ति को पहचान नहीं रहा है। आतंकवादी तैयार हो रहे है। गांजा, अफीम व आम्ली पदार्थ बेचने वाले तैयार हो रहे हैं। भ्रष्टाचारी, अनाचारी व बलात्कारी तैयार हो रहे हैं। कहां है संस्कार व सद्‌गुण। कोई भी अखबार खोलकर देखिए बलात्कार की वार्ता, आप पढ़ेंगे। बूढ़ा बच्ची पर व बच्चा बूढ़ी पर बलात्कार कर रहा है। कहां है संस्कार? हमारी नैतिकता का स्तर कितना गिर चुका है। यह चिन्ता का विषय है।

आप इस प्रदूषण युक्त वातावरण को प्रदूषण मुक्त कराने की प्रक्रिया में बहुत बड़ा योगदान दे रहे हैं। यह सराहनीय है। आप चरित्र सम्पन्न, देशभक्त, समाज सेवी नागरिक तैयार कर रहे हैं, इसलिए आपको धन्यवाद देता हूँ। संस्कार व सद्‌गुण के तलाश में आज हर एक राजनीतिज्ञ है। लेकिन उसे समझना चाहिए कि संस्कार व सद्‌गुण इंग्लैण्ड, अमेरिका से आयात नहीं किए जा सकते वह गुरुकुलों में तैयार होते हैं।

इसलिए हम यह मानते है कि शिक्षा का क्षेत्र जाति, पंथ, मजहब व राजनीति से ऊपर है। शिक्षा में राजनीति नहीं होनी चाहिए, राजनीति में शिक्षा होनी चाहिए। यह देश के हित में, सम्पन्न भारत के हित में हैं, यह हमें समझना होगा।

भाषण तो मैं बहुत देर तक कर सकता हूँ, क्योंकि मैं आर्यसमाजी हूँ।

सभी स्नातकों से मैं यही कहूँगा कि आप आगे बढ़े सारा देश और समाज आप पर आस लगाये हुए है। जाइये समाज में घुलमिल जाइये। समाज के प्रति श्रद्धा आदरभाव रखते हुए भ्रष्टाचार वाम मार्ग से बचकर चरित्र सम्पन्न जीवन देश व समाज की सेवा में लगाइए। आपकी एक अलग से पहचान बनी रहे। आप के जीवन में आपकी हर कृति पर आपके आचार्य प्रसन्न रहे व गर्व से कहें कि यह मेरा शिष्य

है। कहीं आपके हाथ से ऐसा काम न हो कि जिससे आपके आचार्य को आपके परिचय से मुंह फेरना पड़े। उन्हें आपके कार्यों पर गर्व महसूस हो यही उनके लिए बड़ी गुरु-दक्षिणा होगी।

जब भी कोई गलत काम करता है तो हलचल मच जाती है - चाहे वह सार्वजनिक सभा हो या लोकसभा। धर्म का पालन सब जगह अत्यन्त आवश्यक है। क्या लोग चाहते हैं कि हम अधर्मी बनें, झगड़े करवाये, समाज समाज में झगड़े करवायें, हमारी आध्यात्मिकता ढीली हो? धर्म का सम्बन्ध किसी प्रक्रिया से नहीं है। मैं ऐसा मानता हूँ।

आप धार्मिक है सही धर्म को मानते हैं। यह बहुत अच्छी बात है। आज तो धर्म का नाम लेते ही उथल-पुथल होती है। टीका टिप्पणी होती है। धर्म के माने केवल कर्मकाण्ड नहीं। धर्म माने अच्छे बर्ताव के नियम। भाई का भाई से, पिता का पुत्र से, पुत्र का माता से, सास का बहू से, पड़ोसी का पड़ोसी से, देहात का देहात से, प्रान्त का प्रान्त से, देश का अन्य देशों से, ताल का त्रिताल से। अच्छे बर्ताव के नियमों का समुच्चय माने- धर्म व इन नियमों का प्रामाणिक पालन माने - धर्म का पालन। इसमें क्या गलत है। हम धार्मिक बनना चाहेंगे या अधार्मिक।

हम जब भी धर्म माने अच्छे बर्ताव के नियमों का प्रमाणिक पालन करेंगे तो लड़ाई झगड़ों का सवाल ही पैदा नहीं होगा, उल्टे हम एक दूसरे का धार्मिक आचरणों से ही रक्षण करेंगे व ऐसा सुदृढ़ व नैतिकता से परिपूर्ण समाज हो तो फिर राजा की या रक्षकों की जरूरत नहीं पड़ेगी वह तो केवल भटके हुये व अज्ञानी को ठीक ठाक करने की बनायी हुई व्यवस्था है।

न राज्यं न च राजशासितं
न च दण्ड्यो न च दाण्डीकः
धर्मेष्वेव प्रजा सर्वा
रक्षन्ति स्म परस्परम्

जब सभी लोग धर्म के नियमों का पालन करते हैं तो उस देश या समाज में न राजा की ना राजसिंहासन की जरुरत होती है। वहां दण्ड देने वाला या पाने वाला कोई नहीं, सभी धर्माचरण से ही एक दूसरे का रक्षण करते हैं।

विद्यार्थियों! मेरा कहना है कि केवल लिखाई व पढ़ाई इतना ही शिक्षा का उद्देश्य नहीं है। आपका सही मायने में व्यक्त्वि विकास होना चाहिए, आपका ज्ञान बढ़ना चाहिए। पढ़ाई के साथ साथ आपके व्यक्तित्व विकास के लिए आपकी शारीरिक, आर्थिक, मानसिक बौद्धिक व आध्यात्मिक उन्नति होना अत्यावश्यक है। PEMIS का सिद्वान्त ध्यान में रखना Physical, Economical, Mental, Intellectual, Spiritual

इससे आप परिपूर्ण मानव बन सकते हैं। इस सूत्र को सामने रखते हुए गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय काम कर रहा है।

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय एक कुंभ की तरह है। दूर से इसमें क्या है यह कोई समझ नहीं पायेगा लेकिन जो नजदीक से देखेगा तो इस कुंभ में अमृत भरा है यह महसूस करेगा। युग युग से बहते आते इस गंगा के पुण्य प्रवाह के किनारे स्वामी श्रद्धानन्द जी ने यह विश्वविद्यालय खोला है। वहां गंगा का पावन प्रवाह है, यहां ज्ञान की अमृतधारा है। वहां हरी की पैड़ी है। दोनों प्रवाह एक दूसरे के समानान्तर गत सौ साल से प्रवाहित हैं। आप गंगा की पवित्र धारा में गोता लगायेंगे तो आपका तन साफ हो जायेगा। आप गुरुकुल की ज्ञान की अमृतधारा में गोता लगावोगे तो मन साफ हो जायेगा।

हरि की पैड़ी जाकर नमस्कार करोगे तो अतीत को याद करोगें और गुरु की पैडी को नमस्कार करोगे तो ऋषियों, मुनियों व देश धर्म पर मर मिटने वालों के सपनों का भारत का भविष्य देखोगे। क्या चाहते हो आप अतीत पर रोना या भारत का उज्ज्वल भविष्य।

विद्यार्थी! मित्रों! अब आप ब्रह्मचर्य आश्रम से गृहस्थ आश्रम की ओर जा रहे हो। जीवन में हर पल हर घड़ी आपकी परीक्षा होने वाली है। गुरु द्वारा दिए हुए ज्ञान दिये हुए संस्कार के बल पर आप आगे बढ़ते जाइए। परिपूर्ण बनिये और अपना फूला-फला व्यक्तित्व समष्टि में विलीन कीजिए ताकि उसमें से सर्वांग सुन्दर सृष्टि का निर्माण हो।

आज देश के लिए मर मिटने की जरुरत नहीं है, परिपूर्ण जीवन बनाकर समर्पित होने की जरूरत है। फांसी के फन्दे को गले लगाने की जरूरत नहीं, आज तो समता व समरसता निर्माण में लगे रहने की जरूरत है। आप सौभाग्यशाली है कि आप स्वतंत्र भारत में जन्में हैं। आज हमारी लड़ाई अज्ञान से है, अंधकार से है, विषमता से है, दुर्गुणियों से है, असामाजिक तत्वों से है, भ्रष्टाचारियों से है। इस परिस्थितियों का अभ्यास करो व निरन्तर कार्यरत रहो, किसी कवि ने अपने कविता में कहा है-

अमर भरा है चमन तुम्हारा, पवन भोर का देता नारा।
सूरज भेज रहा संदेश, इस मौसम में सोना कैसा?
निर्माणों के राजकुमारो उठो पतझड़ में लाओ बहार को
समय को पढ़ो जवानो, समय को पढ़ो

इन्हीं शब्दों के साथ वंदेमातरम्

वेद एवं कला महाविद्यालय

विश्वविद्यालय की व्यवस्थानुसार वेद/कला महाविद्यालय के अन्तर्गत प्राच्य विद्यासंकाय मानविकी संकाय एवं प्रबन्धन आते हैं।

प्राच्य विद्या संकाय में वेद विभाग, संस्कृत विभाग, दर्शन विभाग, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, पुरातत्व संग्रहालय, योग विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग, श्रद्धानन्द वैदिक शोध संस्थान का समायोजन किया गया है।

मानविकी संकाय में हिन्दी विभाग, अंग्रेजी विभाग, मनोविज्ञान विभाग, प्रौढ़ सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग का समायोजन किया गया है।

प्राच्य विद्या संकाय

प्राच्य विद्या संकाय में वेद, दर्शन, संस्कृत, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व और योग और शारीरिक शिक्षा विभाग हैं। इतिहास विभाग के अन्तर्गत संग्रहालय विज्ञान का प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता है।

वेद विभाग

विश्वविद्यालय की स्थापना काल से ही वेदों का अध्ययन अध्यापन स्वतन्त्र वेद विभाग के रूप में हो रहा है। इसके साथ ही यह विभाग अनुसंधान कार्य में ही संलग्न है। देश-विदेश के अनेकों छात्रों ने इस विभाग से गम्भीर मौलिक शोधकार्य कर इस विभाग की कीर्ति दूर-दूर तक फैलायी है। इस सत्र में प्राध्यापकों का प्रगति विवरण इस प्रकार रहा है -

(१) डा० भारतभूषण विद्यालंकार (अध्यक्ष एवं प्रोफेसर)

इस सत्र में दो शोधार्थियों का PH.D. के लिए पंजीकरण हुआ। आठ शोधार्थी पहले से ही शोधकार्य में संलग्न है। लगभग पाँच शोधपत्र पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशनार्थ भेजे। अनेकों संस्थानों/विश्वविद्यालयों में वैदिक वाङ्मय एवं संस्कृति पर व्याख्यान हेतु आमन्त्रित किये गये।

(२) डॉ० मनुदेव बन्धु (रीडर)

कई शोधार्थी शोधकार्य कर रहे है एवं इस सत्र में एक शोधार्थी का Ph.D. हेतु पंजीकरण हुआ। कई शोध गोष्ठियों में भाग लेकर पत्र वाचन किया। अनेकों लेख पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए।

(३) डॉ रूपकिशोर शास्त्री (वरिष्ठ प्रवक्ता)

पाँच शोधार्थी PH.D. कर रहे है। एक पुस्तक वैदिक वाङ्मय विवेचन कोश प्रकाशित हुई। वैदिक अनुसंधानो में सतत् संलग्न हैं। नवीन परियोजना की तैयारी चल रही है जो शीघ्र ही कार्यरुप में परिणत होने वाली है।

(४) डॉ दिनेश चन्द्र शास्त्री (वरिष्ठ प्रवक्ता)

४.१- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की शोधपत्र योजना "वैदिक उपमा कोश" का कार्य प्रगति पर है।

४.२- इस सत्र में शिमला विश्वविद्यालय से रिफ्रेशर कोर्स सम्पन्न किया एवं वहाँ सेमिनार पेपर के रूप में "ऋग्वेद में मालोपमा" नामक शोधपत्र वाचन किया।

४.३- एक शोधार्थी ने शोधकार्य सम्पन्न कर शोधप्रबन्ध जमा किया। एक ने शोधोपाधि प्राप्त की एवं एक नवीन शोधार्थी का PH.D. हेतु पंजीकरण हुआ।

४.४- गुरुकुल वि० वि० के इतिहास विभाग द्वारा आयोजित 'गुरुगोविन्द व्यक्तित्व एवं कृतित्व' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेकर 'आर्य समाज का सिखपन्थ विषयकसाहित्य' नामक शोध पत्र वाचन किया।

४.५- इस सत्र में लगभग ६ शोधलेख/पत्र विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशनार्थ भेजें। जिनमें से चार प्रकाशित हुए। इसके अतिरिक्त गुरुकुल पत्रिका के सम्पादन में भी ये सहयोग कर रहे है।

(५) डॉ सत्यदेव निगमालंकार (प्रवक्ता)

इस वर्ष एक शोधार्थी का पंजीकरण हुआ। B.Sc. के छात्रों के लिए वैदिक कर्मकाण्ड का सफल आयोजन कराया। ५ शोध पत्र प्रकाशित हुए दो शोध पत्रों का वाचन किया।

विभाग में वैदिक प्रयोगशाला/कर्मकाण्ड का भी विधिवत् शिक्षण चल रहा है। इस सत्र में विभाग ने कई बड़े बड़े यज्ञों का आयोजन किया। जिनमें B.Sc. छात्रों का प्रयोगात्मक शिक्षण प्रमुख रहा।

श्रद्धानन्द वैदिक शोध संस्थान

प्राचीन विद्याओं पर उच्चस्तरीय अनुसन्धान एवं प्रकाशन कार्य हेतु प्रारम्भ किया गया यह केन्द्र अपने उद्देश्य के प्रति सतत् जागरुक है।

निदेशक डॉ० महावीर के सम्पादकत्व में इस वर्ष गुरुकुल पत्रिका के जो अंक

प्रकाशित हुए उनमें "वेद विशेषांक" और "आचार्य रामप्रसाद वेदालंकार स्मृति अंक" एवं "जयचन्द्र विद्यालंकार" अंक प्रमुख है।

डॉ० महावीर ने अनेक राष्ट्रीय शोध संगोष्ठियों एवं सम्मेलनों में वेद विषय पर अनेक व्याख्यान दिये।

मेरठ, कानपुर आदि विश्वविद्यालयों की शोध-समितियों में विषय विशेषज्ञ के रूप में कुलपति जी द्वारा नामित किये गये।

अब तक आपके निर्देशन में १८ शोधार्थी पी-एच.डी. शोधोपाधि प्राप्त कर चुके हैं और १० छात्र शोध कार्य कर रहे हैं।

संस्कृत विभाग

प्रत्येक वर्ष की तरह समस्त भारतवर्ष से होनहार छात्रों को इस विभाग ने अपनी ओर आकृष्ट किया। छात्रों से समृद्ध इस विभाग में सत्रारम्भ में ही श्रावणी पूर्णिमा पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित किये जाने वाले संस्कृत-दिवस को ६ सितम्बर ६६ को उल्लास के साथ मनाया। इसमें प्रमुख वक्ता के रूप में रायबरेली से आये डा० प्रशस्य मित्र शास्त्री ने सभा को अपनी व्यंग्यात्मक काव्य की शैली से परिचित कराया।

शैक्षणिक कार्यो से उत्तर भारतवर्ष के प्रमुख विश्वविद्यालयों से आये सम्मान्य विद्वज्जनों के व्याख्यानो से भी छात्रों को समय समय पर लाभान्वित करवाया।

प्रो० वेद प्रकाश शास्त्री

शोधनिर्देशन– इस समय सात शोधार्थी शोध कार्य कर रहे है। अब तक २६ शोध छात्र पी० एच० डी० उपाधि प्राप्त कर चुके है। अनेक स्थानो पर शोध गोष्ठियों में भाग लिया तथा शोधपत्र का वाचन किया। अनेक विश्वविद्यालयों की शोध समिति में विशेषज्ञ के रूप में कार्य किया। वेद प्रकाश शास्त्री को भारतवर्ष के अग्रगण्य संस्कृत मनीषियों में स्वीकार करते हुए सम्पूर्णानन्द संस्कृत वि० वि० की ओर से अलंकृत किया गया।

डा० सोमदेव शतांशु

इस शिक्षा सत्र में डॉ० सोमदेव शतांशु ने स्वामी समर्पणानन्द वैदिक शोध संस्थान प्रभात आश्रम मेरठ द्वारा आयोजित दो शोध गोष्ठियों में भाग ग्रहण कर शोधपत्र प्रस्तुत किया। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, गणित विभाग द्वारा आयोजित अन्ताराष्ट्रीय गणित विषयक शोध गोष्ठी में समरांगणसुखधार एवं गणित विषयक शोधपत्र प्रस्तुत किया तथा योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रिय गोष्ठी में स्वास्थ्य का आधार योग

प्रो० वेदप्रकाश शास्त्री, आचार्य एवं उपकुलपति

विषयक शोधपत्र प्रस्तुत किया। इस वर्ष डॉ० सोमदेव के निर्देशन में एक छात्र को पीएच० डी० की डिग्री मिली।

डा0 रामप्रकाश शर्मा

आपके निर्देशन में चार शोध छात्र कार्य कर रहे हैं।

काशिका वृत्ति की हिन्दी टीका पर कार्य चल रहा है।

डा0 ब्रह्मदेव

आपके निर्देशन में पाँच छात्र विभिन्न विषयों में पीएच० डी० शोधोपाधि हेतु शोधकार्य कर रहे हैं।

दो विद्यार्थियों ने इस बार लघुशोध प्रबन्ध आपके निर्देशन में प्रस्तुत किया।

इस सत्र में योग विभाग द्वारा आयोजित किये गये अखिल भारतीय सेमिनार में शोधपत्र प्रस्तुत किया। अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन, मद्रास हेतु भी शोधपत्र प्रेषित किया।

दर्शन शास्त्र विभाग

दर्शन शास्त्र का प्रारम्भ १६१० में हुआ। प्रारम्भ से ही विभाग में भारतीय दर्शन एवं पाश्चात्य दर्शन का गहन अध्यापन कराया जाता है। इस समय विभाग में आई. ए.एस. तथा पी.सी.एस. के प्रशिक्षण एवं परामर्श देने की व्यवस्था है।

1— डॉ0 जयदेव वेदालंकार — प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, पी.एच.डी. लिट्

१- प्रकाशित शोध ग्रन्थ - भारतीय दर्शन की समस्यायें, वैदिक दर्शन, उपनिषदों का तत्त्वज्ञान, भारतीय दर्शन में प्रमाण, वैदिक साहित्य का इतिहास, महर्षि दयानन्द की साधना एवं सिद्धान्त और महर्षि दयानन्द की विश्वदर्शन को देन।

(i) भारतीय दर्शन-तत्त्व एवं ज्ञानमीमांसा (प्रेस में)

(ii) उपनिषदो का तत्वज्ञान (सम्पूर्ण) (प्रेस में)

२- तीन राष्ट्रीय सेमीनार में शोध पत्र वाचन किया।

३- विशेष पुरस्कार हेतु नाम चयनित- उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ में विशेष पुरस्कार हेतु नाम चयनित किया गया हैं।

(2) **डॉ0 विजयपाल शास्त्री** — रीडर, पी.एच.डी. लिट्

(i) ३ दिसम्बर ६६ एवं १ जनवरी २००० तक विभिन्न संस्थाओं के आयोजित सेमिनारों में शोध पत्र पढ़े।

शोधग्रन्थ प्रकाशित - सांख्य-योग सूक्ति समुच्चय नामक ग्रन्थ प्रकाशित हुआ। १३-३-२००० को मुख्य मन्त्री श्रीमती शीला दीक्षित दिल्ली राज्य के करकमलों द्वारा इस ग्रन्थ का विमोचन किया गया।

(३) **डॉ० त्रिलोकचन्द** – रीडर, पी.एच.डी

राष्ट्रीय संगोष्ठी - शोध-पत्र वाचन

(i) २-२-२००० से १३-२-२००० तक नई सहस्राब्दी में योग संगोष्ठी में शोध पत्र वाचन किया और संगीत द्वारा ध्यान ''विधिका प्रशिक्षण दिया।

(ii) दर्शन शास्त्र विभाग मोहनलाल सु० वि०वि० उदयपुर में आयोजित संगोष्ठी में ''आधुनिक विज्ञान और अनेकान्तवाद'' पर शोध पत्र वाचन किया।

(iii) आपके निर्देशन में एक छात्र को ''वर्तमान समय पातञ्जल योगदर्शन के उपाय ''विषय पर पी.एच.डी. देना संस्तुत किया गया।

(४) **डॉ० यू०एस०विष्ट** – रीडर, पी.एच.डी.

(i) ग्रन्थ - आपके दो ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं। अनेक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। ''दर्शन के मूल बिन्दु'' पर ग्रन्थ लिख रहे हैं।

(ii) आई०सी०पी०आर० नई दिल्ली के निदेशक पद से सितम्बर १६६६ में वापिस आकर दर्शन विभाग में कार्यरत है।

(iii) आप इण्डियन फिलोसोफिकल कांग्रेस के कोषाध्यक्ष पद पर चुने गये हैं।

(iv) शोधपत्र - आई.पी.सी. के वार्षिक अधिवेशन में मगध विश्वविद्यालय में शोध वाचन किया।

(५) **डॉ० सोहनपालसिंह आर्य** – प्रवक्ता

(i) रिफ्रेशर पाठ्यक्रम - आई सी०पी०आर० द्वारा आयोजित रिफ्रेशर प्रशिक्षण लखनऊ में १-१२-६६ से २१-१२-६६ तक प्राप्त किया।

(ii) शोध पत्र वाचन - विभिन्न संस्थानों में आयोजित सेमिनारों में चार शोध पत्र पढ़े।

प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग

वर्ष २००० में विभाग द्वारा २६-२८ फरवरी तक "गुरू गोविन्द सिंह व्यक्तित्व एवं कृतित्व" नामक विषय पर एक त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी के निर्देशक प्रो. श्यामनारायण सिंह और आयोजन सचिव डा. राकेश शर्मा थे। विभाग के अन्तर्गत पिछले कुछ वर्षो से पुरातत्व एवं संग्रहालय विज्ञान का स्नातक स्तरीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी सफलतापूर्वक चल रहा है। जिसमें पुरातत्व संग्रहालय भी अपना योगदान दे रहा है।

1— **डा० श्यामनारायण सिंह** — प्रोफेसर

इस सत्र में डा० श्यामनारायण सिंह के निर्देशन में दो छात्रों को पी-एच-डी की उपाधि प्रदान की गई तथा दो छात्र शोध हेतु पंजीकृत किये गये।

2— **डा. काशमीर सिंह भिण्डर** — रीडर

इस सत्र में डा. काशमीर सिंह भिण्डर के निर्देशन में दो छात्रों को पी-एच-डी. की उपाधि प्रदान की गई तथा एक छात्र शोध हेतु पंजीकृत किया गया।

3— **डा. राकेश शर्मा** — रीडर एवं विभागाध्यक्ष

इस सत्र में डा. राकेश शर्मा विभिन्न विश्वविद्यालयों में पी-एच-डी. के परीक्षक नियुक्त हुए। डा. शर्मा माइनर रिसर्च प्रोजेक्ट के तहत "प्राचीन भारत में सहिष्णुता" नामक विषय पर भी कार्य कर रहें हैं। इस सत्र में डा. शर्मा के निर्देशन में एक छात्र शोध हेतु पंजीकृत किया गया।

2. **डॉ० प्रभात कुमार–प्रवक्ता**

स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के अध्यापन के साथ-साथ डा. प्रभात कुमार के नेतृत्व में इस वर्ष छात्रों ने ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों मथुरा, आगरा, ग्वालियर, झांसी, ओरछा, और खजुराहों आदि का भ्रमण किया तथा विषय से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। डा. प्रभात की "बुन्देलखण्ड के प्राचीन मन्दिरों का विवेचनात्मक अध्ययन" नामक पुस्तक छप रही है। इस सत्र में डा. प्रभात के निर्देशन में तीन छात्र शोध हेतु पंजीकृत किये गये।

5. **डा. देवेन्द्र कुमार गुप्ता** — प्रवक्ता

स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के अध्यापन के अतिरिक्त इस वर्ष डा. देवेन्द्र गुप्ता के निर्देशन में विभाग द्वारा श्रद्धानन्द बलिदान दिवस की शोभायात्रा के अवसर पर झांकी निकाली और प्रथम स्थान प्राप्त किया। डा. गुप्ता की "प्राचीन भारत में व्यापार" नामक पुस्तक छप रही है। इस सत्र में डा. गुप्ता ने एतिहासिक दृष्टि के महत्वपूर्ण दो लेखों को लिखा। इस सत्र में डा. गुप्ता के निर्देशन में दो छात्र शोध हेतु पंजीकृत किये गये।

♦♦♦

पुरातत्व संग्रहालय

विश्वप्रसिद्ध विश्वविद्यालय का पुरातत्व संग्रहालय तीर्थनगरी हरिद्वार में आने वाले दर्शकों, शोधार्थियों तथा कला एवं प्राचीन इतिहास में रूचि रखने वालों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र है। इस संग्रहालय में सिन्धु सभ्यता से उन्नीसवीं शती तक की विभिन्न पुरातन वस्तुयें, प्रतिमायें, कला कृतियां, अस्त्र-शस्त्र, पाण्डुलिपियों एवं मुद्रायें संग्रहीत हैं इस संग्रहालय में श्रद्धानन्द कक्ष में स्वामी जी की पादुकायें, वस्त्र कमण्डल, दुर्लभ चित्र एवं पत्र आदि सुरक्षित हैं। इसके अतिरिक्त संग्रहालय में हिमालय दर्शन चित्रवीथिका भी आकर्षण का केन्द्र है।

इस वर्ष पाण्डुलिपि परिरक्षण योजना के अन्तर्गत ५५ पाण्डुलिपियों का परिरक्षण किया गया और पुण्यभूमि का एक दृश्य (माडल) तैयार करवाकर इसके लिए एक शोकेस बनवाया गया जो श्रद्धानन्द गैलरी में आर्य जगत के लिए एक विशेष रूप से आकर्षण का बिन्दू बना है। डा. सुखबीर सिंह सह. क्यूरेटर ने संग्रहालय कार्य के अतिरिक्त प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग में अध्यापन का कार्य किया। इसी प्रकार से श्री अनिल कुमार सिंह ने भी संग्रहालय कार्य के अतिरिक्त विभाग में अध्यापन का कार्य किया।

इस वर्ष ६२७८ दर्शकों ने संग्रहालय का भ्रमण किया, जिसमें श्री दिलिप वेदालंकार (भारतीय संस्कृति के अन्तर्राष्ट्रीय प्रवक्ता) अमेरिका यू० एस० ए०, डा. पी० के० खौसला-एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, पालमपुर (एच० पी०) श्री डा. यू० आर० वर्मा-कनाडा और प्रो. एस. वी. गोस्वामी-देहली यूनिवर्सिटी प्रमुख हैं।

योग विभाग

विभाग द्वारा बिना किसी औषधि से योग एवं एक्यूप्रेशर चिकित्सा केन्द्र द्वारा अनेक रोगियों को लाभ पहुँचाया जा रहा है।

विभाग में विभिन्न विद्वान् महानुभावों द्वारा इस वर्ष अतिथि व्याख्यान प्रदान किए गए।

नई सहस्राब्दी में योग' विषय पर आयोजित प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन व 'ध्यान' कार्यशाला - स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार तथा केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक योग चिकित्सा परिषद द्वारा आयोजित दिनांक १०-१३ फरवरी २००० सम्मेलन व कार्यशाला में देशभर के शताधिक योगाचार्यों, विद्वानों, सन्तों ने भाग लिया तथा इस

डा0 श्याम नारायण सिंह निवर्तमान कुलसचिव

सम्मेलन व कार्यशाला के माध्यम से नई सहस्राब्दी में योग की दिशाओं पर विचार किया गया।

योग प्रदर्शनी - दिसम्बर १९९९ में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (I.M.A.) द्वारा आयोजित स्वास्थ्य मेले के अवसर पर विभाग द्वारा एक योग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

अखिल भारतीय योग प्रतियोगिता - इंडियन योग फेडरेशन द्वारा पानीपत (हरियाणा) में आयोजित अखिल भारतीय योग प्रतियोगिता में हमारे छात्रों ने उ०प्र० राज्य का प्रतिनिधित्व किया। उक्त स्पर्धा से पूर्व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हमारे ११ छात्रों ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

शिक्षकों की गतिविधियाँ -

(क) डॉ० ईश्वर भारद्वाज – विभागाध्यक्ष

(i) केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (भारत सरकार), नई दिल्ली द्वारा विभिन्न योग केन्द्रों के निरीक्षण के लिए विशेषज्ञ नामित। इसी परिषद की प्रोजेक्ट इवेल्यूएशन कमेटी में विषय विशेषज्ञ के रूप में नामित।

(ii) मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान नई दिल्ली में विषय विशेषज्ञ के रूप में पाठ्यक्रम निर्माण में सहयोग किया। इसी संस्थान में परीक्षक के रूप में कार्य किया।

(iii) 'नई सहस्राब्दी में योग' विषय पर आयोजित राष्ट्रिय सम्मेलन १०-१३ फरवरी, २००० के आयोजन सचिव/निर्देशक के रूप में सफलता पूर्वक आयोजन तथा शोध पत्र वाचन किया।

(iv) हिमाचल प्रदेश, विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं की बोर्ड ऑफ स्टडीज में नामित।

(v) चार विभिन्न क्षेत्रों में हुई सेमीनारों में भाग लिया तथा शोध पत्र पढ़े।

(vi) उ०प्र० योग एसोसिएशन के महामन्त्री तथा इण्डियन योग फेडरेशन के परामर्शदाता के रूप में नामित।

(vii) तीन शोध छात्रों को पी.एच.डी. उपाधि प्राप्त हो चुकी है तथा सात छात्रों को शोध कार्य हेतु निर्देशन विभिन्न पत्रिकाओं में लेख प्रकाशित हुए।

(ख) डॉ० सुरेन्द्र कुमार –

(i) राष्ट्रिय योग सम्मेलन व कार्यशाला के आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान

तथा शोध पत्र पढ़े।

(ग) डॉ० सुरक्षित गोस्वामी –

(i) राष्ट्रिय योग सम्मेलन व कार्यशाला के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई तथा शोध पत्रों का वाचन किया।

(ii) रोगियों को योग व एक्यूप्रेशर चिकित्सा उपलब्ध कराई।

(iii) योग प्रदर्शनी का अयोजन।

(घ) श्री योगेश्वरदत्त –

(i) विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रिय योग सम्मेलन व कार्यशाला के आयोजन में सक्रिय योगदान।

(ii) सम्मेलन में शोधपत्र वाचन।

(iii) योग प्रदर्शनी का आयोजन।

(iv) रोगियों को योगाभ्यास द्वारा स्वास्थ्य लाभ।

भावी योजनाएँ -

(i) योग व प्राकृतिक चिकित्सालय की स्थापना।

(ii) योग व प्राकृतिक चिकित्सा के पंचवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम (B.Y.N.S.) का प्रारम्भ करना।

(iii) शोध प्रयोगशाला की व्यवस्था।

शारीरिक शिक्षा विभाग

वर्ष १९९९-२००० में विभाग द्वारा अन्तर संकाय क्रांस कंट्री रेस, अन्तर संकाय टेबिल टेनिस चैम्पियनशिप, अन्तर संकाय बास्केटबाल प्रतियोगिता तथा बैडमिन्टन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर के दो लॉन टेनिस कोर्टस् बनाए गए।

विश्वविद्यालय की टीमों को प्रशिक्षित करने हेतु अनेक कोचिंग कैम्प लगाए गए तथा उत्तर क्षेत्रीय एवं अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में

भाग लेने हेतु छात्रों को भेजा गया। लॉन टेनिस, टेबिल टेनिस, बैडमिंटन, बास्केट बाल, कबड्डी हाकी, क्रिकेट, रेशलिंग, एथलेटिक्स एवं क्रांस कन्ट्री रेस में छात्रों ने भाग लिया तथा अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में उत्तम प्रदर्शन किया।

इस वर्ष ३ जनवरी २००० से ६ जनवरी २००० तक उत्तर पूर्व क्षेत्रीय अन्तर्विश्वविद्यालय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के नवनिर्मित कोर्ट में किया गया। इस चैम्पियनशिप में २५ टीमों ने भाग लिया।

विभाग के निदेशक डा० आर. के. एस. डागर ने २१-२२ दिसम्बर ६६ को Allumin Association of LNIPE, ग्वालियर द्वारा दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय वर्कशॉप में भाग लिया तथा Psychology of Sport's पर अपना शोध पत्र पढ़ा। फिजिकल ट्रेनिंग के एक वैज्ञानिक सेशन की अध्यक्षता की। अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय बाक्सिंग प्रतियोगिता के आब्जर्वर के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद में भाग लिया।

मानविकी संकाय

मानविकी संकाय के अन्तर्गत हिन्दी, अंग्रेजी, मनोविज्ञान विषय में एम०ए० तथा विद्यालंकार (बी.ए.) व सामान्य अलंकार (बी.ए.) स्तर पर हिन्दी, अंग्रेजी, मनोविज्ञान, संस्कृत, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व, योग, व्यावहारिक हिन्दी, व्यावहारिक अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, गणित तथा कम्प्यूटर विज्ञान आदि विषयों का अध्यापन किया जाता है। हिन्दी विभाग के अन्तर्गत पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा का अध्ययन किया जा रहा है।

प्रगति विवरण

हिन्दी विभाग (1999-2000)

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग ने हिन्दी पत्रकारिता तथा साहित्य-लेखन के क्षेत्र में अपनी राष्ट्रीय पहचान बनाई है। विश्वविद्यालय में हिन्दी आलोचना के जन्मदाता आचार्य पद्मसिंह शर्मा तथा भाषा वैज्ञानिक हिन्दी वैयाकरण आचार्य किशोरीदास वाजपेयी जैसे विद्वान् हिन्दी शिक्षण का कार्य कर चुके हैं।

अलंकार कक्षाओं में प्रयोजन मूलक हिन्दी का पाठ्यक्रम चलाया जा रहा है। हिन्दी पत्रकारिता में एक वर्ष का स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी सफलतापूर्वक

चल रहा है। पत्रकारिता में दीक्षित विद्यार्थी देश के विभिन्न राष्ट्रीय दैनिकों तथा साप्ताहिक पत्रों में कार्यरत हैं।

भारत से बाहर के विद्वान् भी हिन्दी विभाग के सम्पर्क में हैं। हिन्दी अध्ययन के लिए यहाँ आने वाले छात्रों में मारिशस के श्री विरजानन्द उमा तथा फिजी के डा० नेतराम शर्मा प्रमुख हैं। शर्मा जी फिजी में हिन्दी के उच्चाधिकारी हैं। परम्परागत विषयों के अध्यापन - अनुसंधान के अतिरिक्त हिन्दी को नवीन विषयों से जोड़कर भी देखा जा रहा है। डा० विजय विद्यालंकार निदेशक राजभाषा विभाग रेल मंत्रालय ने हिन्दी में कम्प्यूटर के भाषिक अनुप्रयोग तथा डा० संजय वर्मा ने हिन्दी में आर्यसमाज की विज्ञान पत्रकारिता पर डा० विष्णुदत्त राकेश के निर्देशन में शोध प्रबन्ध लिखकर हिन्दी शोध में नवीन दिशा का उद्घाटन किया है।

डा० विष्णुदत्तराकेश - विभागाध्यक्ष डॉ० 'राकेश' स्वामी श्रद्धानन्द अनुसन्धान प्रकाशन केन्द्र के निर्देशक का कार्य भी देख रहे हैं। विश्वंभर सहाय प्रेमी स्मृति ग्रन्थ, रामानन्दाचार्य स्वर्णयात्रा ग्रन्थ, पुनि जहाज पै आवै, संतो राह दुवौ हम दीठा, डा० जयचन्द्र विद्यालंकार स्मृति शताब्दी अंक (गुरुकुल पत्रिका) तथा वैदिक पाथ के 'Contemporary Socio-Political Observations of Swami Shraddhananda' अंक में शोध लेख प्रकाशित हुए।

स्वामी श्रद्धानन्द अनुसन्धान केन्द्र से डा० भवानीलाल भारतीय के शोध ग्रन्थ का सम्पादन-प्रकाशन किया। 'हिन्दी कविता को आर्य समाज की देन' की अनुशीलनात्मक भूमिका लिखी। प्रसिद्ध पत्रकार मनुहरिपाठक की पुस्तक 'भागवत की कथाएँ' की भूमिका लिखी। आचार्य श्रीचन्द्र की विचारधारा नामक मौलिक शोधपूर्ण ग्रन्थ का प्रकाशन हुआ। गुरुगोविन्द सिंह पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार के सत्र की अध्यक्षता की। खालसा त्रिशताब्दी समारोह रूड़की में अयोजित सेमिनार में मुख्यवक्ता के रूप में भाषण किया। अमृतसर में आयोजित उदासीन सम्प्रदाय की साहित्यिक देन संगोष्ठी में प्रवचन किया। हिन्दी दिवस पर आयोजित देहरादून में हिन्दी संगोष्ठी को सम्बोधित किया। आपके निर्देशन में आशुतोष मिश्र ने 'मीरां की शब्दावली की भाषा वैज्ञानिक अध्ययन' विषय पर लघुशोध प्रबन्ध की रचना की।

डा० संतराम वैश्य - डॉ० वैश्य ने हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय वाराणसी में आयोजित 'आज का सामाजिक संकट और संत कबीर साहित्य की पहल' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया। शोध पत्र 'राष्ट्रीय एकता का संदर्भ और कबीर का काव्य दर्शन' स्मारिका में प्रकाशित हुआ। संतों राह दुवौ हम दीठा में लेख प्रकाशित हुआ।

हिन्दी साहित्य - विविध संदर्भ तथा बीसवीं शताब्दी के अन्तिम दशक के चर्चित हिन्दी

उपन्यास शीर्षक दो पुस्तकें प्रकाशित हुई।

डा० वैश्य के निर्देशन में सुगंध पाण्डेय को 'साठोत्तर हिन्दी के मिथकीय खण्ड काव्यों का शिल्प विधान' पर पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त हुई। श्री विश्वास चन्दन गिरि ने 'नभग' की कथा वस्तु एवं शिल्प योजना पर लघुशोध प्रबन्ध प्रस्तुत किया।

डा0 ज्ञानचन्द्र रावल - डॉ० रावल की 'प्रयोजन मूलक हिन्दी सिद्धान्त और प्रयोग' शीर्षक पुस्तक मीनाक्षी प्रकाशन मेरठ से छप रही है। दो शोधार्थियों ने शोध-प्रबन्ध प्रस्तुत किए हैं।

डा0 भगवान देव पाण्डेय - हिन्दी विभाग में रीडर हैं। 'संतो सह दुऔ हम दीठा' पुस्तक का सम्पादन किया है। तुलसी की सूक्तियों का सम्पादन - प्रकाशन किया है। आप के निर्देशन में भी शोधकार्य सम्पन्न हो रहा है।

श्री कमलकान्त बुधकर - हिन्दी विभाग में प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं। पत्रकार तथा कवि हैं। भारतीय संस्कृति संस्थान फ्रांक फुर्ट के निमंत्रण पर जर्मनी गए। फ्रांस, बैल्जियम, हालैण्ड तथा इंग्लैण्ड की यात्रा की। पसाओ और म्यूल हाइम की संगोष्ठियों में भाग लिया। आल इन्डिया कार्टूनिस्ट सेमिनार बैंगलोर में पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया। 'पुनि जहाज पै आवै' अभिनन्दन ग्रन्थ का सम्पादन किया। पत्रकारिता के छात्रों की 'भोपाल की प्रशिक्षण यात्रा' का मार्गदर्शन किया।

शोध कार्य की दिशा - हिन्दी विभाग में सम्पन्न शोध कार्य परिमाण तथा गुणवत्ता की दृष्टि से उल्लेखनीय है। भाषा विज्ञान, शैली विज्ञान, मध्यकालीन साहित्य, आर्यसमाज के साहित्यकार तथा हिन्दी लेखन एवं हिन्दी के सैद्धान्तिक, कार्यालयीन एवं तकनीकी विज्ञान संदर्भ जैसे विषयों पर हिन्दी शोध को केन्द्रित करने का प्रयत्न किया जा रहा है।

♦♦♦

अंग्रेजी विभाग

सत्र १९९९-२००० की अवधि में अंग्रेजी विभाग में अध्यापन एवं शोध कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। विभाग में अंग्रेजी जगत के यशस्वी विद्वान विभिन्न विश्वविद्यालयों से विभिन्न कार्यार्थ पधारे। विभागाध्यक्ष **श्री एस.एस. भगत** को देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में आमंत्रित किया गया। श्री भगत के निर्देशन में दो शोधार्थिओं ने पी.एच.डी. उपाधि हेतु अपने शोध प्रबन्ध पूर्ण किये। विगत वर्षों की

भाँति आपने अन्य विश्वविद्यालय के शोधार्थियों का भी बाह्रय निर्देशक के रूप में निर्देशन किया।

प्रो० एम.आर. वर्मा ने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में आयोजित गोष्ठी में अपना शोध लेख "Arun Joshi's the Apprentice : Anatomy of Corruption" पढ़ा हाल ही में प्रो० वर्मा की एक पुस्तक The Alien Land प्रकाशित हुई है। आपके निर्देशन में कई शोधार्थी कार्य कर रहे हैं।

डा० श्रवण के. शर्मा, रीडर U.G.C. Minor Project पर शोध कार्य कर रहे हैं। डा० शर्मा द्वारा साइमन फ्रेजर विश्वविद्यालय, कनाडा में Modren Canadian Poetry पर किया गया प्रोजेक्ट प्रकाशन प्रक्रिया में हैं। हेमवती नन्दनबहुगुणा वि०वि० श्री नगर गढ़वाल के अंग्रेजीविभाग द्वारा सम्पादित की जा रही पुस्तक Modern Women Writers in English में आपका शोध लेख "The Poetry of Jay Macpherson" सम्मिलित किया गया है। डा० शर्मा को हाल ही में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के एकैडेमिक स्टाफ कालेज के द्वारा अंग्रेजी रिफ्रेशर कोर्स में विषय विशेषज्ञ के रूप में Indian and Western Patics, Canadian Literature in English विषयों पर व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया गया, आपके निर्देशन में इस सत्र में दो शोधार्थियों ने पी.एच.डी. उपाधियाँ प्राप्त की हैं। तथा अन्य शोधार्थी शोध कार्य कर रहे हैं।

डा० अम्बुज शर्मा, रीडर के निर्देशन में एक शोधार्थी ने पी.एच.डी. उपाधि प्राप्त की हैं तथा अन्य कई शोधार्थी आपके निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के क्रिया-कलापों में में डा० शर्मा का योगदान विगत वर्षो की भाँति सराहनीय रहा।

डा० के.ए. अग्रवाल, वरिष्ठ प्रवक्ता ने वैदिक पथ का सम्पादन करते हुए स्वामी श्रद्धानन्द पर एक विशेषांक निकाला आपकी पुस्तक प्रकाशन प्रक्रिया में हैं। डा० अग्रवाल ने बरेली कालेज, बरेली एवं बनारस हिन्दू वि०वि वाराणसी में आयोजित गोष्ठियों में शोध लेख पढ़े। आपके निर्देशन में कई शोधार्थी शोध-कार्य कर रहे हैं।

मनोविज्ञान विभाग (वार्षिक विवरण 1999-2000)

शोध समिति :- मनोविज्ञान विभाग के अन्तर्गत इस सत्र में हुई शोध समिति की बैठकों में विभिन्न विश्वविद्यालयों से विशेषज्ञ पधारें शोध समिति की बैठक में कुल

वर्तमान कुलसचिव डा0 महावीर अग्रवाल

७ शोध विषय अनुसंधान कार्य के लिए स्वीकार किये गये। अनुसंधान का कार्य विभाग के सभी प्राध्यापक करा रहे है। विभाग मे कार्यरत सभी शिक्षकों की शैक्षणिक गतिविधियाँ तथा उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं :

प्रो० ओ०पी० मिश्र :-प्रो० ओ०पी० मिश्र, विभिन्न विश्वविद्यालयों की शोध समितियों बोर्ड ऑफ स्टडीज के विषय विशेषज्ञ हैं, प्रो० मिश्र के निर्देशन में ५ शोध छात्राओं ने अपना शोध कार्य पूरा किया तथा एक शोध छात्र ने अपना शोध प्रबंध जमा भी किया। प्रो० मिश्र ने दिसम्बर, १९९९ में कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा फरवरी, २००० में योग विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार द्वारा आयोजित एक कांफ्रेंस में भाग लिया एवं एक सत्र की अध्यक्षता भी की।

डा० एस० के० श्रीवास्तव :- डा० श्रीवास्तव ने २३-२४ जनवरी, २००० में कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया तथा एक शोध पत्र भी पढ़ा। शोध पत्र का विषय "A Study of Menopause in Relation to Feeling of Inferiority-insecurity and Depression" था। डा० श्रीवास्तव के निर्देशन में ७ छात्र शोध का कार्य कर रहे है। इस सत्र में ४ शोध छात्रों ने शोध कार्य हेतु अपना पंजीकरण डा० श्रीवास्तव के निर्देशन में कराया तथा एक शोध छात्रा को इसी सत्र में पी.एच.डी. उपाधि भी दी गयी। एम.ए. द्वितीय वर्ष के २ छात्रों ने अपना लघु-शोध प्रबंध डा० श्रीवास्तव के निर्देशन में पूरा किया। डा० श्रीवास्तव की एक पुस्तक "Leadership Edge and Organizational Consequences" विषय पर प्रकाशनाधीन है।

डा० सी०पी० खोखर :- डा० सी०पी० खोखर के २ शोध पत्र प्रकाशित हुए तथा १ शोध छात्रा ने अपना शोध कार्य डा० खोखर के निर्देशन में पूरा किया। डा० खोखर ने ६ राष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया तथा शोध पत्र भी पढ़ा। डा० खोखर ने एम०ए० के ४ छात्रों को लघु-शोध कार्य भी पूर्ण कराया। डा० खोखर ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित मार्च, २००० में Refresher Course में भाग लिया। इसके अतिरिक्त डा० खोखर के निर्देशन में ४ छात्र शोध कार्य कर रहे हैं।

♦♦♦

प्रौढ़ सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग

प्रौढ़ सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग गुरुकुल कॉगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार की स्थापना सन् १९८३ में की गयी थी। इस परियोजना के अन्तर्गत ३० प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों की स्वीकृति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त हुई थी। परियोजना के संचालन हेतु विश्वविद्यालय ने एक समन्वयक की नियुक्ति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार की। सन् १९८४ में विश्वविद्यालय ने एक परियोजना अधिकारी तथा एक सहायक निर्देशक की स्वीकृति दी।

यह कार्यक्रम प्रथम चरण में जगजीतपुर, अजीतपुर, जमॉलपुर, एक्कड़ मिस्सरपुर, बहादरपुर जट्ट, श्यामपुर कॉगड़ी, सजनपुर हरिद्वार तथा कनखल की बस्तियों में संचालित किया गया। प्रतिवर्ष १८०० लोगों को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया। विभाग द्वारा साक्षरता कार्य के साथ-साथ प्रौढ़ शिक्षा अनुदेशक/अनुदेशिका प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा सेमीनार भी आयोजित किये गये। सन् १९८६ में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इसे शैक्षिक विभाग का दर्जा दिया तथा इसके अन्तर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण, शोध-कार्य का समावेश किया।

५ मई सन् १९८८ में राजीव गांधी सरकार ने साक्षरता मिशन की स्थापना की, जिसका उद्देश्य और दायित्व सम्पूर्ण साक्षरता प्रदान करना था। विभाग को १९८९ में मेन्टेनेस अनुदान में रखा गया जिसके आधार पर इस विभाग ने १९८९ में स्थायित्व प्राप्त कर लिया। विभाग अन्य शैक्षिक विभागों की तरह कार्य कर रहा है।

आठॅवी पंचवर्षीय योजना में विभाग द्वारा किये गये कार्य के आकॅलन के आधार पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा फेज ११ में रखा गया। वर्तमान में विभाग में सतत् शिक्षा के अन्तर्गत लघु प्रशिक्षण छः माह के व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं ओरियेन्टेशन तथा प्रसार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। सन् १९९९-२००० में २४ लघु प्रशिक्षण आयोजित किये गये जिनमें ८३४ प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। विभाग द्वारा संचालित छः माह के प्रशिक्षणों में लगभग ६० प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

♦♦♦

मुख्य अतिथि श्री जयसिंग राव गायकवाड़ पाटील

पुस्तकालय विभाग का परिचय

प्राच्य विद्याओं से सम्बद्ध साहित्य की दृष्टि से समृद्ध इस पुस्तकालय की निम्न संग्रहों के अन्तर्गत रखा गया है :-

संदर्भ संग्रह, पत्रिका संग्रह, आर्यसाहित्य संग्रह, आयुर्वेद संग्रह, विभिन्न विषयों का हिन्दी संग्रह, विज्ञान संग्रह, अंग्रेजी साहित्य संग्रह, पं० इन्द्रजी संग्रह, दुलर्भ पुस्तक संग्रह, पांडुलिपि संग्रह, गुरुकुल प्रकाशन संग्रह, प्रतियोगितात्मक पुस्तक संग्रह, शोध प्रबन्ध संग्रह, रुसी साहित्य संग्रह, आरक्षित पाठ्य पुस्तक संग्रह, उर्दू पुस्तक संग्रह, मराठी संग्रह, गुजराती संग्रह, गुरुकुल प्राध्यापक एवं स्नातक संग्रह, मानचित्र संग्रह, पुस्तकालय वाङमय सेवा संग्रह, विश्वविद्यालय प्रकाशन संग्रह, वेदमंत्र कैसेट संग्रह।

सदस्य संख्या : वर्ष १९९९-२००० में पुस्तकालय सदस्य संख्या १०३९ रही।

पुस्तकालय की विशिष्टतायें :

यह पुस्तकालय देश का एकमात्र ऐसा पुस्तकालय है जहां आर्यसमाज की पुस्तकों का संग्रह एक पृथक वीथिका के रूप में किया गया है। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के स्नातकों एवं प्राध्यापकों द्वारा लिखित पुस्तकों का एक पृथक प्रकोष्ठ पुस्तकालय में बनाया हुआ है। पुस्तकालय का संदर्भ विभाग प्राच्य विद्याओं के सभी प्रमुख संदर्भों को समेटे हुए है।

पत्रिका विभाग :

विश्वविद्यालय पुस्तकालय द्वारा आलोच्य वर्ष १९९९-२००० में २९८ पत्रिकायें मंगवाई गई जिनमें से २९ पत्रिकायें विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं के विनिमय में प्राप्त हुई हैं।

सन्दर्भ विभाग :

सन्दर्भ विभाग में केवल शोध छात्र/छात्राओं एवं स्नातकोत्तर छात्र/छात्राओं को ही प्रवेश की अनुमति है।

अधिग्रहण विभाग :

आलोच्य वर्ष में ३,३०,५५९.९६ रूपयों की ११९८ पुस्तके नई क्रय की गई। भारत सरकार तथा उ०प्र० सरकार द्वारा लगभग १९,२४९.५० रूपयों की ५७५ पुस्तकें भेटस्वरूप प्राप्त हुई है।

पुस्तकालय कम्प्यूट्रीकरण सेवा :

विश्वविद्यालय पुस्तकालय को यू०जी०सी से पुस्तकालय की कम्प्यूट्रीकरण किये जाने हेतु एक विशेष योजना स्वीकृत हुई है जिसमें ६.५ लाख रूपये का अनुदान प्राप्त हुआ है। पुस्तकालय के सम्पूर्ण संग्रह को कम्प्यूटर पर जानकारी दिये जाने हेतु डेटाबेस बनाये जाने का कार्य तीव्र गति से चल रहा है तथा निकट भविष्य में कम्प्यूटर की स्क्रीन पर सभी उपलब्ध पुस्तकें आ जायेगी। पुस्तकालय में नेटवर्किंग के द्वारा देश के अन्य पुस्तकालयों में उपलब्ध पुस्तकों के बारे में भी जानकारी प्राप्त हो सकेगी। पुस्तकालय कम्प्यूट्रीकरण सेवा के द्वारा अब तक १५००० पुस्तकों का डेटाबेस तैयार कर लिया गया है तथा थिसिस एवं करन्ट लिस्ट ऑफ पेरियोडिक्स २००० का कार्य प्रगति पर है।

प्रतियोगात्मक परीक्षा सेवा :

विश्वविद्यालय पुस्तकालय में प्रतियोगिता परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्रों हेतु एक पृथक संग्रह स्थापित है जिसमें १५०० पुस्तकें हैं। प्रतियोगिता परीक्षा से सम्बद्ध पत्रिकायें भी मंगवाई जा रहीं है।

पुस्तकालय के द्वारा वर्ष 1999-2000 में निम्न विशिष्ट कार्य किये गये :

१. पुस्तकालय कम्प्यूट्रीकरण सेवा के अन्तर्गत कुल १५,००० पुस्तकों का डेटाबेस का कार्य पूर्ण किया गया।

२. पुस्तकालय के कर्मचारियों को कम्प्यूटर का प्रशिक्षण दिये जाने हेतु अन्य स्थानों पर भेजा गया। इसके अन्तर्गत पुस्तकालय कर्मचारी श्री मिथिलेश कुमार को विशेष कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु इन्डियन स्टैटिकल इन्सटिट्यूट, बैंगलोर भेजा गया।

३. अन्य पुस्तकालयों से सहयोग एवं पाठकों की आवश्यकतानुसार इन्टर लाइब्रेरी लोन पर पुस्तकें उपलब्ध कराया जाना।

४. पुस्तकालय का उपयोग अन्य विश्वविद्यालय के शोध छात्रों ने भी किया।

५. इस वर्ष फरवरी २००० में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में विश्वविद्यालय के प्रकाशनों को पुस्तकालय के द्वारा प्रदर्शित किया गया।

पुस्तकालय में मुख्य अतिथि

श्रद्धानन्द अनुसन्धान प्रकाशन केन्द्र

विश्वविद्यालय पुस्तकालय के अन्तर्गत श्रद्धानन्द अनुसंधान प्रकाशन केन्द्र द्वारा डा० विष्णुदत्त राकेश के निर्देशन में चल रहे प्रकाशित पुस्तकों द्वारा आलोच्य वर्ष में ५१,४०६.०० रूपये की आमदनी हुई तथा जिनमें से ४०,५३७.०० रू० की ३०७ पुस्तके विनिमय में प्राप्त हुई। अब तक कुल ३,१६,०६१.५० रू० की बिक्री विश्वविद्यालय को इन प्रकाशनों से हुई है। अनुसंधान प्रकाशन केन्द्र के अब तक के प्रकाशन है :-

१. क्लासिकल राइटिंग ऑन वैदिक एण्ड संस्कृत लिट्रैचर २.वैदिक साहित्य संस्कृति एवं समाज दर्शन३.वेद का राष्ट्रीय गीत ४. वेद और उसकी वैज्ञानिकता

५. शोध सारावली ६. श्रुतिपर्णा ७. स्वामी श्रद्धानन्द ८. दीक्षालोक ६. भारतवर्ष का इतिहास - भाग प्रथम एवं द्वितीय १०. कुलपुत्र सुनें ११. स्वामी श्रद्धानन्द के सम्पादकीय लेख १२. स्वामी श्रद्धानन्द की सम्पादकीय टिप्पणियां १३. स्वामी श्रद्धानन्द : एक विलक्षण व्यक्तित्व १४. स्वामी श्रद्धानन्द : समग्र मूल्यांकन १५. पं० इन्द्र विद्यावाचस्पति १६. प्रगति के बिम्ब

इस वर्ष श्रद्धानन्द अनुसंधान प्रकाशन केन्द्र, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार द्वारा डा० भवानीलाल भारतीय जी द्वारा लिखित ग्रन्थ "हिन्दी काव्य को आर्य समाज की देन" का प्रकाशन किया गया।

राष्ट्रीय छात्र सेना (एन. सी. सी.)

उपक्रम - १/३१ यू. पी. एन. सी. सी. कम्पनी

वर्तमान में १/३१ यू. पी. एन.सी.सी. कम्पनी गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय को एन.सी.सी. मुख्यालय लखनऊ से दो प्लाटून की स्वीकृति है जिसके अन्तर्गत विश्वविद्यालय के १०२ छात्र कैडट के रूप में पंजीकृत हैं।

इस सत्र में भी एन.सी.सी. के प्रथम वर्ष के प्रशिक्षण हेतु विश्वविद्यालय के छात्रों का चयन एन.सी.सी. कैडट के रूप में विश्वविद्यालय प्रांगण में एन.सी.सी. आफिसर कैप्टन डा. राकेश शर्मा एवं ३१ यू. पी. एन. सी. सी. बटालियन के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विश्वविद्यालय के कैडेटस का सत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बी.एच.ई.एल. के परेड ग्राउण्ड व विश्वविद्यालय परिसर में चला।

गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी एन.सी.सी. की 'बी' तथा 'सी' प्रमाण पत्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत क्रमशः ७५ एवं ६० रहीं। यह प्रमाण पत्र २६ जनवरी गणतन्त्र दिवस के अवसर पर माननीय कुलपति डा. धर्मपाल द्वारा कैडट्स को वितरित किये गये।

राष्ट्रीय सेवा योजना

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के इस सत्र (१६६६-२०००) में २१६ छात्र पंजीकृत किये गये। इस सत्र में डा० विनोद कुमार सिंह, प्रवक्ता, प्रबन्धन संकाय को राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी बनाया गया। जिन्होंने डा. प्रकाश चन्द्र जोशी के स्थान पर कार्यभार ग्रहण किया। इस वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने गढ़वाल क्षेत्र के चमोली जनपद में मार्च १६६६ में आये विनाशकारी भूकम्प के बाद डा० बी० डी० जोशी के निर्देशन में जून में इस क्षेत्र का दस दिवसीय दौरा किया और भूकम्प की त्रासदी तथा इस दौरान भूकम्प पीड़ितो को दी गई राहत के बारे में तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त की। इस दौरान छात्रों ने ग्राम गैर, टंगसा, दुगड़ी, गोपेश्वर, चमोली आदि गांवो का गहनता से सर्वेक्षण किया तथा गांव की पीड़ित जनता से सम्पर्क कर उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया। रा० से० यो० के छात्रों द्वारा किये गये कार्यो की वहाँ के अधिकारियों एवं जनता ने बहुत प्रशंसा की। इस सत्र में रा० से० यो० के छात्रों द्वारा अगस्त माह में जन्तु एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रांगण में लगभग ३०० से अधिक औषधीय पौधे लगाये गये। छात्रों ने भारत सरकार द्वारा आयोजित पल्स पोलियों अभियान के द्वितीय चरण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसकी जानकारी देते हुए कार्यक्रम अधिकारी डा० देवेन्द्र गुप्ता और विनोद कुमार सिंह ने बताया कि रा० से० यो० के लगभग ११० छात्रों ने कनखल, हरिद्वार तथा ज्वालापुर के विभिन्न इलाकों में जाकर ४००० से अधिक बच्चों को पोलियों की दवाई पिलाई। इस वर्ष रा०से०यो० के एक छात्र प्रीतपाल सिंह (B.Sc IInd year) ने दस दिन के एक प्रादेशिक शिविर, आगरा में भाग लिया, जिसका चयन २६ जनवरी की गणतन्त्र दिवस की परैड के लिए किया गया।

प्रबन्धन संकाय

दीवान चन्द्र ट्रस्ट दिल्ली के सहयोग से चल रहे प्रबंधन संकाय की वर्ष १६६६-२००० की गतिविधियाँ निम्न प्रकार से रही है :-

"२१ वी सदी में प्रबन्धक एवं भौमकीय व्यापारिक वातावरण" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन प्रबन्धन संकाय में किया गया। इस संगोष्ठी में विभिन्न प्रदेशों के लगभग ६० प्रतिनिधियों ने भाग लिया और शोध-पत्र प्रस्तुत किये। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में गुजरात हैवी कैमिकल्स लि० के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री के०के० आहूजा ने मानव संसाधन विकास के मॉडल विषय पर भाषण दिया। इसके अतिरिक्त सोलस फार्मास्यूटिकल्स लि० (रैनबैक्सी डिवीजन) की क्षेत्रीय व्यावसायिक प्रबन्धक सुश्री जसविन्दर कौर, सिपला फार्मास्यूटिकल्स लि० की सुश्री मधुलिका नंदवानी, आई०आई०टी०, नई दिल्ली के प्रो० सुशील एवं हिन्दुस्तान कोका-कोला बिवरेज प्रा० लि० के असिस्टैंट जनरल मैनेजर श्री अनुपम लाल ने भी अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किये।

श्री एस०सी० धमीजा, डीन, प्रबन्धन संकाय ने कृभको के प्रशिक्षण सत्र के दौरान "Group Dynamics" विषय पर विशिष्ट व्याख्यान प्रस्तुत किया एवं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Attitude of Parents Towards Mentally Related Wards" विषय पर एक शोध-पत्र प्रस्तुत किया। आपके निर्देशन में इस वर्ष दो शोध छात्रों ने पी.एच.डी. का कार्य पूर्ण करके मूल्याकंन के लिए प्रस्तुत कर दिया। इसके अतिरिक्त ०५ अन्य छात्र शोध कार्य कर रहे है।

श्री एस०पी० सिंह ने दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर के ऐकेडेमिक स्टॉफ कालेज से दिनांक १३.११.६६ से १०.१२.६६ तक अभिविन्यास पाठ्यक्रम में भाग लिया तथा कृभको के प्रशिक्षण सत्र के दौरान "Significance of Communication" विषय पर विशिष्ट व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय में योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार में भाग लिया एवं "Meditation -- A Managerial Strategy" विषय पर अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

डॉ विवेक साहनी ने दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर के एकेडेमिक स्टॉफ कालेज से दिनांक १३.११.६६ से १०.१२.६६ तक अभिविन्यास पाठ्यक्रम में भाग लिया।

श्री पंकज मदान ने शिमला विश्वविद्यालय, शिमला के एकेडेमिक स्टॉफ कालेज

से माह फरवरी-मार्च, २००० में अभिविन्यास पाठ्यक्रम में भाग लिया।

डॉ वी०के० सिंह ने आइ०सी०ए० द्वारा "Global Challanges in Boundaryless Nation" विषय पर दिनांक ८-६ जनवरी, २००० को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया और "Are Leadership style predictive of Managerial Effectiveness" विषय पर अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया। Prestige Institute of Management & Research, Indore द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया इसके अतिरिक्त २५३ वीं आई.सी.ए. द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया और "Marketing of Services--A ground level view" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया। रूड़की विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक ०५ फरवरी, २००० को "Knowledge Management" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार में भाग लिया और "Management Education in 21st Century" विषय पर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

डॉ० अनिल कुमार धीमान ने आई०एल०ए० द्वारा आयोजित लाईब्रेरी कॉन्फ्रेंस में दिनांक २३-२६ दिसम्बर, ६६ को भाग लिया एवं "Implementation of TQM in Library & Information Centres" विषय पर अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया। दिनांक १६-१८ फरवरी, २००० को मद्रास विश्वविद्यालय, चेन्नई में आयोजित CALIBER-2000 संगोष्ठी में भाग लिया एवं "LAN-An overview" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त जुलाई-अगस्त, ६६ में INFLIBNET, Ahmedabad द्वारा आयोजित "Application of Computers in Library & Information Services" नामक कम्प्यूटर प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय की ओर से सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस वर्ष उनके द्वारा वनस्पति विज्ञान पर एक पुस्तक "Medicinal Plants & Raw Drugs of India" (By Dr. P. Kaushik & Dr. A. K. Dhiman) भी प्रकाशित हुई।

हवन करते हुए मुख्य अतिथि, श्रीमती गायकवाड़, प्रो० शेर सिंह

विज्ञान महाविद्यालय

पं जवाहर लाल नेहरू, प्रथम प्रधान मंत्री भारत सरकार द्वारा उद्घाटित विज्ञान महाविद्यालय में तीन संकाय सन्निहित हैं। विज्ञान संकाय, जीव विज्ञान संकाय तथा प्रौद्यौगिकी संकाय। सम्प्रति विज्ञान महाविद्यालय के प्रिंसिपल प्रो० एस० एल० सिंह है।

विज्ञान संकाय के अन्तर्गत (१) गणित एवं सांख्यिकी विभाग (२) रसायन विज्ञान तथा (३) भौतिकी विज्ञान है।

जीव विज्ञान संकाय के अन्तर्गत जन्तु एवं पर्यावरण विज्ञान तथा वनस्पति एवं सूक्ष्म जीविज्ञान हैं। बी.एस.सी. स्तर तक 'औद्योगिक सूक्ष्म जीव विज्ञान' व्यावसायिक पाठ्यक्रम चलाया जा रहा है।

प्रौद्योगिकी संकाय के अन्तर्गत सम्प्रति कम्प्यूटर विभाग है।

♦♦♦

विज्ञान संकाय

विज्ञान संकाय के अन्तर्गत रसायन, भौतिकी और गणित विभाग की स्नातकोत्तर एवं स्नातक स्तर कक्षाएँ तथा कम्प्यूटर विज्ञान की स्नातकीय कक्षायें चलायी जा रही हैं। ४०० से अधिक छात्र एम० एस० सी० रसायन, एम० एस० सी० भौतिकी एवं एम० एस० सी० गणित और बी० एस० सी० भौतिकी, रसायन, गणित, बी० एस० सी० भौतिकी, कम्प्यूटर विज्ञान, गणित और बी० एस० सी० भौतिकी, सॉख्यिकी, गणित विषयों में पंजीकृत हैं। संकाय के छात्र केवल अध्ययन में ही नही वरन खेलों में भी अग्रणी हैं। अनेक अन्तर संकाय ट्राफियाँ विज्ञान संकाय के छात्रों द्वारा जीती गयी हैं। विज्ञान के स्नातक छात्रों के लिए तीनों वर्षो के पाठ्यक्रम में धर्म दर्शन एवं संस्कृति के एक पाठयक्रम को भी शामिल किया गया है ताकि छात्रों को आधुनिक विज्ञान के साथ - साथ गौरवपूर्ण भारतीय संस्कृति का ज्ञान भी भलीभाँति रहें।

♦♦♦

विज्ञान छात्रावास

मनोविज्ञान विभाग के डा० एस० के० श्रीवास्तव को छात्रावास अध्यक्ष का दायित्व दिया हुआ है। विश्वविद्यालय के अन्दर आधुनिक पाठ्यक्रम से सम्बन्धित

विषय छात्रों को पढ़ाये जा रहे है, जिससे बाहर से आने वाले छात्रों की संख्या बढ़ी है। बाहर से आने वाले छात्रों की संख्या को देखते हुए छात्रावास का निरन्तर विकास किया जा रहा है वर्तमान में छात्रावास के अन्दर १०० छात्रों के रहने की व्यवस्था है तथा छात्रों के लिए मैस की भी सुविधा छात्रावास में है। छात्रावास में सभी संकायों के छात्रों की आवास सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।

गणित एवं सांख्यिकी विभाग

विभाग में संप्रति निम्न पाठ्यक्रम चल रहे हैं :-

१) बी० एस० सी० स्तर पर गणित

२) बी० एस० सी० स्तर पर सॉख्यिकी

३) स्नातकोत्तर स्तर पर गणित (व्यावसायिक गणित के साथ)

आगामी सत्र से Information System पर बल देते हुए नया पाठ्यक्रम प्रस्तावित किया जा रहा है। सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत १६ पाठ्यक्रम पढ़ाये जा रहे हैं जिनमें से दो पाठ्यक्रमों में प्रयोगशाला कार्य भी सम्मिलित है।

विभाग में १६-१६ दिसम्बर १६६६ में हिस्ट्री आफ मैथेमेटिक्स पर एक इन्टरनेशनल कॉन्फ्रेन्स आयोजित की गयी जिसमें देश-विदेश के विद्वानों ने भाग लिया।

विभाग के कुछ सदस्यों ने अन्य विश्वविद्यालयों में आयोजित कान्फ्रेन्स/वर्कशाप में भाग लिया। विभाग के शिक्षकों के निर्देशन में कुछ शोधार्थी पंजीकृत हुए कुछ शोधार्थियों का शोध-कार्य पूर्ण हुआ। विभाग के शिक्षकों का व्यक्तिगत विवरण निम्न है

प्रो0 श्यामलाल सिंह

स्नातकोत्तर पाठ्क्रमों के अध्यापन तथा आधुनिक विद्या की गणित "Set Valued Analysis" एवं वैदिक गणित पर शोध निदेर्शन में चार दिवसीय सम्मेलन (१६-१६ दिसम्बर, १६६६) का प्रमुख उद्देश्य आर्यभटट की "आर्यभटीयम्" के पन्द्रह सौ वर्ष पूरा होने पर वैदिक गणित सहित गणित के इतिहास पर विशिष्ट विद्वानों द्वारा परिचिर्चा होना था। स्थानीय सचिव का कार्य प्रो० सिंह ने किया। "प्राकृतिक एवं भौतिकीय विज्ञान शोध पत्रिका" तथा गुरुकुल कांगड़ी विज्ञान पत्रिका "आर्यभट्ट" के प्रधान सम्पादक का कार्य किया। नये शोध प्रपत्र प्रकाशित हुए एवं नये शोध प्रपत्र प्रकाशनार्थ संचारित हुए।

हवन करते हुए प्रो० शेर सिंह, डा० धर्मपाल, श्री सूर्यदेव

डॉ0 वीरेन्द्र अरोड़ा (अध्यक्ष)

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के अध्यापन तथा वैदिक गणित पर शोध निर्देशन का कार्य किया। विभाग द्वारा आयोजित अन्तरार्ष्ट्रीय सम्मेलन (१६-१६ दिसम्बर, १६६६) की सफलता हेतु यथाशक्ति सहयोग दिया। डॉ० अरोड़ा ने सम्मेलन में शोधपत्र प्रस्तुत किया। कुछ शोधपत्र प्रकाशित हुए।

डॉ विजयेन्द्र कुमार शर्मा

विभाग द्वारा दिसम्बर १६-१६, १६६६ के दौरान आयोजित "इन्टरनेशनल आन हिस्ट्री आफ मैथेमेटिक्स" में कार्य किया। इस कॉन्फ्रेन्स में एक शोध-पत्र भी प्रस्तुत किया। एक पुस्तक "कोआर्डिनेट सोलिड ज्योमेट्री" प्रकाशित हुई। एक शोध पत्र प्रकाशनार्थ स्वीकृत हुआ। तीन शोध छात्र निर्देशन में शोधकार्यके लिए पंजीकृत हैं। इस वर्ष में भी शोधकार्य के लिए एक पंजीकरण हुआ है।

डॉ महिपाल सिंह

अगस्त १६-२७, १६६६ में दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित वेवलेट थ्योरी विषय "इन्टरनेशनल वर्कशॉप" में भाग लिया। दिसम्बर १६-१६, १६६६ में विभाग द्वारा आयोजित आई० सी० एच० एम० में भाग लिया। दिसम्बर २०-२३, १६६६ में रीवां विश्वविद्यालय में आयोजित ६५ वीं आई० एम० एस० कॉन्फ्रेन्स में भाग लिया तथा शोधपत्र प्रस्तुत किया। इनके निर्देशन में एक छात्र को शोध उपाधि प्रदान की गयी तथा तीन छात्र शोधकार्य हेतु पंजीकृत हुए।

डॉ प्रभाकर प्रधान

१६-२७ अगस्त, १६६६ में दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित वेवलेट थ्योरी विषय पर "इन्टरनेशनल वर्कशाप" में भाग लिया। १६-१६ दिसम्बर, १६६६ में विभाग द्वारा आयोजित इन्टरनेशनल कॉन्फ्रेन्स आन हिस्ट्री आफ मैथेमेटिक्स के आयोजन में सक्रिय कार्य किया। गुरुकुल कांगड़ी विज्ञान पत्रिका "आर्यभट" के सम्पादकीय सचिव का भी कार्य देख रहे है।

भौतिकी विभाग

